# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, गुरुवार 24 जुलाई 2025 ● श्रावण कृष्ण पक्ष 14, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 107 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.8 | 24.0 |
| डालटनगंज | 34.6 | 25.7 |
| धनबाद | 34.6 | 28.5 |


तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# आयोग ने शुरू की उपराष्ट्रपति चुनाव की तैयारी, कहा-जल्द घोषित होगा कार्यक्रम

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद चुनाव आयोग एक्शन मोड में आ गया है. आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है. आयोग ने बुधार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव से संबंधित तैयारियां शुरू कर दी हैं. तैयारी संबंधी गतिविधियां पूरी होने के बाद जल्द ही उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी. जगदीप धनखड़ ने सोमवार को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था. मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके इस्तीफे को स्वीकार कर लिया था. चुनाव आयोग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि गृह मंत्रालय ने 22 जुलाई को एक अधिसूचना के जरिए भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे की सूचना दी है. इसमें कहा गया कि चुनाव आयोग को अनुच्छेद 324 के तहत भारत के उपराष्ट्रपति पद के चुनाव कराने का अधिकार प्राप्त है. यह चुनाव राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव अधिनियम 1952 और इसके तहत बने नियमों (राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव नियम 1974) द्वारा कराया जाता है.

आयोग ने कहा कि हमने उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 से संबंधित तैयारियां शुरू कर दी हैं. तैयारियां पूरी होने के बाद उपराष्ट्रपति पद के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी. आयोग ने कहा कि निर्वाचक मंडल की तैयारी, जिसमें राज्यसभा एवं लोकसभा के निर्वाचित



तथा मनोनीत सदस्य शामिल होते हैं शुरू कर दी गई है. इसके अलावा रिटर्निंग ऑफिसर / सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति को अंतिम रूप दिया जा रहा है. आयोग ने कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति चुनावों से संबंधित जानकारियों और रिकॉर्ड को देखा जा रहा है.

**कैसे होगा अगले उपराष्ट्रपति का चुनाव :** उपराष्ट्रपति चुनाव में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सांसद, राज्यसभा में मनोनीत 12 सांसद और लोकसभा के 543 सांसद वोट डाल सकते हैं. इस तरह के कुल 788 लोग वोट डाल सकते हैं. हालांकि, चुनाव आयोग जब उपराष्ट्रपति चुनाव की तारीखों का एलान करेगा, तब वह लोकसभा और राज्यसभा में सभी मौजूदा सदस्यों की गिनती करेगा. संविधान के अनुच्छेद 66 में उपराष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया का जिक्र है. यह चुनाव अनुपातिक प्रतिनिधि पद्धति से किया जाता है, जो कि लोकसभा या विधानसभा चुनाव की वोटिंग प्रक्रिया से बिल्कुल अलग है. उपराष्ट्रपति चुनाव में वोटिंग सिंगल ट्रांसफरेबल वोट सिस्टम से होती है.

**उपराष्ट्रपति की उम्मीदवारी कब स्वीकार होती है :** चुनाव में खड़े होने के लिए किसी भी व्यक्ति को कम से कम 20 संसद सदस्यों को प्रस्तावक और कम से कम 20 संसद सदस्यों को समर्थक के रूप में नामित कराना होता है. उपराष्ट्रपति का प्रत्याशी बनने के लिए 15 हजार रुपए की जमानत राशि जमा करनी होती है. नामांकन के बाद फिर निर्वाचन अधिकारी नामांकन पत्रों की जांच करता है और योग्य उम्मीदवारों के नाम बैलट में शामिल किए जाते हैं.

**राष्ट्रपति चुनाव से कितना अलग है उपराष्ट्रपति का चुनाव :** उपराष्ट्रपति चुनाव में संसद के दोनों सदनों के सदस्य वोट डालते हैं. इनमें राज्यसभा के मनोनीत सदस्य भी शामिल होते हैं. राष्ट्रपति चुनाव में निर्वाचित सांसद और सभी राज्यों के विधायक मतदान करते हैं. राष्ट्रपति चुनाव में मनोनीत सांसद वोट नहीं डाल सकते हैं, लेकिन उपराष्ट्रपति चुनाव में ऐसा नहीं है. उपराष्ट्रपति चुनाव में ऐसे सदस्य भी वोट कर सकते हैं.

## पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ के इस्तीफे की वजह बताए केंद्र सरकार : मल्लिकार्जुन खरगे



पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया. विपक्ष लगातार धनखड़ के पद छोड़ने पर सवाल उठा रहा है. इसी बीच अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का इस मामले में बयान आया है. उन्होंने कहा कि इस इस्तीफे के पीछे स्वास्थ कारण नहीं लगते है. ऐसे में सरकार को जवाब देना चाहिए कि उपराष्ट्रपति ने किन कारणों से इस्तीफा दिया है. विपक्षी नेताओं का कहना है कि धनखड़ ने सिर्फ स्वास्थ समस्याओं के चलते ही अपना पद नहीं छोड़ा है बल्कि इसके पीछे कोई अन्य कारण है, जो देश को पता होना चाहिए. खरगे ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, सरकार को जवाब देना चाहिए कि उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया. इसके पीछे क्या वजह है. उन्होंने आगे कहा कि, हमें तो लगता है दाल में कुछ काला है.

## ब्रीफ न्यूज

### पीएम मोदी ब्रिटेन और मालदीव की यात्रा पर

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ब्रिटेन और मालदीव के चार दिनी दौरे पर बुधवार को रवाना हुए. अपने दौरे के पहले चरण में पीएम मोदी 23-24 जुलाई को ब्रिटेन में रहेंगे, जहां उनके ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर से वार्ता और कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने हैं. मोदी इसके बाद 25-26 को मालदीव की यात्रा पर रहेंगे, जहां वे राष्ट्रपति मुइज्जू के आमंत्रण पर मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के समारोह में भाग लेंगे.

### नाटककार रतन थियम का मुंबई में निधन

**मुंबई।** प्रसिद्ध नाटककार और रंगमंच निर्देशक रतन थियम का निधन हो गया. उन्हें बीती मध्य रात लगभग 1:30 बजे इम्फाल स्थित रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली. भारतीय रंगमंच को नई पहचान देने वाले रतन थियम ने अपने करियर में कई ऐतिहासिक नाटकों का निर्देशन किया और भारतीय थिएटर को वैश्विक मंच पर सम्मान दिलाया. उनके निधन से थिएटर जगत में शोक की लहर है.

### गाजियाबाद की कोठी में मिला अवैध दूतावास

**गाजियाबाद।** यूपी के गाजियाबाद से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) नोएडा की टीम ने कविनगर में चल रहे अवैध दूतावास का भंडाभोड़ किया है. टीम ने अवैध दूतावास का संचालन करने वाले आरोपी हर्षवर्धन निवासी कविनगर को गिरफ्तार किया है. हर्षवर्धन जैन खुद को वेस्ट आर्कटिका, सबोरगा, पॉल्विया और लॉडोनिया देशों का कौंसिल एंबेसेडर बताता था, जबकि ऐसे नाम कोई देश नहीं हैं.

### दिल्ली और गुजरात से 4 आतंकी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** गुजरात एटीएस ने बड़ी आतंकी साजिश का खुलासा करते हुए अल कायदा इन इंडियन सबकांटिनेंट से जुड़े मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है. इस कार्रवाई में चार संदिग्ध आतंकियों को पकड़ा गया है. गुजरात एटीएस के मुताबिक, पकड़े गए आतंकियों में दो को गुजरात से, एक दिल्ली से और एक नोएडा से गिरफ्तार किया गया है. ये सभी एक्यूआईएस से जुड़े बताए जा रहे हैं. गिरफ्तार आतंकियों की पहचान सैफुल्लाह कुरैशी, मोहम्मद फर्दीन, और मोहम्मद फैक के रूप में हुई है.

### 5 साल बाद चीनियों को मिलेगा पर्यटक वीजा

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने पांच साल के लंबे अंतराल के बाद चीनी नागरिकों को पर्यटक वीजा जारी करने की घोषणा की है. यह प्रक्रिया 24 जुलाई से फिर से शुरू की जाएगी. बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने बुधवार को इस फैसले की जानकारी दी. गौरतलब है कि मार्च 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान संक्रमण की रोकथाम के लिए भारत ने सभी पर्यटक वीजा अस्थायी रूप से निलंबित कर दिए थे. इसके बाद से चीनी नागरिकों के लिए वीजा सेवा बंद थी.

## मानसून सत्र : तीसरे दिन भी हंगामे के बीच नहीं चली संसद

# ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में सोम-मंगल को 'शब्द-संग्राम'

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

ऑपरेशन सिंदूर पर अगले हफ्ते संसद में 'शब्द-संग्राम' छिड़ेगा. सोमवार को लोकसभा और मंगलवार को राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस होगी. मॉनसून सत्र के पहले दिन विपक्षी सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग को लेकर सरकार की घेरेबंदी की थी. विपक्ष के हंगामे के बीच उसी दिन संसद के दोनों सदनों में सरकार ने साफ कर दिया था कि वह चर्चा के लिए तैयार है. विपक्ष चर्चा के आखिर में पीएम मोदी के जवाब पर अड़ा हुआ था. पीएम मोदी के ब्रिटेन और मालदीव दौरे पर होने के कारण विपक्ष ने अपना मिशन 'ऑपरेशन सिंदूर' अगले हफ्ते तक टाल दिया था और सत्र के दूसरे दिन से रणनीति बदलते हुए बिहार वोटर लिस्ट के मुद्दे पर अपने वार को धार देना शुरू किया था. अब इस हफ्ते के आखिर में पीएम मोदी के विदेश से लौटने के बाद सोमवार और मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर दोनों सदनों में चर्चा होगी. राज्यसभा की व्यापार सलाहकार समिति (बीएसी) की बैठक में बुधवार को विपक्ष ने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग की. विपक्ष ने कहा कि इस मुद्दे पर राज्यसभा में अगले हफ्ते से दो दिन तक 16 घंटे की चर्चा होनी चाहिए और पीएम मोदी की मौजूदगी सुनिश्चित की जाए. यह बैठक मानसून सत्र के दौरान हुई, जिसमें विभिन्न दलों के नेता, राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू शामिल हुए. बैठक की अध्यक्षता राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने की.

**पीएम के विदेश में होने पर विपक्ष ने बदली रणनीति :** मॉनसून सत्र के शुरुआती तीन दिन काफी हंगामेदार रहे हैं. सत्र के पहले दिन जहां विपक्षी दलों ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा कराए जाने की मांग की वहीं इस सत्र के दूसरे और तीसरे दिन बिहार में मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाए जाने की कवायद पर विपक्ष हमलावर रहा. विपक्षी सांसदों ने पहलगाम हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे संवेदनशील मुद्दों पर प्रधानमंत्री के जवाब और सदन में चर्चा की भी मांग की थी. किरेन रीजीजू ने बताया कि बीएसी में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा का समय तय किया गया था, लेकिन विपक्ष सभी मुद्दों पर एक साथ चर्चा चाहता है. किरण रिजिजू ने कहा कि सरकार चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन विपक्ष हंगामा कर रहा है और देश के करदाताओं के पैसे और सदन का समय बर्बाद कर रहा है.



## काले कपड़ों में संसद पर प्रदर्शन

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

संसद के मॉनसून सत्र का बुधवार को तीसरा दिन था. बुधवार को भी सत्ता और विपक्ष के बीच खूब हंगामा हुआ, ऐसे में विपश के हंगामे के बीच सदन (लोकसभा और राज्यसभा) की कार्यवाही गुरुवार की सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई. बता दें कि पहले दो दिनों की तरह ही बुधवार की कार्यवाही भी दोनों सत्ता और विपक्ष के बीच टकराव के कारण बाधित रही. बुधवार को संसद परिसर में बिहार के एसआईआर को लेकर विपक्षी दलों ने एक बार फिर विरोध प्रदर्शन किया. इसमें लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी काले कपड़ों में नजर आए. विपक्ष ने एसआईआर अभियान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. बता दें कि संसद के मॉनसून सत्र के दौरान सबसे चर्चित मुद्दों में शामिल 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर चर्चा की तारीख तय की गई है. इसे लेकर अब राज्यसभा में 29 जुलाई को 16 घंटों तक चर्चा होगी.

**क्या बोले लोकसभा स्पीकर :** विपक्ष के रवैये पर आपत्ति जताते हुए अध्यक्ष ने कहा कि देश आपके व्यवहार और आचरण को देख रहा है. मुझे बैनर लाने वाले सदस्यों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करनी होगी. यह सदन चर्चा और संवाद के लिए है, नारेबाजी के लिए नहीं. सदन की मर्यादा बनाए रखें. विपक्ष की नारेबाजी के बीच राज्यसभा की कार्यवाही भी बाधित हुई और बाद में दोपहर तक के लिए स्थगित कर दी गई. विपक्षी नेता यह मांग कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री दोनों सदनों और राष्ट्र को महत्वपूर्ण मुद्दों पर संबोधित करें. जिनमें पहलगाम आतंकवादी हमला और आगामी विधानसभा चुनावों से पहले बिहार में चुनाव आयोग द्वारा की जा रही एसआईआर प्रक्रिया शामिल है. दोपहर 2 बजे के बाद भी संसद के दोनों सदनों में विपक्ष का हंगामा जारी रहा, तो कार्यवाही अगले दिन तक के लिए स्थगित कर दी गई.

### ये हैं विपक्ष की 4 मांगें

विपक्ष की यह भी मांग है कि पीएम मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच 'युद्धविराम' करने के बार-बार किए गए दावों पर प्रतिक्रिया दें. कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने बुधवार को विधानसभा चुनावों से पहले बिहार में चुनाव आयोग द्वारा की जा रही मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया पर चर्चा के लिए लोकसभा में एक स्थगन प्रस्ताव पेश किया. अपने नोटिस में, टैगोर ने एसआईआर प्रक्रिया को 'खतरनाक और असंवैधानिक' करार दिया. उन्होंने मोदी सरकार पर चुनाव आयोग का 'इस्तेमाल' करके बिहार में गरीबों और हाशिए पर पड़े समुदायों को मताधिकार से वंचित करने का आरोप लगाया. उधर, राज्यसभा सांसद संतोष कुमार पी, अखिलेश प्रसाद सिंह, सैयद नसीर हुसैन, रानानी अशोकराव पाटिल और रंजीत रंजन ने भी बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तत्काल मामले पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव प्रस्तुत किए. इसके अलावा, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी ट्रंप के दावे को लेकर सवाल खड़े किए. राहुल गांधी ने कहा कि ट्रंप आखिर इतनी बार यह बात क्यों कह रहे हैं?

- अपने नोटिस में, टैगोर ने एसआईआर प्रक्रिया को 'खतरनाक और असंवैधानिक' करार दिया



## राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राजभवन में दिलाई शपथ

# चीफ जस्टिस ने संभाला पदभार

**शुभम संदेश। रांची**

जस्टिस तरलोक सिंह चौहान झारखंड हाइकोर्ट के नये मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं. बुधवार को राजभवन में सुबह 10 बजे से आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने नये मुख्य न्यायाधीश को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. शपथ ग्रहण समारोह में जस्टिस तरलोक सिंह चौहान के परिजनों के साथ-साथ राजनीतिक क्षेत्र से जुड़ी नामचीन हस्तियों के अलावे न्यायपालिका से जुड़े बड़ी संख्या में न्यायविद मौजूद रहे. शपथग्रहण के बाद राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर नये मुख्य न्यायाधीश को बधाई दी. शपथग्रहण समारोह में मौजूद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी नये मुख्य न्यायाधीश को बधाई दी. शपथग्रहण समारोह में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के अलावे विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो, राज्य सरकार के कई मंत्री और झारखंड हाइकोर्ट के कई न्यायाधीश मौजूद रहे. गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश के शिमला जिला के रोहड़ू से संबंध रखने वाले जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को झारखंड के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्रन के त्रिपुरा हाईकोर्ट में तबादले के बाद चीफ जस्टिस नियुक्त किया गया है.



### झारखंड के 17वें मुख्य न्यायाधीश बने चौहान

जस्टिस तरलोक सिंह चौहान झारखंड हाईकोर्ट के 17वें मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं. राजभवन स्थित बिरसा मंडप में आयोजित शपथग्रहण स्थल को इस मौके पर विशेष रूप से सजाया गया. कार्यक्रम के बाद वे सीधे हाईकोर्ट के लिए रवाना हुए और मुख्य न्यायाधीश के रुप में कार्यभार संभाला. जस्टिस तरलोक सिंह चौहान हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में वरिष्ठतम न्यायाधीश थे. उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा शिमला से पूरी की थी. इसके बाद पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से कानून की पढ़ाई की. वर्ष 1989 में उन्होंने हिमाचल प्रदेश स्टेट बार काउंसिल में बतौर अधिवक्ता नामांकन कराया और वकालत शुरू की.झारखंड हाई कोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने नये मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान का स्वागत करते हुए उम्मीद जताते हुए कहा कि इनके नेतृत्व में हाईकोर्ट में लंबित केसों की सुनवाई में तेजी आएगी और जजों के रिक्त पदों को भरे जाने की उम्मीद है. गौरतलब है कि तरलोक सिंह चौहान का कार्यकाल जनवरी 2026 तक का है. मुख्य न्यायाधीश के रूप में जस्टिस चौहान के आगमन से न्यायिक प्रणाली में नई ऊर्जा और दिशा आने की उम्मीद जताई जा रही है. न्यायिक समुदाय और अधिवक्ताओं के बीच उनके स्वागत को लेकर उत्साह का वातावरण देखा गया.

### विस का मानसून सत्र 1 अगस्त से और आज होगी कैबिनेट की बैठक

**रांची ।** झारखंड विस का मानसून सत्र 1 अगस्त से शुरू होने जा रहा है. इस सत्र को लेकर सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं. इसी क्रम में राज्य सरकार ने 24 जुलाई को शाम 4 बजे कैबिनेट बैठक बुलाई है. यह बैठक झारखंड मंत्रालय स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में आयोजित की जाएगी. इसकी जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग द्वारा जारी आधिकारिक विज्ञप्ति में दी गई है.

**कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लग सकती है मुहर :** सूत्रों के अनुसार, इस कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण विभागीय प्रस्तावों पर चर्चा हो सकती है और कुछ पर निर्णय भी लिया जा सकता है. विधानसभा सत्र को देखते हुए सरकार कुछ बड़े नीतिगत फैसलों को हरी झंडी दे सकती है. विभागों द्वारा पहले ही संबंधित प्रस्तावों की तैयारी पूरी कर ली गई है.

**कैबिनेट बैठक के बाद दिल्ली लौट सकते हैं मुख्यमंत्री :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पिता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में इलाजरत हैं. इसी कारण मुख्यमंत्री पिछले एक महीने से अधिक समय से दिल्ली में रह रहे हैं. कैबिनेट बैठक के बाद सीएम हेमंत सोरेन के फिर से दिल्ली रवाना होने की संभावना जताई जा रही है.

# छह जिला अस्पताल मेडिकल कॉलेज के रूप में होंगे अपग्रेड



- मंत्री सुदिव्य व सांसद विजय हांसदा ने की जेपी नड्डा से मुलाकात, मिला आश्वासन, बैठक में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी रहीं मौजूद

**शुभम संदेश। रांची**

नगर विकास और आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और लोकसभा सांसद विजय कुमार हांसदा के साथ केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से बुधवार को शिष्टाचार मुलाकात की. इस दौरान झारखंड में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई. विशेष रूप से राज्य के छह ज़िलों धनबाद, देवघर, खूंटी, गिरिडीह, जामताड़ा और पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में स्थित जिला अस्पतालों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड के अंतर्गत मेडिकल कॉलेजों में अपग्रेड करने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई. मंत्री सुदिव्य कुमार ने इन परियोजनाओं के लिए शीघ्र स्वीकृति और वित्तीय सहायता देने का आग्रह किया. इससे झारखंड में तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और राज्य के नागरिकों को सुलभ और उन्नत चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो सकेगी. इस पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति प्रदान की और सकारात्मक सहयोग का आश्वासन भी दिया. इस सबंध में सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि मुझे विश्वास है कि केंद्र सरकार के निरंतर सहयोग से झारखंड स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छूएगा और राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी.

## विलासिता : दुनिया भर के रईसों की पसंद बन रहा है दुबई जैसा शांतिप्रिय व सुरक्षित देश

# 6 महीने में रियल एस्टेट मार्केट में रिकॉर्ड तोड़ सेल

**शुभम संदेश डेस्क**

दुबई के रियल एस्टेट मार्केट में इस साल 2025 के पहले 6 महीनों में जबरदस्त उछाल आया है. इस दौरान दुबई में रियल एस्टेट लेनदेन ने रिकॉर्ड तोड़ते हुए 431 बिलियन दिरहम (लगभग 117 बिलियन डॉलर) का आंकड़ा छू लिया है. ये अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है, जो दिखाता है कि दुबई का प्रॉपर्टी बाजार कितनी तेजी से बढ़ रहा है. निवेशक, डेवलपर्स और खरीदार सभी इस बूम का हिस्सा बन रहे हैं, और शहर की लग्जरी और इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स की डिमांड आसमान छू रही हैं. दुबई लैंड डिपार्टमेंट (डीएलडी) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 2025 के पहले छह महीनों (जनवरी से जून) में कुल 1,25,538 रियल एस्टेट लेनदेन दर्ज हुए, जो 2024 की पहली छमाही के 99,947 सौदों की तुलना में 26% ज्यादा है. इसके अलावा, कुल मिलाकर रियल एस्टेट से जुड़ी प्रक्रियाएं (जैसे बिक्री, किराए और अन्य औपचारिकताएं) 13 लाख से ज्यादा हो गईं, जो ये दिखाता है कि निवेशकों का आधार मजबूत हो रहा है और तेजी से बढ़ रहा है.

दुबई पिछले कुछ दशकों में रईसों और निवेशकों की पहली पसंद बन गया है. गगनचुंबी इमारतों, आलीशान लाइफ स्टाइल, और विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ, दुबई ने न सिर्फ पर्यटकों को आकर्षित किया है, बल्कि दुनिया भर के अमीर लोगों के लिए यह एक पसंदीदा निवेश और रहने की जगह बन गया है, लेकिन आखिर क्या कारण हैं कि दुबई रईसों के लिए इतना आकर्षक बन रहा है?



### क्यों रईसों की पसंद बन रहा है दुबई

दुबई टैक्स-फ्री नीतियां सबसे ज्यादा लोगों को आकर्षित करती हैं. यहां इनकम टैक्स नहीं देना पड़ता है, जिसका मतलब है कि आपकी कमाई पर कोई कर नहीं लगता, इसके अलावा, कॉरपोरेट टैक्स और कैपिटल गेन टैक्स में भी छूट है, जो इसे बिजनेस और निवेश के लिए बेहद आकर्षक बनाती हैं.

**रियल एस्टेट सेक्टर में बूम :** दुबई का रियल एस्टेट मार्केट रईसों को अपनी ओर खींच रहा है. लग्जरी अपार्टमेंट्स, समुद्र के किनारे बने विला, और ऑफ-प्लान प्रॉपर्टीज़ की डिमांड में भारी इजाफा हुआ है. भारत, यूके, रूस, और यूरोप के निवेशक खास तौर पर इन प्रॉपर्टीज़ में निवेश कर रहे हैं, क्योंकि ये न सिर्फ रहने के लिए शानदार हैं, बल्कि भविष्य में अच्छा रिटर्न भी देती हैं. दुबई ने खुद को मध्य पूर्व का एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र बनाया है. जहां कंपनियां बिना टैक्स के बिजनेस कर सकती हैं. इसके अलावा, दुबई सरकार की निवेशक-अनुकूल नीतियां, जैसे आसान बिजनेस सेटअप और न्यूनतम ब्यूरोक्रेसी, रईस कारोबारियों को आकर्षित करती हैं.

**लग्जरी लाइफस्टाइल :** दुबई का नाम सुनते ही दिमाग में आलीशान मॉल, पांच सितारा होटल, और चमचमाती सुपरकार्स की तस्वीर उभरती है, बुर्ज खलीफा, दुबई मॉल (दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा शॉपिंग सेंटर) जैसी जगहें दुबई को लग्जरी का पर्याय बनाती हैं. यहां की सड़कों पर लेम्बोर्गिनी और फरारी जैसी कारें आम हैं, और सोने से जड़े फोन से लेकर गोल्ड एटीएम तक, सब कुछ रईसों की शान को बढ़ाता है.

# खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




• 14 राज्यों से आए अधिकारी और प्रतिभागियों ने कार्यशाला में लिया भाग, बोलीं मंत्री दीपिका पांडेय सिंह– स्वस्थ भविष्य की ओर संगठित ग्रामीण महिलाएं, झारखंड में समूह की 32 लाख ग्रामीण महिलाएं राज्य में बदलाव की घटक, सेतु दीदी को अच्छे कार्य के लिए किया गया सम्मानित

**शुभम संदेश। रांची**

महिलाओं का स्वास्थ्य केवल एक सामाजिक संकेतक (सोशल इंडिकेटर ) नहीं बल्कि देश के आर्थिक विकास का भी दर्पण है. झारखंड सरकार मंईयां सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना जैसे योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ठोस कदम उठा रही है. इन योजनाओं को सखी मंडल के माध्यम से जमीनी स्तर तक पहुंचाया जा रहा है. हेल्थ, पोषण के साथ-साथ अब मेंटल वेल-बीइंग पर भी फोकस करना समय की ज़रूरत है. एक स्वस्थ नागरिक ही शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर समाज की नींव रख सकता है. सेतु दीदियां और सखी मंडल की महिलाएं अब न केवल स्वयं जागरूक हो रही हैं बल्कि अपने समुदाय को भी संगठित और सशक्त कर रही हैं. यह परिवर्तन अब गांव-गांव तक पहुंच रहा है और यही झारखंड की वास्तविक ताक़त है. उक्त बातें ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कही. वह बुधवार को संगठन, स्वास्थ्य, समृद्धि,खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पर महिला समूहों की सहभागिता विषय पर आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं. यह कार्यशाला भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय एवं झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड सोसाईटी (जेएसएलपीएस)के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई.

**संचालित योजनाओं से महिलाएं हो रहीं सशक्त**

ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन ने कहा कि महिलाओं का सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण ही स्वस्थ समृद्ध और विकसित समाज की नींव है. उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मंईयां सम्मान योजना, पीवीटीजी परिवारों तक राशन पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित डाकिया योजना ,फूलो–झानो आशीर्वाद योजना के माध्यम से महिलायें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से समृद्ध हो रही हैं.

कार्यशाला में विभिन्न राज्य जैसे राजस्थान,छत्तीसगढ़,जम्मू और कश्मीर, झारखण्ड की एफएनएच कैडर ने अपने अनुभव साझा किए. उन्होंने बताया कि वह समूह के माध्यम से पोषण वाटिका माहवारी स्वच्छता आदि पर साझा प्रयास के जरिए कार्य कर रहीं हैं झारखण्ड से खूंटी जिला की सेतु दीदी क्लेमेंसिया ओर्रा ने बताया की टीपीसी समूह सलाह के साथ साथ आंगनबाड़ी केंद्र, आशा दीदी के साथ समूह बैठक में महिलाओं की साझेदारी सुनिश्चित कर योजना तैयार कर कार्य कर रही हैं. समूह बैठक में आयरन, काल्सिम गोली, डीवोर्मींग पर भी कार्य कर रही हैं, जिससे काफी जागरूकता परिवारों में आ रही है. कार्यक्रम में झारखंड में उत्कृष्ट कार्य कर रही सेतु दीदियों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यशाला स्थल पर 14 राज्यों एवं झारखंड की ओर से स्टॉल्स भी लगाए गए. जिनमें खाद्य,पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए नवाचारों की प्रभावशाली प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई.

**खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में झारखंड में सराहनीय कार्य:** स्मृति शरण, संयुक्त सचिव, ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आपसी सीख को साझा कर, उसे सूचीबद्ध करना और आगे की रूपरेखा तैयार करने में मदद करना है. उन्होंने बताया कि खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में झारखंड ने सराहनीय कार्य किया है. कार्यशाला के पहले दिन प्रतिभागियों ने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान 14 जिलों के जमीनी प्रयासों का अवलोकन किया और उससे महत्वपूर्ण सीख लिया, जिसे वे अपने-अपने राज्यों में लागू कर सकेंगे. उन्होंने आगे कहा कि आगामी वर्ष में रूरल प्रॉस्पेरिटी एंड रेजिलिएंस प्रोग्राम की शुरुआत होने जा रही है जिसमें एफएनएच एक महत्वपूर्ण घटक होगा.

## एक नजर

### सीएम हेमंत सोरेन ने पूर्व ओलंपियन हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मुलाकात की



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को दीपाटोली स्थित क्यूरेस्टा अस्पताल पहुंचे. मुख्यमंत्री ने वहां इलाजरत पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विमल लकड़ा से मुलाकात की. मुख्यमंत्री ने वहां उपस्थित चिकित्सकों से विमल लकड़ा के स्वास्थ्य में हो रहे सुधार से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की.

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कड़िया मुंडा से मेडिका में की मुलाकात, शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को रांची स्थित मेडिका मणिपाल अस्पताल पहुंचे. मुख्यमंत्री ने वहां इलाजरत लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. मुख्यमंत्री ने कड़िया मुंडा के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की. बता दें कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र से 8 बार सांसद रहे और पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा की तबीयत अचानक बिगड़ गई. इसके बाद उन्हें मंगलवार को रांची के भगवान महावीर मणिपाल (पूर्व में मेडिका) अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस संबंध में डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम को कड़िया मुंडा की तबीयत अचानक खराब हो गई। इसके बाद उन्हें नियमित जांच के लिए अस्पताल लाया गया, लेकिन चिकित्सकों की सलाह पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया. कड़िया मुंडा का इलाज वरिष्ठ चिकित्सक डॉ विजय मिश्रा की देखरेख में चल रहा है. डॉक्टरों के अनुसार, दिल्ली एम्स में डॉ माधव की देखरेख में जो उपचार की प्रक्रिया अपनाई गई थी, उसी आधार पर उनका इलाज फिलहाल मणिपाल अस्पताल में किया जा रहा है. डॉ निर्मल सिंह ने बताया कि फिलहाल उनकी हालत स्थिर है, लेकिन दो दिनों तक अस्पताल में रखकर सभी आवश्यक जांच की जा रही है. चिकित्सकों का कहना है कि कड़िया मुंडा को फिलहाल विशेष देखरेख की जरूरत है.

# पुनीत अग्रवाल की जमानत पर अब 26 को होगी सुनवाई

**शुभम संदेश। रांची**

बोकारो जिला के तेतुलिया मौजा स्थित करीब 100 एकड़ से अधिक वन भूमि की अवैध खरीद-बिक्री के आरोपित राजवीर कंस्ट्रक्शन के मालिक पुनीत अग्रवाल की जमानत याचिका पर अब अगली सुनवाई 26 जुलाई को होगी. बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान सीआईडी की ओर से डायरी पेश नहीं की जा सकी. इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई का नई तारीख निर्धारित की है. इसी मामले के दो अन्य आरोपितों वीर अग्रवाल और विमल अग्रवाल की अग्रिम जमानत याचिका पर भी 26 जुनाई, शनिवार को सुनवाई होगी, क्योंकि इस मामले में भी एजेंसी ने अब तक केस डायरी पेश नहीं की है. पुनीत अग्रवाल को सीआईडी ने गत सोमवार को गिरफ्तार किया था. पुनीत, वीर अग्रवाल और विमल अग्रवाल पर आरोप है कि इन्होंने राजवीर कंस्ट्रक्शन कंपनी के माध्यम से तेतुलिया मौजा के उस वनभूमि के लिए उमायुष कंपनी को तीन करोड़ 40 लाख रुपए भुगतान किया था. आरोपों के मुताबिक बोकारो के तेतुलिया में 100 एकड़ से ज्यादा वन भूमि को फर्जी दस्तावेज बनाकर बेच दिया गया. इसमें भू-माफिया, अंचल कर्मी और बोकारो स्टील प्लांट के अधिकारियों की मिली भगत है. यह वो जमीन है, जिसे बोकारो स्टील प्लांट के द्वारा वन विभाग को वापस लौटाया गया. सीआईडी बोकारो के सेक्टर 12 थाना में दर्ज कांड संख्या 32/2024 को टेकओवर कर अपनी जांच शुरू कर चुकी है. इस मामले में ईडी भी जांच कर रही है.

# दलित और गरीबों को वोट देने से रोकना चाहती है भाजपा : कैलाश

**शुभम संदेश। रांची**

राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा है कि चुनाव आयोग संवैधानिक तौर पर निष्पक्ष संस्था होती है, लेकिन इन दिनों आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के जरिए बिहार के दलित मजदूर किसान और कमजोर परिवार के लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर कर रहा है. उन्होंने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एसआईआर के डॉक्यूमेंट्री आधार पर बड़ी संख्या पलायन किए गए लोगों को भी वोटर लिस्ट से बाहर कर दिया जाएगा. इससे करोड़ों गरीब और मजदूर वोट नहीं दे पाएंगे. उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण में नागरिकों को आधार कार्ड, वोटर कार्ड और राशन कार्ड को मान्यता नहीं देने का घोषणा की गई है. जो 11 डॉक्यूमेंट्स मांगे गए हैं वह रोज कमाने खाने वाले और गरीब कहां से दे पाएंगे. इसलिए चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया अनुचित है. यादव ने कहा कि देश का संवैधानिक संस्थान चुनाव आयोग आखिरकार इतनी हठधर्मिता क्यों दिखा रहा है. निश्चित रूप से चुनाव आयोग कहीं न कहीं केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर काम कर रहा है.

उन्होंने कहा कि दलित, मजदूर, किसान और दबे कुचले वर्ग के लोग राजद के समर्थक और वोटर्स हैं. ऐसे में भाजपा चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर दलित और गरीब तबके लोगों को वोट देने से रोकना चाहती है.

## निकाय चुनाव की आहट पर कांग्रेस हुई सक्रिय

# भाजपा के शहरी जनाधार को चुनौती देने की रणनीति

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में निकाय चुनाव अब करीब आते दिख रहे हैं. हाल ही में पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार चुनाव की तैयारी में है. वहीं, 24 जुलाई को प्रस्तावित राज्य कैबिनेट बैठक में राज्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति संभावित है, जो चुनाव प्रक्रिया की दिशा में एक अहम कदम होगा. इन संकेतों को देखते हुए कांग्रेस ने भी शहरी क्षेत्रों में अपनी संगठनात्मक तैयारी तेज कर दी है. कांग्रेस ने अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को शहरी निकायों के लिए पार्टी पर्यवेक्षक नियुक्त किया है. उन्हें राज्यभर के शहरी क्षेत्रों का भ्रमण कर नगर और वार्ड स्तर पर कांग्रेस कमेटियों के गठन की जिम्मेदारी सौंपी गई है. इसके साथ ही उन्हें जिला कांग्रेस अध्यक्षों, पर्यवेक्षकों और पूर्व प्रत्याशियों के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन को सुदृढ़ करने का निर्देश भी दिया गया है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश द्वारा भेजे गए पत्र में यह भी कहा गया है कि जिन क्षेत्रों में पिछले विधानसभा या लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रत्याशी रहा हो, वहां की स्थानीय राजनीतिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कमेटियों का गठन किया जाए. इसके अलावा राजेश ठाकुर को गठबंधन के अन्य घटक दलों से तालमेल बनाए रखने की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी दी गई है.

हालांकि निकाय चुनाव औपचारिक रूप से गैर-दलीय आधार पर होंगे, लेकिन कांग्रेस इसे एक अघोषित दलीय प्रतिस्पर्धा के रूप में देख रही है. पार्टी की रणनीति है कि इंडिया गठबंधन के तहत झामुमो, राजद और कांग्रेस मिलकर अधिकतम सीटों पर साझा उम्मीदवार उतारें, ताकि भाजपा को उसके शहरी गढ़ों में टक्कर दी जा सके. राज्य के 49 शहरी निकायों में होने वाले इस चुनाव को कांग्रेस न केवल संगठन विस्तार का माध्यम मान रही है, बल्कि भाजपा के प्रभाव वाले क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का अवसर भी समझ रही है. यदि गठबंधन की रणनीति सफल होती है, तो इसका सकारात्मक असर आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों पर भी पड़ सकता है.

**कांग्रेस ने 49 नगर निकायों में नियुक्त किए पर्यवेक्षक**

| निकाय | पर्यवेक्षक | निकाय | पर्यवेक्षक |
|---|---|---|---|
| बन्ना गुप्ता | मानगो नगर निगम | ममता देवी | ममता देवी रामगढ़ नगर परिषद |
| रामनाथ करुवा | जुगसलाई नगर परिषद | अंबा प्रसाद | बचरा नगर पंचायत |
| छोटू सिंह मुंडा | चकुलिया नगर पंचायत | श्वेता सिंह | चास नगर निगम |
| यशस्वनी सहाय | कपाली नगर परिषद | कुमार जयमंगल | फुसरो नगर परिषद |
| राज बक्शी | सरायकेला नगर पंचायत | अजय कुमार दूबे | धनबाद नगर निगम |
| अजय सिंह | आदित्यपुर नगर परिषद | अनुपमा सिंह | चिरकुंडा नगर परिषद |
| त्रिषाणु राय | चाईबासा नगर परिषद | समीर राज | गिरिडीह नगर निगम |
| अनुप्रिया सोय | चक्रधरपुर नगर परिषद | उपेंद्र सिंह | धनवार नगर पंचायत |
| भूषण बाड़ा | सिमडेगा नगर परिषद | इकबाल अंसारी | सरिया नगर पंचायत |
| सुखदेव भगत | गुमला नगर परिषद | कलिमुद्दीन | साहेबगंज नगर परिषद |
| कालीचरण मुंडा | खूंटी नगर पंचायत | भावना गुप्ता | राजमहल नगर पंचायत |
| यशस्वनी सहाय | रांची नगर निगम | केएन त्रिपाठी | चतरा नगर परिषद |
| कालीचरण मुंडा | बुंडू नगर पंचायत | मुन्ना सिंह | हजारीबाग नगर निगम |
| निशांत आलम | पाकुड़ नगर परिषद | लीलावती | डोमचांच नगर पंचायत |
| कमल आर्या | बड़हरवा नगर पंचायत | राजेंद्र जायसवाल | झुमरी तिलैया नगर परिषद |
| प्रभात दूबे | गढ़वा नगर परिषद | नागेश्वर राम | कोडरमा नगर पंचायत |
| राजेंद्र प्रताप देव | नगर उंटारी नगर परिषद | रामेश्वर उरांव | लोहरदगा नगर परिषद |
| केएन त्रिपाठी | लातेहार नगर पंचायत | प्रदीप यादव | देवघर नगर निगम |
| सुधीर चंद्रवंशी | विश्रामपुर नगर परिषद | प्रदीप यादव | मधुपुर नगर पंचायत |
| राधाकृष्ण किशोर | छतरपुर नगर पंचायत | दीपिका पांडेय सिंह | महगामा नगर पंचायत |
| रंजीत पासवान | हुसैनाबादद नगर पंचायत | इरफान अंसारी | मिहिजाम नगर परिषद |
| लाल सूरज | हरिहरगंज नगर परिषद | इरफान अंसारी | जामताड़ा नगर परिषद |

# झारखंड के 7 राजनीतिक दलों में से 5 ने नहीं रखा अपना पक्ष

**शुभम संदेश। रांची**

भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड के ऐसे 7 राजनीतिक दलों को सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिन्होंने पिछले 6 वर्षों में एक भी चुनाव नहीं लड़ा है. इस संबंध में राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने इन सभी दलों को 22 जुलाई को लिखित रूप में अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया था. लेकिन तय समय पर सिर्फ 2 राजनीतिक दल ही सीईओ कार्यालय पहुंचे, जबकि 5 दलों का कोई प्रतिनिधि नहीं आया, न ही उनकी ओर से कोई सूचना दी गयी. सीईओ कार्यालय पहुंचने वाली पार्टी में जनसाधारण पार्टी और झारखंड विकास दल हैं. इन दोनों दलों के पदाधिकारियों ने शपथपत्र के साथ यह दावा किया कि उनकी पार्टियां सक्रिय हैं और वे राजनीतिक गतिविधियों में लगे हुए हैं. अब चुनाव आयोग इन दोनों दलों द्वारा दिए गए पक्ष की समीक्षा करेगा और आगे का फैसला लेगा. वहीं जो 5 राजनीतिक दल नहीं पहुंचे उनमें भारत विकास मोर्चा, भारतीय जनमुक्ति पार्टी, मानव मुक्ति मोर्चा, नवजवान संघर्ष मोर्चा और राष्ट्रीय मजदूर किसान प्रजातांत्रिक पार्टी शामिल हैं. इन दलों को पहले ही सूचना भेज दी गई थी कि वे 15 जुलाई तक शपथपत्र के साथ लिखित पक्ष भेजें और 22 जुलाई को सीईओ के सामने उपस्थित हों. लेकिन तय समय पर न आने के कारण अब इन 5 दलों को सूची से हटाने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी. चुनाव आयोग के निर्देशों के मुताबिक, यदि कोई दल लंबे समय तक चुनावी प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेता है और सक्रिय नहीं रहता, तो उसे पंजीकृत राजनीतिक दलों की सूची से बाहर कर दिया जाता है.

# भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के करीबी देवता पांडेय गिरफ्तार



**रांची/देवघर।** गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के करीबी माने जाने वाले देवता पांडेय को देवघर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. यह गिरफ्तारी मंगलवार की देर रात जसीडीह थाना क्षेत्र से की गई. पुलिस सूत्रों के अनुसार, देवता पांडेय पर सरकारी दस्तावेजों में छेड़छाड़ का गंभीर आरोप है. इसके अलावा भी उनके खिलाफ अन्य कई आरोपों की भी जांच की जा रही है. फिलहाल पुलिस देवता पांडेय से पूछताछ कर रही है और पूरे मामले की गहराई से तफ्तीश की जा रही है. संभावना है कि पूछताछ के बाद और भी अहम जानकारियां सामने आ सकती हैं. देवता पांडेय की गिरफ्तारी को लेकर राजनीतिक हलकों में भी हलचल देखी जा रही है, चूंकि वे सांसद निशिकांत दुबे के करीबी माने जाते हैं. इस लिए इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हैं.

## पूर्व डीसी छवि रंजन, अफसर और भानू के खिलाफ नहीं मिली अभियोजन स्वीकृति

# ईडी ने कोर्ट को बताया, डीम्ड सैंक्शन माना जाए

**शुभम संदेश। रांची**

राजधानी रांची के चेशायर होम की भूमि की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मनी लॉंड्रिंग मामले में ईडी की ओर से रांची पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की स्पेशल कोर्ट में याचिका दायर की है. इस याचिका के जरिये कोर्ट को यह जानकारी दी गई है कि राज्य सरकार ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, रिम्स के कर्मचारी अफसर अली और राजस्व कर्मचारी भानू प्रताप के खिलाफ अब तक अभियोजन स्वीकृति नहीं दी है. दरअसल ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के मद्देनजर करीब पांच महीने पूर्व सरकार से छवि रंजन. अफसर अली और भानू प्रताप के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मांगी थी. लेकिन उक्त आरोपितों के विरुद्ध अब तक अभियोजन स्वीकृति नहीं मिली.120 दिनों बाद भी सरकार से जवाब नहीं मिलने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिटीशन दायर कर न्यायालय से सरकार की तरफ से जवाब नहीं मिलने को अभियोजन स्वीकृति मानने (डीम्ड सैंक्शन) का अनुरोध किया है.



**सरकारी अधिकारियों के खिलाफ केस चलाने के लिए लेनी होगी सरकार से अनुमति**

दरअसल नवंबर 2024 से पहले तक मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में किसी अधिकारी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सरकार से अभियोजन स्वीकृति लेने की जरूरत नहीं होती थी. लेकिन इस मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गयी थी. सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई के बाद नवंबर 2024 में दिये गये फैसले में सरकारी अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए सरकार की अनुमति को आवश्यक बताया था.

## शराब घोटाला

### आरोपी कंपनियों के मालिकों को नहीं मिली अग्रिम जमानत

**रांची।** शराब घोटाला से जुड़े केस के आरोपियों विक्रम सिंह, परेश सिंह, बिपिन जादव भाई परमार और महेश सियाराम की अग्रिम जमानत याचिका पर बुधवार को रांची एसीबी की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई.

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उक्त सभी आरोपियों को अग्रिम बेल देने से इनकार करते हुए सभी की याचिका खारिज कर दी है. सभी आरोपियों की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की. एसीबी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आलोक सिंह ने अग्रिम जमानत याचिका का विरोध किया.

# गुरुजी की देखभाल में जुटीं सीता सोरेन और बेटी जयश्री

**शुभम संदेश। नयी दिल्ली/रांची**

पूर्व विधायक सीता सोरेन अपनी बेटी जयश्री सोरेन के साथ पिछले 15 दिनों से लगातार दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल में अपने ससुर एवं झारखंड के वरिष्ठ नेता दिशोम गुरु शिबू सोरेन की सेवा और देखभाल में जुटी हैं. दोनों अस्पताल में मौजूद रहकर उनका हालचाल ले रही हैं और उनके स्वास्थ्य में सुधार के लिए लगातार प्रार्थनाएं कर रही हैं. शिबू सोरेन पिछले करीब एक माह से अस्पताल में भर्ती हैं. मिली जानकारी के अनुसार उन्हें मल्टीपल ऑर्गन डिसएबल डिजीज की शिकायत है. डॉक्टरों के अनुसार फिलहाल उनकी स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन उन्हें लगातार



चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है. परिवार की ओर से जानकारी दी गई है कि शिबू सोरेन के जल्द स्वस्थ होने की कामना को लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम में विशेष प्रार्थनाएं भी की जा रही हैं. शिबू सोरेन के समर्थकों और शुभचिंतकों में भी चिंता का माहौल है और वे उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं. झारखंड आंदोलन के अगुआ रहे शिबू सोरेन को राज्य में 'दिशोम गुरु' के नाम से जाना जाता है. वे लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं और वर्तमान में राज्यसभा सांसद हैं.

## पर्यटन

## दिल्ली में केंद्रीय मंत्री और सुदिव्य सोनू की बैठक में बनी सहमति

# रांची का अशोक होटल झारखंड सरकार के हवाले

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने मंगलवार की शाम नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से शिष्टाचार भेंट की. यह बैठक झारखंड में पर्यटन के समग्र विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों और योजनाओं पर चर्चा के लिहाज से बेहद अहम रही. इसमें रांची के अशोक होटल को राज्य सरकार को हस्तांतरण पर सहमति बनी. बैठक के दौरान राज्य में ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने, विरासत स्थलों के संरक्षण और पर्यटन से जुड़े संस्थागत विकास पर गहन विचार-विमर्श हुआ. मंत्री सोनू ने बताया कि केंद्रीय मंत्री से कई



बिंदुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई.

**अशोक होटल, रांची का राज्य सरकार को हस्तांतरण:** रांची स्थित अशोक होटल के झारखंड सरकार को हस्तांतरण पर सैद्धांतिक सहमति बन गई है. इससे राजधानी में पर्यटन के लिए आधारभूत संरचना को बल मिलेगा.

**स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत ईको-टूरिज्म परियोजनाएं :** चांडिल, नेतरहाट और तेनुघाट जैसे स्थलों पर ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए नई परियोजनाओं की योजना बनाई गई है.

**विशेषीकृत पर्यटन संस्थान की स्थापना:** अन्य राज्यों की तर्ज़ पर झारखंड में भी आईआईटीटीएम मॉडल पर आधारित एक विशेषीकृत पर्यटन संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिससे युवाओं को पर्यटन क्षेत्र में प्रशिक्षण और रोजगार के अवसर मिल सकें.

**राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मेलों का आयोजन:** राज्य में पर्यटन को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए एमओटी (केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय) और राज्य सरकार के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन मेलों के आयोजन पर सहमति बनी.

**विरासत स्थलों का संरक्षण:** झारखंड के पुरातात्विक और विरासत स्थलों के संरक्षण व संवर्धन के लिए केंद्र सरकार से तकनीकी व वित्तीय सहयोग की मांग की गई.

मंत्री सुदिव्य सोनू ने केंद्र सरकार से इन सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग का अनुरोध किया, जिससे झारखंड को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान दिलाई जा सके.

## झारखंड में संस्थाओं के निबंधन के लिए नए नियम लागू

# अब हर साल देनी होगी विदेशी फंडिंग की डिटेल

**रांची।** झारखंड सरकार ने बिहार संस्था निबंधन नियमावली 1985 को निरस्त करते हुए 'झारखंड संस्था निबंधन नियमावली 2025 लागू कर दी है. इस संबंध में राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है. अब संस्था के निबंधन के लिए ऑनलाइन आवेदन लिया जाएगा. साथ ही संस्थाओं को हर वित्तीय वर्ष के अंत में अपनी सभी गतिविधियों, प्राप्त अनुदानों (राज्य, केंद्र और विदेशी फंडिंग) की जानकारी राज्य सरकार को देना अनिवार्य होगा. सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह संस्थाओं को वित्तीय सहायता देने के लिए बाध्य नहीं है, लेकिन यदि दे तो वह स्वैच्छिक होगा. यह नई नियमावली राज्य में कार्यरत एनजीओ और अन्य गैर-सरकारी संस्थाओं के पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है.

**इन मामलों में निबंधन का आवेदन अस्वीकार होगा**

- संस्था का नाम पहले से निबंधित संस्था जैसा हो.
- नाम से यह प्रतीत हो कि यह संस्था सरकार द्वारा प्रायोजित है.
- संस्था विशुद्ध रूप से किसी जाति, धर्म आदि को बढ़ावा देती हो.
- संस्था पर न्यायालय में आरोप सिद्ध हो चुके हों.
- संस्था ने पूर्व में किसी अर्थदंड का भुगतान न किया हो.
- संस्था व्यवसायिक उद्देश्य से बनाई गई हो.

### किन प्रयोजनों के लिए संस्था का निबंधन होगा

- सामाजिक कल्याण, शिक्षा और खेल का विकास, महिला एवं बाल कल्याण, वन एवं पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सेवाएं और जागरूकता, जनहित से जुड़े अन्य विषय

### नए नियमों की मुख्य बातें

- राष्ट्रीय स्तर पर निबंधन कराने पर 3000 रुपये कंप्यूटरीकरण शुल्क देना होगा.
- केवल झारखंड में काम करने वाली संस्था को 2000 रुपये शुल्क देना होगा.
- राज्य और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर काम करने वाली संस्थाओं को 1000 रुपये अतिरिक्त शुल्क देना होगा.
- नवीकरण का प्रावधान भी रखा गया है, जो समय पर कराना अनिवार्य है.
- तीन साल तक वार्षिक प्रतिवेदन नहीं देने पर निबंधन रद्द कर दिया जाएगा.
- कदाचार, समय पर नवीकरण नहीं करने, या गलत जानकारी देने पर भी निबंधन रद्द हो सकता है.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, गुरुवार 24 जुलाई 2025 I श्रावण कृष्ण पक्ष 14, संवत 2082 I रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 107 I मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12




### रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नितिन गडकरी से की मुलाकात

# रांची से जमशेदपुर के बीच दौड़ेगी फ्लैश चार्जिंग बस

**खास बातें**

- रांची शहर को भी मिलेगी फ्लैश चार्जिंग बस, डीपीआर तैयार करने का निर्देश
- एलिवेटेड कॉरिडोर में सोहराय पेंटिंग कराने की भी केंद्रीय मंत्री ने दी स्वीकृति

**रांची में आउटर रिंग रोड के लिए 6500 करोड़ का डीपीआर बनाने का निर्देश**

## एकसाथ 135 यात्री कर सकेंगे सफर



**शुभम संदेश। रांची**

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने केंद्रीय परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से बुधवार को नई दिल्ली में मुलाकात की. मुलाकात के दौरान रांची में एलिवेटेड कॉरिडोर के लोकार्पण के लिए उनके प्रति आभार जताया. साथ ही रक्षा राज्य मंत्री ने उन्हें एक स्मार पत्र भी सौंपा, जिसमें रांची में फ्लैश चार्जिंग बस, आउटर रिंग रोड और एलिवेटेड कॉरिडोर पर सोहराय पेंटिंग का आग्रह है. केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इन तीनों ही मामलों में तुरंत कार्रवाई का निर्देश जारी कर दिया. रांची में फ्लैश चार्जिंग बस के संचालन के लिए डीपीआर बनाने का भी निर्देश दिया है. फ्लैश चार्जिंग बस रांची से जमशेदपुर के लिए चलेगी और रांची शहर में भी चलेगी, जिसमें एक साथ 135 लोग बैठकर यात्रा कर सकेंगे. इस बस में दिव्यांगजनों के लिए बैठने की सीट आरक्षित होगी. चाय -कॉफी के लिए भी अलग से काउंटर होगा.

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने बताया कि बस की विशेषता होगी कि महज 15 सेकंड चार्ज होने के बाद यह बस 40 किलोमीटर तक चल सकेगी. नागपुर के बाद रांची इस देश का दूसरा शहर होगा, जहां इसकी सौगात दी जा रही है. नागपुर में बस के लिए टाटा कंपनी को ऑर्डर भी दिया जा चुका है. एलिवेटेड कॉरिडोर में सोहराय पेंटिंग का आग्रह रक्षा राज्य मंत्री ने नितिन गडकरी से किया था. इस पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश उन्होंने राजमार्ग प्राधिकरण को दिया है. बहुत जल्द ही रातू रोड का एलिवेटेड कॉरिडोर झारखंड की संस्कृति के साथ जल, जंगल, जमीन की अलौकिक छटा और सोहराय पेंटिंग से सुसज्जित होगा. रांची में आउटर रिंग रोड को लेकर भी सेठ ने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया. केंद्रीय मंत्री ने आउटर रिंग रोड का भी डीपीआर बनाने का निर्देश एनएसएआई अधिकारियों को दिया है. 6500 करोड रुपए की लागत का डीपीआर तैयार किया जाएगा.

इन तीन सौगातों पर पहल के बाद रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर चल रहा है और रांची के विकास को भी गति मिल रही है. यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से नितिन गडकरी का झारखंड और रांची के प्रति अगाध प्रेम है.

उन्होंने प्रधानमंत्री और राजमार्ग मंत्री के प्रति रांची की जनता की तरफ से कृतज्ञता प्रकट की है और कहा है कि इन तीनों परियोजनाओं से झारखंड की राजधानी रांची को एक नई पहचान मिलेगी. रांची शहर का विस्तार होगा और देश की प्रगति के पथ पर रांची भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देगा.

## हजारीबाग: रेलवे कोचिंग कांप्लेक्स निर्माण के गड्ढे में डूबने से मौत

**शुभम संदेश। हजारीबाग**

रेलवे कोचिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण स्थल पर बने गहरे गड्ढे में डूबने से वार्ड संख्या 24 निवासी मुकेश राम की मौत बुधवार को हो गई. मृतक तीन बच्चों का पिता था. हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है. घटना स्थल पर निर्माण कार्य कृष्ण कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कराया जा रहा है. स्थानीय लोगों ने कंपनी पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है. उनका कहना है कि निर्माण क्षेत्र में करीब 10 से 12 फीट गहरा गड्ढा बारिश के कारण पानी से भर गया था, लेकिन वहां कोई बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड या सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई थी. पहले भी इसी गड्ढे में एक मवेशी की डूबकर मौत हो चुकी है. दो दिन पूर्व दो छोटे बच्चे भी इस गड्ढे में गिर गए थे, जिन्हें समय रहते लोगों ने बचा लिया था. मुकेश राम की मौत के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने कंस्ट्रक्शन कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने और मृतक के परिवार को 20 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की है. लोगों का आरोप है कि हादसे के कई घंटे बाद तक न तो कंपनी का कोई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचा और न ही कोई प्रतिक्रिया दी गई. स्थानीय नागरिकों ने बताया कि उन्होंने पहले भी कंपनी को निर्माण स्थल पर सुरक्षा उपायों की मांग करते हुए शिकायत की थी, लेकिन कंपनी ने इसे नजरअंदाज करते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं होती रहती हैं.

### स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी का बड़ा ऐलान, कहा

# लोहरदगा सदर अस्पताल बनेगा 300 बेड का आधुनिक अस्पताल

**शुभम संदेश। लोहरदगा**

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी आज लोहरदगा पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की. इसके बाद वे बेतला के लिए रवाना हुए.



लोहरदगा दौरे के दौरान मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने का भरोसा दिलाया. उन्होंने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाएं लगातार सुदृढ़ हो रही हैं और लोहरदगा में भी जल्द ही बदलाव देखने को मिलेंगे. खासतौर पर, उन्होंने बताया कि लोहरदगा सदर अस्पताल को अपग्रेड कर 300 बेड वाला आधुनिक अस्पताल बनाया जाएगा. इसके अलावा, जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए एक नए सिविल सर्जन की नियुक्ति भी की गई है. मंत्री ने बताया कि पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू के आग्रह पर लोहरदगा में लंबे समय से बंद पड़ा डायलिसिस केंद्र भी दोबारा शुरू कर दिया गया है. डॉ. अंसारी ने कहा कि जैसे-जैसे राज्यभर में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो रही हैं, वैसे ही लोहरदगा में भी आने वाले समय में लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी.

### मनोहरपुर पोस्ट ऑफिस में सीबीआई की रेड

## सब पोस्ट मास्टर 20 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

**मनोहरपुर**। रांची से पहुंची सीबीआई की टीम ने मनोहरपुर शहरी क्षेत्र स्थित पोस्ट ऑफिस में छापेमारी कर सब पोस्ट मास्टर दिलीप सिंह मीणा को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया. सीबीआई की 15 सदस्यीय टीम मंगलवार को 3 बजे मनोहरपुर पहुंची. टीम ने पोस्ट ऑफिस के साथ-साथ आरोपी के आवास पर भी छापा मारा। दोनों स्थानों से जरूरी दस्तावेज जब्त किए गए. इसके बाद रात करीब 12 बजे टीम आरोपी को लेकर रांची रवाना हो गई. यह कार्रवाई पोस्ट ऑफिस के एजेंट सोनू हरलालका की शिकायत पर की गई, जिसमें उन्होंने सब पोस्ट मास्टर पर कमीशन के बदले रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था. सोनू पोस्ट ऑफिस का एजेंट है और खातों तथा फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) खोलने का कार्य करता है, जिसके एवज में उसे कमीशन प्राप्त होता है. सोनू के अनुसार, सब पोस्ट मास्टर एक महीने से उसे 20 हजार रुपए रिश्वत देने के लिए दबाव बना रहे थे.

## लापता वृद्ध का मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**हजारीबाग**। हजारीबाग में कटकमसांडी थाना क्षेत्र के लुपुंग गांव निवासी 82 वर्षीय मुंशी राम का शव बुधवार को छड़वा डैम से बरामद किया गया. वे पिछले दिन से लापता थे और परिजनों ने इस संबंध में पेलावल पुलिस थाने में सूचना दी थी. बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने छड़वा डैम में एक शव को पानी में तैरते हुए देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी. पुलिस मौके पर पहुंची और शव को डैम से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा. बता दें कि मुंशी राम सर्वे ऑफ इंडिया से सेवानिवृत्त हुए थे.

**ब्रीफ न्यूज**

### एलएलबी प्रवेश परीक्षा के लिए 13 तक आवेदन

**चाईबासा**। पश्चिम सिंहभूम जिला स्थित कोल्हान यूनिवर्सिटी में एलएलबी कोर्स में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई है. इस संबंध में विवि की परीक्षा नियंत्रक रिंकी दोराई ने अधिसूचना जारी कर जानकारी दी है. आवेदन की अंतिम तिथि 13 अगस्त 2025 निर्धारित की गई है. एलएलबी में नामांकन के लिए अभ्यर्थियों के पास ग्रेजुएशन डिग्री होना अनिवार्य है. वहीं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक अनिवार्य होंगे. प्रवेश परीक्षा जमशेदपुर में आयोजित की जाएगी.

### केंद्रीय गृह सचिव 28 जुलाई को आएंगे रांची

**रांची**। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन 28 जुलाई को झारखंड के राजधानी रांची आ रहे हैं. वे यहां समीक्षा बैठक करेंगे, जिसमें मुख्य सचिव अलका तिवारी, गृह सचिव वंदना दादेल और पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता खास तौर पर शामिल रहेंगे. समीक्षा बैठक में न्यू क्रिमनल लॉ, पुलिस आधुनिकीकरण, साइबर क्राइम, नारकोटिक्स, वामपंथ उग्रवाद, काउंटर टेररिज्म, बंदी प्रबंधन, आपदा प्रबंधन सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जाएगी. इसके अलावा फोरेंसिक लैब, संगठित अपराध पर भी चर्चा होगी. केंद्रीय गृह सचिव राज्य में रहने वाले विदेशी नागरिकों और दुश्मन संपत्ति पर भी चर्चा करेंगे. गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय द्वारा केंद्रीय गृह सचिव की बैठक को लेकर आवश्यक तैयारी की जा रही है.

## प्रेमिका के घर में फंदे से झूलता मिला युवक

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस जांच शुरू

- मृतक की पहचान 30 वर्षीय सोहेल अंसारी उर्फ शाहिल के रूप में हुई

**शुभम संदेश। गिरिडीह**

जिले के देवरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरनाबथान (चतरो) गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव प्रेमिका के घर की खिड़की से फंदे पर लटका मिला. मृतक की पहचान मनकडीहा गांव निवासी व वार्ड सदस्य मकबूल अंसारी के पुत्र 30 वर्षीय सोहेल अंसारी उर्फ शाहिल के रूप में की गई है. घटना की जानकारी मिलते ही देवरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची. सब इंस्पेक्टर गणेश कुमार यादव और एएसआई बुद्धदेव उरांव पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुटे हैं. मृतक के परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है.

पिता मकबूल अंसारी ने बताया कि सोहेल का प्रेम प्रसंग गांव की ही एक युवती से चल रहा था. इसको लेकर कई बार गांव में पंचायती भी हो चुकी थी. जिस घर की खिड़की से युवक का शव लटका मिला है, वह उसी युवती का घर बताया जा रहा है. परिजन का कहना है कि युवक की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने की साजिश की गई है. फिलहाल पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा.

## सब-इंस्पेक्टर पर युवती ने लगाया यौन शोषण का आरोप, की शिकायत

- सब–इंस्पेक्टर के खिलाफ रांची के महिला थाना में शिकायत दर्ज की गयी है
- पीड़िता बोली–रांची में पढ़ाई के दौरान दोनों के बीच संपर्क बढ़ा और रिश्ता बढ़ा
- युवती ने विवाह करने को कहा, तो आरोपी ने दूरी बना ली

**संवाददाता ।रांची**

पलामू ज़िले की एक युवती ने राज्य पुलिस में कार्यरत एक सब-इंस्पेक्टर के खिलाफ रांची के महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई है. युवती ने आवेदन में बताया कि आरोपी सिमडेगा जिले के वायरलेस कार्यालय में पदस्थापित हैं और सोशल मीडिया के माध्यम से उनकी जान-पहचान हुई थी. पीड़िता के अनुसार, रांची में पढ़ाई के दौरान दोनों के बीच संपर्क बढ़ा और यह रिश्ता धीरे-धीरे निजी संबंध में बदल गया. इस दौरान उन्हें कई बार मिलने का अवसर मिला और एक-दूसरे के साथ शारीरिक संबंध भी बना. युवती का कहना है कि आरोपी ने उससे शादी का वादा किया था, जिसके आधार पर वह रिश्ते को आगे बढ़ाती रहीं. हालांकि, जब युवती ने विवाह को लेकर स्पष्ट बातचीत करनी चाही, तो आरोपी ने दूरी बना ली और संपर्क खत्म कर दिया.

युवती ने यह भी बताया कि वह स्थिति स्पष्ट करने के लिए सिमडेगा गई थीं, लेकिन वह उसे बस स्टैंड पर ही पीटने लगा और वहां से भाग गया. इसके बाद युवती ने रांची लौट कर महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई और मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है. पुलिस द्वारा अब पूरे मामले की जांच की जा रही है.

## 2 साल की बच्ची से चाचा ने की हैवानियत

**गढ़वा**। चिनिया थाना क्षेत्र में दो साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है. बच्ची को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने इस मामले में एक्शन लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. आरोपी रिश्ते में बच्ची का चाचा है. डीएसपी रोहित रंजन ने बताया कि बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है. उसकी उम्र करीब 2 वर्ष है. रिश्ते में चाचा ने भतीजी से दुष्कर्म किया. आरोपी ने उस वक्त बच्ची से हैवानियत की जब एक ट्रैक्टर में बिगड़ा हुआ था. उसी जगह उसके पिता बच्ची को साथ लेकर गए थे. तभी वहां से आरोपी बच्ची को गोद में लेकर चला गया. काफी देर तक जब बच्ची घर नहीं आयी तो खोजबीन की गयी. सोमवार शाम 5 बजे बच्ची को लेकर आया तो उस समय बच्ची बेहोशी की हालत में थी. बच्ची के पिता ने जब पूछा कि इसकी तबीयत कैसे खराब हुई तो वह कुछ भी बताने से इनकार करते हुए वहां से भाग गया. उसके बाद बच्ची को सदर अस्पताल ले जाया गया.

## देवघर श्रावणी मेला 2025 : सावन की शिवरात्रि का है विशेष महत्व



## बाबाधाम में जलाभिषेक के लिए कांवरियों की लंबी कतार

**शुभम संदेश। देवघर**

बुधवार को भी देवघर के बाबा मंदिर में कांवरियों की भारी भीड़ देखने को मिली. अहले सुबह से ही कांवरिया भगवान भोलेनाथ का नारा लगाते हुए मंदिर में लगे अरघा प्रणाली से जलाभिषेक करते दिखे. मंगलवार को रात्रि के 9:00 बजे से ही क्यू कॉम्प्लेक्स में कांवरिया जमा हो गए. सुबह साढ़े चार बजे ही भगवान भोलेनाथ का पट खोल दिया गया.मंगलवार की देर शाम तक करीब दो लाख तीस हजार कांवरियों ने भगवान भोलेनाथ के ज्योतिर्लिंग पर जलाभिषेक किया. वहीं बुधवार की सुबह कांवरियों की भीड़ को देखने के बाद यह अनुमान लगाया जा रहा है कि शाम तक कांवरियों की संख्या करीब ढाई लाख पार करेगी. बुधवार को बाबा धाम पहुंचे कई कांवरियों ने व्यवस्था को लेकर नाराजगी भी जताई. सुपौल जिले से आए कांवरिया ने कहा कि बिहार की तुलना में झारखंड में व्यवस्था ठीक नहीं है. बिहार में जगह-जगह पर कांवरियों की सुविधा का विशेष ख्याल रखा गया है. लेकिन देवघर पहुंचने के बाद झारखंड सरकार श्रद्धालुओं को लेकर कुछ खास सजग नहीं है.

### हर मनोकामना होती है पूरी : पुजारी

मंदिर के पुजारी ने कहा कि आज का दिन माता रानी का दिन है और बैद्यनाथधाम ही एक ऐसा धाम है, जहां पर सती के हृदय पर भगवान भोलेनाथ का ज्योतिर्लिंग स्थापित है. आज का दिन बेहद खास और शुभ है. आज की तिथि में ही भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था. इसलिए आज के दिन बैद्यनाथ धाम में भगवान शिव और माता पार्वती एक साथ विराजमान रहते हैं. इसलिए जो भी श्रद्धालु जलाभिषेक करेंगे उनकी हर मनोकामना पूर्ण होगी .वहीं मंदिर के वरिष्ठ पंडा जयदेव बाबा और बाबा विजय चंद्र कुंजीलवार ने बताया कि सनातन धर्म के अनुसार एक साल में बारह शिवरात्रि होते हैं, जिसमें सावन की शिवरात्रि बेहद खास और शुभ है. वहीं रूट लाइन में कतारबद्ध हुए श्रद्धालुओं की बात करें तो सुबह पांच बजे से ही काफी लंबी लाइन लगी थी.

### पलामू : चेन स्नैचर्स का पता बताने वालों को 25 हजार रुपए का इनाम !

# हर चौक-चौराहे पर लगे पोस्टर, हाई अलर्ट

**शुभम संदेश। मेदिनीनगर**




पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के इलाके में चेन स्नैचिंग करने वाले अपराधियों का पता बताने वाले को पुलिस 25 हजार रुपए का इनाम देगी. चेन स्नैचिंग की घटनाओं में शामिल अपराधियों के पूरे शहर में बैनर और पोस्टर लगाए जाएंगे. दरअसल, पिछले एक महीने में मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र में आठ चेन स्नैचिंग की घटनाएं हो चुकी हैं. वहीं करीब दो महीने पहले भी एक साथ तीन चेन स्नैचिंग की घटना हुई थी. चेन स्नैचिंग के दौरान अपराधियों ने केमिकल का भी इस्तेमाल किया था, जिसमें एक महिला बेहोश हो गई थी. लगातार चेन स्नैचिंग की घटनाओं के बाद पुलिस ने मेदिनीनगर शहर में हाई अलर्ट जारी करते हुए पूरे इलाके को सैनिटाइज किया है. कई चौक-चौराहे पर अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गई है और पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है. पुलिस की एक स्पेशल टीम चेन स्नैचिंग की घटनाओं का पता लगाने के लिए कई इलाकों में छापेमारी कर रही है. स्नैचिंग की घटनाओं को देखते हुए पलामू एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने पूरे मेदिनीनगर टाउन थाना के पुलिस पदाधिकारियों को तलब किया था. सभी पुलिस पदाधिकारियों को टास्क सौंपा गया है. इसी दौरान यह बात सामने आई कि चेन स्नैचिंग में शामिल अपराधियों पर पुलिस ने इनाम जारी किया है. अपराधियों का पता बताने वाले को 25 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा. चेन स्नैचिंग की घटनाओं में शामिल अपराधियों की जानकारी देने वाले का नाम, पता पुलिस गोपनीय रखेगी.

> चेन स्नैचिंग की घटनाओं को देखते हुए टाउन थाना के पुलिस पदाधिकारियों को बुलाया गया था और पूरे मामले की समीक्षा की गई थी. स्नैचिंग की घटनाओं में शामिल अपराधियों के खिलाफ इनाम घोषित किया गया है. साथ ही साथ उनके बैनर और पोस्टर पूरे शहर में लगाए जा रहे हैं. सावन को देखते हुए पूरे इलाके में हाई अलर्ट जारी किया गया है. मंदिरों और रोड पर निगरानी बढ़ाई गई है. कई इलाकों में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है और पूरे इलाके को सैनिटाइज किया गया है.
>
> **–मणिभूषण प्रसाद, एसडीपीओ, मेदिनीनगर सदर**

### केशरगढ़ा में कथित चाल धंसने की खबर पर दिन भर बाघमारा में चला हो-हंगामा

# सांसद ने कहा-बुलाई जाए एनडीआरएफ, नहीं तो थाने से नहीं जाएंगे

**शुभम संदेश। बाघमारा**

**एनडीआरएफ आई और खाली हाथ लौटी... सांसद भी चलते बने**



बाघमारा थाना क्षेत्र के केशरगढा में अवैध खनन के दौरान करीब कई मजदूरों की मौत की खबर फैलने के बाद बुधवार को बाघमारा में दिनभर हो हंगामा चलता रहा. एक तरफ गिरिडीह सांसद चंद्रपकाश चौधरी ने न सिर्फ संबंधित इलाके का दौरा किया बल्कि वारदात में मरने वालों की सूची जारी करते हुए एनडीआरएफ को बुलाने की मांग कर बाघमारा थाने में डेरा डाल दिया, तो दूसरी तरफ सांसद के खिलाफ केशरगढ़ा के लोगों ने जमकर नारेबाजी की, सांसद पर विस्थापन जैसे मुद्दों को छोड़कर कोयला चोरी पर बोलने का आरोप लगा. यहां पुलिस को बीच-बचाव करना पड़ा. हालांकि बाद में सांसद की मांग पर एनडीआरएफ की टीम भी आई और घटनास्थल की खाक छानने के बाद खाली हाथ लौट गई. इधर मामले को से ही वारदात की पुष्टि नहीं की गई थी. बताते चलें कि मंगलवार की रात यह खबर फैली थी कि केशरगढ़ में अवैध खनन के दौरान चाल धंस गई थी और कई मजदूर इसमें दब गए. हालांकि इस मामले को स्थानीय पुलिस ने पुष्टि नहीं की थी. दूसरे दिन सुबह बुधवार को गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी व जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय कथित घटना स्थल पहुंचे. सांसद ने केशरगढ़ में चाल धंसने से 5 मजदूरों की मौत का दावा करते हुए मृतकों की सूची जारी कर दी और पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए. सांसद चौधरी और जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय घटना स्थल केशरगढ़ पहुंचे तो वहां उन्हें स्थानीय ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा. यहां सांसद के खिलाफ नारेबाजी हुई और मुर्दाबाद के नारे लगाए. सांसद समर्थकों और स्थानीय लोगों के बीच तीखी बहस हुई, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया. किसी तरह पुलिस ने सांसद व विधायक को वहां से सुरक्षित निकाला. लोगों ने कहा कि केशरगढ़ में विस्थापितों की समस्याओं पर वर्षों से ध्यान नहीं दिया गया और अब चाल धंसने की अफवाह फैलाई जा रही है.

**सांसद ने बाघमारा थाना में डाला डेरा :** केशरगढ़ा से लौटने के बाद सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने बाघमारा थाना पहुंचे. यहां उन्होंने पुलिस अधिकारियों की क्लास लगा दी. साथ ही कहा कि जब तक एनडीआरएफ टीम नहीं आएगी, तब तक वहां से नहीं हटेंगे.

उन्होंने बाघमारा पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाया. सांसद ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस हमारी हत्या करना चाह रही है, लेकिन हमलोग न्याय को लेकर लड़ने वाले लोग हैं, असामाजिक तत्वों-माफियाओं से डरने वाले नहीं हैं. सांसद की मांग पर एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और वारदात के बाबत छानबीन की, देर शाम तक खाक छानने के बाद कोई भी साक्ष्य नहीं मिला, तब टीम लौट गई. इधर सांसद भी थाने से विदा हो गए.

**खुद से जीत:** झिझक और हिचकिचाहट तोड़ महिलाओं को समय पर स्क्रीनिंग कराने का संदेश

# टाटा ट्रस्ट्स का अभियान महिलाओं को कर रहा सर्वाइकल कैंसर जांच के लिए प्रेरित

**शुभम संदेश।रांची**

महिलाओं की सेहत से जुड़ी सबसे बड़ी लड़ाई कभी-कभी शरीर से नहीं, बल्कि उनके अपने डर, संकोच और चुप्पी से होती है. इसी भावनात्मक संघर्ष को केंद्र में रखकर टाटा ट्रस्ट्स ने 'खुद से जीत' नामक एक सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियान शुरू किया है. इस अभियान का उद्देश्य है महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर की समय पर जांच कराने के लिए प्रेरित करना और उनकी झिझक को दूर करना.



हाल ही में आयोजित एक पैनल चर्चा में डॉ. गौरवी मिश्रा (टाटा मेमोरियल सेंटर), डॉ. सविता गोस्वामी (साइको-ऑन्कोलॉजिस्ट), वंदना गुप्ता (कैंसर सर्वाइवर और वी केयर फाउंडेशन की संस्थापक) और डॉ. रुद्रदत्त श्रोत्रिय (टाटा कैंसर केयर फाउंडेशन) ने इस विषय पर गहन विचार साझा किए. डॉ. श्रोत्रिय ने बताया कि भारत में हर साल सर्वाइकल कैंसर के कारण लगभग 15 लाख स्वस्थ जीवन वर्ष का नुकसान होता है. इसका सबसे बड़ा कारण है, जागरूकता की कमी और महिलाओं की भावनात्मक हिचकिचाहट.

अभियान के अंतर्गत एक सामाजिक जागरूकता फिल्म भी लॉन्च की गई है, जिसमें एक महिला के आत्म-संदेह और डर से निकलकर स्क्रीनिंग कराने के फैसले की भावनात्मक यात्रा दिखाई गई है. टाटा ट्रस्ट्स की कम्युनिकेशन्स स्पेशलिस्ट शिल्पी घोष ने कहा कि यह सिर्फ बीमारी नहीं, बल्कि एक भावनात्मक अनुभव है. हमारा प्रयास है कि हर महिला यह महसूस करे कि उसकी सेहत जरूरी है और वह खुद को प्राथमिकता दे सकती है.

टाटा ट्रस्ट्स ने पिछले एक साल में झारखंड, ओडिशा, महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश में 26 हजार से अधिक महिलाओं की स्क्रीनिंग करवायी है. इस दौरान यह स्पष्ट हुआ कि सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद सामाजिक और मानसिक अवरोध महिलाओं को जांच से रोकते हैं. अभियान का उद्देश्य है, इन चुप्पियों को तोड़ना, शर्म और डर को दूर करना, और महिलाओं को वह आत्मविश्वास देना जिसकी उन्हें ज़रूरत है. समय रहते जांच से सर्वाइकल कैंसर के 95% मामलों का सफल इलाज संभव है, और टाटा ट्रस्ट्स इस दिशा में ठोस कदम उठा रहा है.

रातू में ऑपरेशन के बाद महिला बेहोश, डॉक्टर फरार

## अस्पताल पर लापरवाही का आरोप

**शुभम संदेश।रांची**

राजधानी रांची के रातू थाना क्षेत्र स्थित अमृत अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती एक महिला के ऑपरेशन के बाद उसकी हालत गंभीर हो गई है. परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर की लापरवाही से मरीज अब तक बेहोशी की हालत में है, जबकि ऑपरेशन करने वाला डॉक्टर मौके से फरार है. इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा हुआ. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए रातू थाना की पुलिस मौके पर पहुंची. जानकारी के अनुसार, रामगढ़ जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत मायल गांव निवासी तिजु साव ने अपनी पत्नी रूपा देवी (उम्र 38) को 18 जुलाई को अमृत अस्पताल में पथरी की सर्जरी के लिए भर्ती कराया था. परिजनों के अनुसार, 19 जुलाई को डॉ. सुशील कुमार ने लेज़र तकनीक से ऑपरेशन किया, लेकिन ऑपरेशन के बाद से ही रूपा देवी को होश नहीं आया. मरीज के पति तिजु साव ने रातू थाना में लिखित शिकायत दी है जिसमें उन्होंने डॉक्टर और अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि ऑपरेशन से पहले उनकी पत्नी सामान्य स्थिति में थीं और खुद चलकर ऑपरेशन थिएटर गई थीं. ऑपरेशन के बाद से अब तक वह कोमा जैसी अवस्था में हैं.

परिजनों का यह भी आरोप है कि जब मरीज की हालत गंभीर हो गई, तो अस्पताल प्रबंधन ने इलाज की जिम्मेदारी लेने के बजाय दूसरे अस्पताल में रेफर करने की सलाह दी. इससे गुस्साए परिजनों ने अस्पताल परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और अस्पताल प्रबंधन पर सख्त कार्रवाई की मांग की. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और डॉक्टर की तलाश की जा रही है.

रुई की आड़ में हो रही थी शराब की तस्करी

## दो गिरफ्तार, 23 हजार से ज्यादा शराब की बोतलें जब्त

**शुभम संदेश।रांची**

रांची पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है. पुलिस ने एक 14-चक्का ट्रक से 23,268 बोतल विदेशी शराब जब्त की है, जिसे प्लास्टिक बोरियों में भरकर रुई की आड़ में छिपाया गया था. इस कार्रवाई में दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गुमला की ओर से आ रहे एक भारी वाहन में बड़ी मात्रा में अवैध शराब लादकर रांची लाया जा रहा है. सूचना मिलते ही रांची के उपमहानिरीक्षक-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया. टीम ने बेड़ो थाना क्षेत्र के असरो भारत पेट्रोल पंप के पास एनएच-43 पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की जांच शुरू की.

**जांच के दौरान हुआ खुलासा :** संदिग्ध ट्रक को रुकवाने के बाद चालक और खलासी ने ट्रक में भरे सामान के बारे में जानकारी देने से इनकार कर दिया. जब ट्रक खोलकर जांच की गई तो उसमें मैकडॉवल नंबर 1 ब्रांड की हजारों बोतलें बरामद हुईं, जिन्हें रूई की बोरियों के नीचे छुपा रखा गया था. पूछताछ में दोनों गिरफ्तार आरोपियों के पास शराब से जुड़े कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए. पुलिस ने कहा कि यह कार्रवाई राज्य में अवैध शराब तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने के लिए की गई है. गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है.

**गिरफ्तार तस्करों की पहचान**

- अर्जुन सिंह उर्फ अर्जुन चौधरी (44 वर्ष), निवासी – ग्राम सनावड़ा, थाना सदर, जिला बाड़मेर, राजस्थान.
- जगदीश कुमार (19 वर्ष), निवासी ग्राम कापराऊ, थाना चौहटन, जिला बाड़मेर, राजस्थान.

## विवि में शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन की लोकतांत्रिक व्यवस्था बरकरार रखी जाए : अभाविप

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) रांची महानगर की ओर से वीर शहीद बुधु भगत विश्वविद्यालय (पूर्व नामः डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय) में एक प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा हाल ही में जारी की गई अधिसूचना को ₹तुगलकी फरमान₹ करार देते हुए उसे अत्यंत निंदनीय बताया गया. परिषद ने इस अधिसूचना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की है, ताकि छात्रों को पूर्व की भांति विश्वविद्यालय परिसर में लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज़ उठाने का अवसर मिलता रहे. केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य दिशा ने कहा कि छात्रहित सर्वोपरि है और इस अधिसूचना को या तो तुरंत रद्द किया जाए या उसमें आवश्यक संशोधन कर छात्रों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए. प्रदेश मीडिया संयोजक गुड्डू राय ने कहा कि छात्रों की समस्याओं का समाधान संवाद के ज़रिये ही संभव है और इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को संवाद की प्रभावी व्यवस्था करनी चाहिए. प्रतिनिधिमंडल में हर्ष राज, अंशुल उज्जैन, आनंद राज, प्रियांशु तिवारी और नितेश यादव शामिल रहे.

# रांची में आमजन जाम में फंसे, वजह लोगों को पता ही नहीं, भटकते रहे लोग

**शुभम संदेश।रांची**

मुझे अस्पताल पहुंचना था, मां की तबीयत खराब है. अब आधे घंटे से गाड़ी वहीं खड़ी है, न आगे जा सकते, न पीछे. – यह आवाज थी एक आम आदमी की, जो बुधवार की सुबह राजधानी रांची में अचानक लगे जाम में फंस गया. सुबह के 9:30 से 10:00 बजे का वक्त, जब हर कोई अपने समय की दौड़ में भाग रहा होता है—ऑफिस जाने वाला अपनी हाजिरी की चिंता में, दुकान वाला ग्राहक के इंतजार में, स्कूल-कॉलेज जाने वाले युवा अपनी पढ़ाई की फिक्र में. लेकिन राजधानी रांची की सड़कों पर बुधवार को एकाएक हालात ऐसे बने कि मानो समय ही ठहर गया हो.

**ना कोई सूचना, ना कोई चेतावनी:** कचहरी चौक से हरमू रोड, मोरहाबादी से रातू रोड—हर तरफ बस गाड़ियों की लंबी कतारें और लोग परेशान. कारण? राजभवन जाने वाले सभी रास्तों को अचानक बंद कर दिया गया. कई लोगों ने कहा कि वे रोज इसी रास्ते से दफ्तर जाते हैं लेकिन आज अचानक पुलिस ने बेरिकेड लगा दिया और कहा – आगे नहीं जा सकते. अगर इतना बड़ा कार्यक्रम था, तो हमें कल क्यों नहीं बताया गया? हर चौराहे पर यही सवाल था. किसी को ये मालूम नहीं था कि आखिर रांची की मुख्य सड़कें क्यों बंद हैं.

**ट्रैफिक पुलिस भी खामोश :** जब लोगों ने ट्रैफिक पुलिस से बात की, तो जवाब मिला – हमें कुछ नहीं पता, ऊपर से आदेश है. कुछ जगहों पर आम लोगों और पुलिसकर्मियों के बीच तीखी बहसें भी हुईं. लोगों का गुस्सा फूट पड़ा – हमें ऑफिस पहुंचना है, अटेंडेंस मिस होगी, सैलरी कटेगी. इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? यही कहते हैं ऑटो चालक सुरेंद्र, जिनकी कमाई का एक-एक मिनट कीमती होता है. बुधवार सुबह के तीन सवारी जाम में उतर गए, बोलते हैं देर हो रही है. अब बताइए, हमारा नुकसान कौन भरेगा?

**जाम में फंसे मरीज और विद्यार्थी :** हरमू से एक बुजुर्ग अपने बेटे के साथ अस्पताल जा रहे थे. लेकिन गाड़ी वहीं खड़ी रही. बेटे ने कहा – मेरे पिता को डायलिसिस के लिए ले जा रहा था. एक घंटे से गाड़ी नहीं हिली. अब हमें पैदल चलना पड़ रहा है. कॉलेज जा रही छात्रा अंकिता ने कहा –आज मेरी इंटरनल परीक्षा है. अब अगर लेट पहुंची तो मुझे जिम्मेदार ठहराया जाएगा. क्या प्रशासन को छात्रों की कोई फिक्र नहीं?



### शहर की नाकेबंदी का कारण
### चीफ जस्टिस का शपथ ग्रहण

बाद में जानकारी मिली कि झारखंड उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के शपथ ग्रहण समारोह के लिए राजभवन में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई थी. इसी कारण सभी मार्ग बंद कर दिए गए. इस समारोह में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, वरिष्ठ जज और अधिकारी मौजूद थे. शपथग्रहण एक गरिमामय अवसर था, लेकिन इसकी तैयारी ने आम लोगों की दिनचर्या को बुरी तरह प्रभावित किया. रांची के व्यवसायी मनोज वर्मा कहते हैं – हमें किसी कार्यक्रम से ऐतराज नहीं, लेकिन ये क्या तरीका है? एक दिन पहले सूचना दी जाती, वैकल्पिक मार्ग बताया जाता तो हम तैयार रहते. लेकिन बिना बताए रोक देना – यह सरासर अन्याय है.

### उधर प्रशासन मौन इधर जनता परेशान

सबसे चिंताजनक बात यह रही कि इस दौरान न तो प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की स्पष्ट सूचना दी गई और न ही ट्रैफिक पुलिस ने कोई वैकल्पिक योजना साझा की. नतीजा – रांची की आम जनता बेवजह तनाव, देरी और नुकसान का शिकार बनी. आम लोग जब ट्रैफिक पुलिस से पूछ रहे थे, भैया जाम क्यों है. तो जवाब मिला जाकर एसएसपी से बात कीजिए हमें कोई जानकारी नहीं.

## जीआरपी जवान के घर चोरों ने किया हाथ साफ, उड़ा ले गए 7 लाख के जेवर

**शुभम संदेश।रांची**

अनगड़ा में चोरों ने एक जीआरपी जवान के घर ही हाथ साफ कर दिया. दरअसल सुषमा कुमारी और उनके पति प्रेम कुमार हेसल खीराटोली अनगड़ा के निवासी हैं. 19 जुलाई की सुबह सुषमा को खबर मिली की उनकी सास का देहांत हो गया है. ऐसे में वे गांव के लिए निकल गईं. इस दौरान उन्होंने अपने एक परिचित को घर की चाभी दे रखी थी. बुधवार सुबह परिचित ने सुषमा को फोन कर पूछा की क्या उन्होंने अपने घर की चाभी किसी को दी है, क्योंकि घर का मुख्य दरवाजा खुला है. सुषमा ने परिचित को घर के अंदर जाकर देखने को कहा जिसके बाद चोरी का खुलासा हुआ. इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस को भी दे दी है. शिकायत के अंनुसार अज्ञात चोर ने अलमारी तोड़कर सोने-चांदी के गहने, नगद पैसे, ज़मीन से संबंधित कागजात और शैक्षणिक प्रमाण-पत्र की चोरी कर ली है. चोरी हुए सामानों में लगभग 15 ग्राम के दो सोने के चेन, 20 ग्राम का नेकलेस, 12 ग्राम के ईयररिंग, 10 ग्राम के लॉकेट, 2 ग्राम की अंगूठी, 15 ग्राम की चूड़ी, 2 ग्राम की नोज पिन, 100 ग्राम के चांदी की पायल (4 जोड़ी), 20 चांदी के चेन, 10 चांदी की बिछिया और 50,000 नगद शामिल हैं.

## अज्ञात शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**शुभम संदेश।रांची**

बुंडू थाना क्षेत्र के कांची नदी के किनारे से पुलिस ने बुधवार को सड़ी-गली अवस्था में एक व्यक्ति का शव बरामद किया है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कारवाई शुरू कर दी है. शव को देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वह काफी दिनों से नदी में बह रहा था, जिसके कारण वह पूरी तरह से सड़-गल चुका है. बरामद शव का सिर भी गलकर कंकाल में तब्दील हो गया है. पुलिस ने आशंका जताई है कि शव किसी ऐसे व्यक्ति का हो सकता है, जो काफी समय पहले लापता हुआ हो. बुंडू थाना पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि उनके थाना क्षेत्र से कोई व्यक्ति लापता हो, तो वे बुंडू थाना से संपर्क करे, ताकि शव की पहचान की जा सके. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है.

## रांची में पुराने अरगोड़ा चौक से रिंग रोड तक बनेगी 6.71 किमी फोरलेन सड़क

- 31.4 करोड़ रुपए की परियोजना

**शुभम संदेश।रांची**

राजधानी के यातायात को सुगम बनाने और जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए पथ निर्माण विभाग ने एक बड़ी परियोजना को मंजूरी दी है. इस परियोजना के तहत पुराने अरगोड़ा चौक (मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड-018) से नयासराय होते हुए पुदांग के रास्ते रिंग रोड तक फोरलेन सड़क का निर्माण किया जाएगा. इस 6.71 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क पर दो पुल भी बनाए जाएंगे. विभाग ने इसके लिए 31.4 करोड़ रुपये की लागत स्वीकृत की है और टेंडर जारी कर दिया गया है. 18 अगस्त को निविदा फाइनल की जाएगी और 14 माह के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है.

**इस सड़क से होंगे ये फायदे**

**जाम से राहतः** पुराने अरगोड़ा चौक से नयासराय होते हुए रिंग रोड तक सीधी और चौड़ी सड़क बनने से इलाके में जाम की समस्या काफी हद तक कम होगी.

**बेहतर कनेक्टिविटीः** सड़क के निर्माण से डीएवी आलोक, आईआईएम रांची, नयासराय और आसपास के क्षेत्रों को रिंग रोड से तेज़ और सुविधाजनक कनेक्टिविटी मिलेगी.

**यात्रा समय होगा कमः** फोरलेन सड़क के कारण आवागमन सुगम होगा और समय की बचत होगी.

**जमीन अधिग्रहण और अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू :** पथ निर्माण विभाग ने बताया कि इस परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. भू-अर्जन विभाग के सहयोग से रैयतों को नोटिस जारी किया जाएगा. 80 फीसदी जमीन उपलब्ध होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा. सड़क के रास्ते में आने वाले अवैध कब्जों और अतिक्रमण को भी हटाया जाएगा.

**दो जगह बनेंगे पुल**

1. पुराने अरगोड़ा चौक से करीब दो किमी आगे एक पुल का निर्माण होगा.
2. दूसरा पुल डीएवी आलोक के पास बनाया जाएगा.

**पथ निर्माण विभाग ने क्या कहा :** विभाग के इंजीनियरों ने बताया कि यह सड़क राजधानी के ट्रैफिक सिस्टम के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगी. इसके बनने से रांची के दक्षिणी हिस्से में बेहतर आवागमन के विकल्प उपलब्ध होंगे.

## एक नजर

### सावन सिंधारा उत्सव 27 को मनाया जाएगा



**रांची।** श्री जीण माता प्रचार समिति के सदस्यों की एक बैठक रांची में संपन्न हुई. इस अवसर पर आगामी 27 जुलाई को स्थानीय स्वर्ण भूमि बैंक्वेट हॉल में आयोजित मां श्री जीण भवानी के सावन सिंधारा उत्सव को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया. यह जानकारी समिति के सचिव नारायण विजयवर्गीय ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी. उन्होंने बताया कि पुरुलिया से भजन गायिका शीतल कटारूका अपने भजनों से माता का गुणगान करेंगी. उत्सव के कूपन 24 एवं 25 जुलाई को संध्या 4 बजे से 7 बजे तक सोमानी ब्रदर्स रंगरेज गली से दिए जाएंगे. कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष विजय पालड़ीवाल, सचिव नारायण विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष बजरंग सोमानी, सह सचिव प्रदीप शर्मा सहित अन्य सदस्य सहयोग कर रहे है.

### लायंस क्लब ऑफ रांची की कांवरिया सेवा



**रांची।** रांची पहाड़ी मंदिर के प्रवेश द्वार के सामने कांवरिया भक्तों के लिए लायंस क्लब के सदस्यों द्वारा नींबू शरबत एवं चना का प्रसाद वितरित किया गया. तत्पश्चात उन्हें स्मृति चिन्ह के रूप मे उपहार स्वरूप भोले बाबा का एक लाकेट भी दिया गया. कार्यक्रम के चेयरपर्सन लायन रवींद्र कुमार वर्णवाल ने अन्य सदस्यों के सहयोग से काफ़ी सफल आयोजन किया. ,कार्यक्रम में अन्य लायन सदस्यों में वीपी जायसवाल, राजेश मोर, मंजुला जायसवाल, रजनी मोर, सुनीता चौधरी, सुबोध कुमार वर्मा, बीना अग्रवाल ने भी इस धार्मिक कार्यक्रम में अपना भरपूर सहयोग किया. धीरज ग्रोवर की भूमिका भी सराहनीय रही. कार्यक्रम में क्लब के सचिव अनिल कुमार गोयल ने सभी सहयोगियों और सदस्यों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं.

### डोमिसाइल आंदोलन में जान गंवानेवालों को कल श्रद्धांजलि दी जाएगी : विजयशंकर नायक



**रांची।** डोमिसाइल आंदोलन में जान गंवानेवालों को श्रद्धांजलि देकर संकल्प दिवस मनाया जाएगा. यह जानकारी झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने दी. कहा कि 24 जुलाई 2002 को डोमिसाइल स्थानीयता आंदोलन में अपने हक, अधिकार, अस्तित्व और राज्य की नौकरियों में हिस्सेदारी के लिए संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले कैलाश कुजूर, विनय तिग्गा, और संतोष कुंकल की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर त्रिमूर्ति चौक, मेकॉन कॉलोनी, डोरंडा में दिन के 11 बजे माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया जाएगा. साथ ही, आदिवासी-मूलवासी समाज के अधिकारों और डोमिसाइल नीति को लेकर संकल्प लिया जाएगा.

### सभी जिलों में पौधरोपण, रक्तदान शिविर एवं प्याऊ की व्यवस्था

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं महामंत्री विनोद कुमार जैन ने प्रांतीय एवं प्रमंडलीय के सभी पदाधिकारियों के झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के विभिन्न पदों पर दायित्व ग्रहण करने पर बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए कहा है कि निश्चित रूप से सभी प्रमंडलों के विकास कार्यों एवं जनसेवा के कार्यों में गतिशीलता आएगी. एवं पूरे झारखंड मे संगठन की एकता जागृत होगी. उन्होंने सभी प्रमंडलीय अध्यक्ष एवं मंत्री तथा सभी जिला अध्यक्षों से अपने-अपने अधीनस्थ जिलों में कुछ निम्न कार्यक्रमों को चलाने हेतु एक पत्र प्रेषित कर कहा है कि वर्तमान में बारिश के समय को देखते हुए झारखंड के सभी जिलों में बृहद स्तर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम चलाया जाए. तथा सभी जिला एवं शाखा में प्रत्येक 3 माह में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए. प्रत्येक जिला एवं शाखा द्वारा स्थाई या अस्थाई प्याऊ की व्यवस्था की जानी चाहिए, प्याऊ के संचालन हेतु स्थानीय बस पड़ाव या रेलवे स्टेशन का चयन करना चाहिए.

### भैरव सिंह ने खटखटाया हाइकोर्ट का दरवाजा, गिरफ्तारी को बताया अवैध

**रांची।** हिंदूवादी नेता भैरव सिंह ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की है. उन्होंने अदालत से तत्काल रिहाई की मांग की है. याचिका में भैरव सिंह ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी संविधान के अनुच्छेद 22(1) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस 2023) की धारा 47 का उल्लंघन है. उन्हें 19 जुलाई को चुटिया थाना क्षेत्र में दर्ज एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया गया था. आरोप है कि उन्होंने 25 मई को स्मार्ट बाजार की पार्किंग में एक व्यक्ति के साथ मारपीट और धमकी दी थी. भैरव सिंह का कहना है कि गिरफ्तारी के समय न तो उन्हें और न ही उनके परिजनों को कोई सूचना दी गई, न ही कोई वारंट दिखाया गया. याचिका में उन्होंने गिरफ्तारी को विधि विरुद्ध करार देते हुए तुरंत रिहा करने की अपील की है. मामले में जल्द सुनवाई की संभावना है.

### झारखंड अगेंस्ट करप्शन कार्यसमिति की बैठक जल्द : दुर्गा उरांव

**रांची।** झारखंड अगेंस्ट करप्शन की केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक जल्द ही आयोजित की जाएगी, जिससे कि जिला और राज्य स्तर पर यह संगठन मजबूती से काम कर सके. यह जानकारी संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा उरांव ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी. दुर्गा उरांव ने बताया कि बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, जिलेवार जन-समस्याओं को धरातल पर जाकर उजागर करने और उनके समाधान की दिशा में कार्ययोजना तैयार करते हुए, काम करने पर चर्चा की जाएगी. बैठक की तिथि और समय आपसी समन्वय के बाद घोषित की जाएगी. उरांव ने बताया कि बैठक में केंद्रीय कार्यसमिति के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ-साथ जिला कार्यसमिति के अध्यक्ष, प्रधान सचिव एवं संगठन महामंत्री की उपस्थित अनिवार्य होगी.

**सफलता** झारखंड राज्य योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में सरला बिरला विवि के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

# पंकज कुमार महतो को स्वर्ण पदक और चैंपियन ऑफ चैंपियंस 2025 ट्रॉफी

**शुभम संदेश।रांची**

वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगासन स्पोर्ट्स (भारत) द्वारा मान्यता प्राप्त वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगासना स्पोर्ट्स, झारखंड चैप्टर के तत्वावधान में दो दिवसीय झारखंड राज्य योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन जमशेदपुर में किया गया. प्रतियोगिता में सरला बिरला विश्वविद्यालय (एसबीयू), रांची के बीएससी इन योगिक साइंस के छात्र पंकज कुमार महतो ने सीनियर ब्वॉयज ग्रुप 'बी' में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया और ₹डब्ल्यूएफएफ चैंपियन ऑफ चैंपियंस 2025₹ की ट्रॉफी अपने नाम की. चैंपियन ऑफ चैंपियंस



राउंड में उन्होंने एक मिनट पचास सेकंड तक वीरभद्रासन की मुद्रा में स्थिर रहकर प्रतियोगिता में सर्वोच्च स्थान हासिल किया.

एसबीयू के अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ. स्वातिलेखा महतो ने सुपर सीनियर महिला वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया. वहीं एमएससी योग विभाग की छात्रा रूपा कुमारी को ₹योग क्वीन प्रतिस्पर्धा₹ में भाग लेने के लिए प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई. प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न राज्यों से विभिन्न आयुवर्ग के प्रतिभागियों ने भाग लिया. इस अवसर पर प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के लिए चयनित सरला बिरला विश्वविद्यालय की योग विभाग की सहायक प्राध्यापिका अंजना कुमारी सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया गया. शानदार उपलब्धि पर सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन, राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा, रजिस्ट्रार प्रो. एसबी डांडिन, डीन डॉ. नीलिमा पाठक, एसोसिएट डीन डॉ. आरएम झा, योग विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना मौर्या, डॉ. विश्वजीत वर्मा सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षकगणों ने विजेताओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं.

# श्री राधाकृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में पांच दिवसीय श्री कृष्ण बीतक कथा 27 जुलाई से

**शुभम संदेश।रांची**

श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग रांची में 27 से 31 जुलाई तक पांच दिवसीय श्रीकृष्ण बीतक कथा का आयोजन किया जाएगा, जो आध्यात्मिक श्रद्धालुओं के लिए एक अनुपम अवसर होगा. ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल और प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि इस आयोजन में कथा वाचन विदुषी साध्वी मीणा महाराज एवं विदुषी साध्वी पूर्णा महाराज करेंगी. दोनों साध्वी अपनी मधुर वाणी, गहन आध्यात्मिक अनुभव और श्रद्धा से परिपूर्ण भावों के माध्यम से श्रीकृष्ण लीला, रासोत्सव, भक्ति योग एवं जीवन दर्शन की व्याख्या करेंगी.



श्रीकृष्ण बीतक कथा, केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह आत्मा के शुद्धिकरण, मन की शांति और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला एक महायज्ञ है.

कथा में भगवान श्रीकृष्ण के बाल्यकाल, युवावस्था, गीता ज्ञान, रासलीला एवं उनके अद्भुत चरित्र की व्याख्या की जाएगी. विशेषकर आज के युग में श्रीकृष्ण के उपदेश, धर्म के प्रति उनका समर्पण और निष्काम कर्म की भावना युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकती है. कथा हर दिन अपराह्न 2.30 बजे से शाम 5 बजे तक होगी और अंत में सामूहिक आरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा. श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं, भक्तों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस आध्यात्मिक महोत्सव में सपरिवार पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करें और भक्ति रस में सराबोर हों. यह कथा न केवल धार्मिक उन्नति का माध्यम है, बल्कि जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने का भी श्रेष्ठ अवसर है.

## ब्रीफ न्यूज

### वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र में लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. आरोपी की पहचान नरेश मुंडा पिता गैब्रियल मुंडा, ग्राम बंदुआ, थाना महुआडांड़ के रूप में हुई है. थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को ग्राम जाता में एक विशेष छापामारी अभियान चलाया गया, जहां से उसे गिरफ्तार किया गया. थाना प्रभारी मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नरेश मुंडा एक पुराने मामले में स्थाई वारंटी था और काफी समय से फरार चल रहा था.

### पथ निर्माण विभाग ने घाटी में लगवाया सूचना पट्ट

**लातेहार।** पथ निर्माण प्रमंडल, पथ निर्माण विभाग, लातेहार के कार्यपालक अभियंता प्रभाकर सिंह के निर्देश पर पर जिले के गारू प्रखंड के बारेसांढ़ घाटी में सूचना पट्ट लगाया गया. सूचना पट्ट में बताया गया है कि यह एक संकीर्ण व भू-स्लखन वाला क्षेत्र है. बता दें कि पिछले सप्ताह हुई लगातार बारिश में बारेसांढ़ घाटी में भू-स्खलन हुआ था और आवागमन बाधित हो गया था. हालांकि जानमाल की क्षति नहीं हुई थी. उसी स्थान पर यह सूचना पट्ट लगाया गया है. कार्यपालक अभियंता श्री सिंह ने इस क्षेत्र में लोगों से यात्रा करने के दौरान एहतियात बरतने की अपील की है.

### मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय के कक्षा 11 में नामांकन जारी

**लातेहार।** जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय विद्यालय (एसओई) लातेहार में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11 वीं में नामांकन जारी है. इस आशय की जानकारी विद्यालय की प्राचार्य तृप्ति भारती ने दी. उन्होंने बताया कि सत्र 2025-26 में कक्षा 11 वीं में रिक्त रह गयी सीटों में आगामी 31 जुलाई तक नामांकन की तिथि निर्धारति की गयी है. उन्होंने बताया कि नामांकन के लिए कला संकाय में न्यूनतम 45 प्रतिशत, विज्ञान में न्यूनतम 70 और वाणिज्य संकाय में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक अनिवार्य है. श्रीमती भारती ने बताया कि निर्धारित समय के बाद नामांकन नहीं लिया जायेगा .

### वज्रपात से मौत मामले में डालसा ने लिया संज्ञान

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत वज्रपात की घटनां में दो महिलाओं की मौत और दो घायल के मामले में डालसा पलामू ने संज्ञान लिया है. डालसा ने घायलों को बेहतर मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सिविल सर्जन को निर्देशित किया है. वहीं मृतकों को मुआवजे की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है. विदित हो कि इस संबंध में पारा लीगल वोलेंटियर के माध्यम मृतक के घर के लोग जिला विधिक सेवा प्राधिकार में आवेदन दिया था, प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन के प्रयास से त्वरित कार्रवाई करते हुए मुआवजा के लिए प्रक्रिया शुरू कर दिया गया है.

### होम्योपैथी पद्धति से निःशुल्क इलाज को लेकर लगा शिविर

**छतरपुर(पलामू)।** सीय होम्योपैथी पद्धति के द्वारा मुफ्त इलाज को लेकर छतरपुर प्रखंड कार्यालय में परिसर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया. शिविर के पहले दिन 186 व दूसरे दिन 70 मरीजों ने अपनी स्वास्थ्य की जांच कराकर मुफ्त दवा लिया. शिविर के नोडल पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार रवि ने बताया कि यह प्रखंड स्तरीय शिविर प्रत्येक माह लगाई जाएगी. स्वास्थ्य शिविर में डॉ शबाना प्रवीण, डॉ अखिलेश गुप्ता, योगा ट्रेनर पंचम कुमार, मो इस्लाम अंसारी आदि शामिल थे.

बगैर अनुमति चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर प्राथमिकी दर्ज कराएं

## दो से अधिक केंद्रों पर कार्यरत डॉक्टर को शोकॉज का निर्देश

**शुभम संदेश । मेदिनीनगर**



समाहरणालय सभागार में उपायुक्त समीरा एस ने आज पीसी एवं पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की. उन्होंने जिले में रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड क्लिनिक की जानकारी लेते हुए कहा कि पीसीपीएनडीटी टीम जिले में अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की लगातार जांच करते रहें और यदि बगैर रजिस्ट्रेशन के कोई भी अल्ट्रासाउंड करता पाया जाता है तो उस अल्ट्रासाउंड मशीन को सील करते हुए संबंधित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराएं.

बैठक में रूद्र इमेजिंग एंड डायग्नोस्टिक सेंटर, दिव्या अल्ट्रासाउंड व बंशीधर अल्ट्रासाउंड केंद्र के पंजीयन के नवीनीकरण से संबंधित आवेदन को प्रस्तुत कर बताया गया कि टीम द्वारा सभी आवश्यक जांच पूर्ण कर लिया गया है. इस पर उपायुक्त ने नवीनीकरण की स्वीकृति प्रदान की. इसी तरह पूर्व से संचालित तृप्ति अल्ट्रासाउंड, प्रकाश चंद्र जैन सेवासदन अल्ट्रासाउंड एवं राज डायग्नोस्टिक सेंटर छतरपुर द्वारा पुराने अल्ट्रासाउंड मशीन परिवर्तित कर नये मशीन का इंस्टालेशन रिपोर्ट पर चर्चा के दौरान उपायुक्त ने सभी पुराने मशीनों को सील करने के पश्चात ही नये मशीन का लाइसेंस निर्गत करने पर बल दिया.

इसी तरह लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में एक अदद नये अल्ट्रासाउंड मशीन के अधिष्ठापन एवं राजमती चिकित्सा केंद्र, घड़ा पट्टी के नवीनीकरण के प्राप्त आवेदन को भी स्वीकृति दी गई. बैठक में एक डॉक्टर द्वारा दो से अधिक अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कार्यरत रहने की भी चर्चा की गयी, जिसपर उपायुक्त ने ऐसों डॉक्टरों के विरुद्ध शोकॉज करने के निर्देश दिये. उन्होंने उपायुक्त ने सिविल सर्जन से कहा कि सभी केंद्रों पर लिंग भ्रूण जांच अपराध है से संबंधित सूचना लगा रहे, यह सुनिश्चित किया जाए.इसके अलावे सभी केंद्रों पर बेटी-बचाओ,बेटी पढ़ाओ संबंधी जागरूकता पोस्टर लगवाने पर भी बल दिया.

उन्होंने कहा कि अगर किसी भी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक में प्रसव से पहले लिंग परीक्षण किया जा रहा है या कन्या भ्रूण हत्या की जा रही है तो इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग या जिला प्रशासन को दें ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके. मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल, हेल्थ डीपीएम प्रदीप कुमार, सदस्य इंदुलेखा भगत, नीलम होरो समेत जिला सलाहकार समिति के सदस्य उपस्थित थे.

कांग्रेस का पलामू प्रमंडल स्तरीय संगठन सृजन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

## संगठन मजबूत होगा, तो जनसेवा की राजनीति भी आगे बढ़ेगी : डॉ इरफान

**शुभम संदेश । बरवाडीह**



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संगठन सृजन, प्रशिक्षण एवं मंथन कार्यक्रम का आयोजन पलामू प्रमंडल स्तर पर बेतला स्थित जनता लॉज में भव्य रूप से किया गया. यह कार्यक्रम झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा जारी परिपत्र संख्या-108 के आलोक में आयोजित हुआ. कार्यक्रम में नगरीय निकाय क्षेत्रों में नगर एवं वार्ड कांग्रेस कमेटियों के गठन को लेकर दिशा-निर्देश प्रस्तुत किए गए. इस महत्वपूर्ण बैठक में झारखंड सरकार के खाद्य आपूर्ति एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी, पर्यटन मंत्री सुदीबी कुमार सोनू, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सह झारखंड सह प्रभारी डॉ. सिरीवेलेना प्रसाद, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, वरिष्ठ कांग्रेस नेता के एन त्रिपाठी, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू, स्थानीय विधायक रामचन्द्र सिंह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शिरकत किया.

**संगठन विस्तार पर दिया गया जोर**

कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी परिपत्र के अंतर्गत नगरीय निकायों में कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने हेतु नगर एवं वार्ड स्तर की समितियों के गठन की प्रक्रिया पर विशेष चर्चा की गई. परिपत्र के अनुसार, नगर/वार्ड कांग्रेस अध्यक्ष चयन समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष, स्थानीय विधायक,पूर्व प्रत्याशी, सांसद/पूर्व प्रत्याशी, पूर्व निकाय चुनाव उम्मीदवार, एवं नगर निकाय क्षेत्र के कार्यकारी अध्यक्ष शामिल होंगे. यह समिति योग्य एवं सक्रिय नेताओं के नामों की अनुशंसा करेगी। संगठन में 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिलाएं एवं युवाओं को सुनिश्चित करने का स्पष्ट दिशा-निर्देश दिया गया है.मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस एक विचारधारा है और हमारी जिम्मेदारी है कि इस विचारधारा को गांव, पंचायत से लेकर शहर के वार्ड स्तर तक मजबूती से स्थापित करें. संगठन जितना मजबूत होगा, उतनी ही मजबूती से जनसेवा की राजनीति आगे बढ़ेगी. नगर निकायों में कांग्रेस की भागीदारी बढ़ाने के लिए हम सबको एकजुट होकर कार्य करना होगा.

### मैं हर स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा हूं : विधायक

विधायक रामचन्द्र सिंह ने कहा बरवाडीह जैसे ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी निकायों तक कांग्रेस को एकजुट और सशक्त बनाना समय की मांग है. संगठन सृजन की यह पहल स्वागतयोग्य है. मैं हर स्तर पर कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा हूं और जनता के विश्वास को जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक दी जाएगी. उन्होंने बताया कि नगर निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक में आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर भी गहन समीक्षा की गई. नगर अध्यक्षों के कार्यों की रिपोर्टिंग, कमेटी गठन की प्रगति, एवं क्षेत्रीय राजनीतिक समीकरणों पर चर्चा की गई. साथ ही, पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर जमीनी स्तर पर कांग्रेस को मजबूत करने की रणनीति बनाई गई. इस कार्यक्रम ने कांग्रेस संगठन के अंदरुनी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध किया. मौके पर पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख , गढ़वा जिला कांग्रेस अध्यक्ष औबेदुल्ला अंसारी, पलामू जिला प्रभारी विनय सिंह दीपू गढ़वा जिला प्रभारी सतनारायण सिंह लातेहार जिला सह प्रभारी अजय नाथ शाहदेव चंद्रशेखर शुक्ला पूर्णिमा पांडे रुद्र शुक्ला विजय चौबे सुरेंद्र भारती लातेहार प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मोती उरांव असगर खान आमिर हयात लाडले हसन रेगन कुमार दरोगी यादव, कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष गुजर उरांव, पलामू जिलाध्यक्ष बीटू पाठक, जिला मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी, युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह (पिंटू), विजय बहादुर सिंह, रंजीत कुमार , हेसामुल अंसारी, शिवानंद तिवारी, अनिल सिंह, रविंदर राम, शहीद अंसारी, अजीत कुमार समेत तीनों जिला के कई कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद थे

### लातेहार में किसानों को मधुमक्खी पालन के लिए प्रेरित किया गया

**लातेहार।** प्रखंड के जेएसएलपीएस के सभागार में बुधवार को मधु किसानों के लिए मधुमक्खी पालन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. मौके पर मुख्य रूप से मौजूद जिला कार्यक्रम प्रबंधक संतोष कुमार ने किसानों को मधु मक्खी पालन के लिए प्रेरित किया. कहा कि मधुमक्खी पालन के लिए न्यूनतम पूंजी और भूमि की आवश्यकता होती है.प्रशिक्षक लाबेस कुमार ने मधु मक्खीपालन की विस्तृत जानकारी दी. उन्होने बताया कि मधुमक्खी पालन पारंपरिक और आधुनिक दोनो तरीकों से किया जाता था. उन्होने बताया कि मधुमक्खी पालन से शहद, मोम, प्रोपोलिस, रॉयल जेली और मधुमक्खी जहर प्राप्त किया जाता है. मधुमक्खियां फसल परागण में मदद करती हैं. उन्होने किसानों को पालन हेतु निवेश की जानकारी दी.प्रशिक्षण में डीएमएलएच अंकित कुमार ने शहद के गुण और उपयोग की जानकारी दी. उन्होने बताया कि शहद में प्राकृतिक शर्करा, विटामिन और मिनरल होते हैं. शहद का उपयोग औषधि और स्वास्थ्य लाभ के लिए किया जाता है. शहद का उपयोग विभिन्न खाद्य पदार्थों और पेय में किया जाता है, बीपीएम आलोक कुमार कहा कि प्रशिक्षण से कार्य में दक्षता आती है. प्रशिक्षण से मधुमक्खी पालक सही तरीके से मधुमक्खियों की देखभाल किया जा सकता है. सही प्रबंधन से शहद उत्पादन बढ़ सकता है. मौके पर बीपीओ सुजीत कुमार, सीसी संजय कुमार, महेश सिंह, प्रशिक्षक लाभेश कुमार समेंत अन्य सखी मंडल के सदस्य उपस्थित थे.

## ब्लीचिंग का छिड़काव जल्द करे नगर निगम : अरुणा शंकर



**शुभम संदेश । मेदिनीनगर**

बरसात के मौसम को देखते हुए जलजनित बीमारियों से लोगों के बचाव को लेकर मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सहायक नगर आयुक्त से मिलकर निगम क्षेत्र में नालियों की सफाई व ब्लीचिंग का छिड़काव की मांग की है. उन्होंने कहा कि हम सबों के कार्यकाल में गर्मी खत्म होते ही निगमकर्मियों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से बड़े छोटे नालों की सफाई शुरू कर दी जाती थी लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि हमलोगों के प्रशासनिक कार्यकाल में ऐसी सफाई कहीं देखी नहीं गई. सफाई नहीं होने के कारण गत दिनों भारी बारिश के दौरान कई मोहल्ले में घरों पानी घुस गए, जबकि मुख्य सड़कों पर जलजमाव हो गया. अभी एक महीना और भारी बारिश की संभावना है. इस वाटर ब्लॉकेज में हम लोगों को कई भूमि अतिक्रमण के कारण या फिर नाला छोड़े बिना अपनी भूमि का घेराव के कारण भी वाटर ब्लॉकेज देखने को मिला जिसे प्रशासन एवं स्थानीय बुद्धिजीवियों के साथ बैठकर उसे तत्काल समाधान करना चाहिए अन्यथा इसका दूरगामी प्रभाव पड़ेगा.

## मेसर्स रौशन ड्रग स्टोर की अनुज्ञप्ति रद्द

### पांच थेक विक्रेताओं की औषधि अनुज्ञप्ति निलंबित
### औषधि निरीक्षक ने औषधि अनुज्ञप्ति निलंबन की कार्रवाई को बताया नियमानुकूल

**शुभम संदेश .मेदिनीनगर**

बिना वैधानिक औषधि अनुज्ञप्ति प्राप्त 5 थोक विक्रेताओं द्वारा औषधियों की आपूर्ति की गई थी, जो औषधि एवं अंगराग अधिनियम का उल्लंघन है. इन संस्थानों से स्पष्टीकरण पूछते हुए इन संस्थाओं की औषधि अनुज्ञप्ति निलंबित कर दी गई है.इस संबंध में औषधि निरीक्षक ने बताया कि सभी पांच थोक विक्रेताओं को 60 दिनों के लिए अनुज्ञप्ति निलंबित की गई है. जिन संस्थाओं को निलंबित किया गया है, उनमें सभी डालटनगंज के हैं.इन संस्थानों में अमित मेडिकल एजेंसी, श्री भवानी फार्मा, मेसर्स अन्विका डिस्ट्रीब्यूटर, मेसर्स सिद्धार्थ मेडिकल एजेंसी एवं मेसर्स सुमित्रा मेडिकल एजेंसी शामिल हैं.उन्होंने नियमों का हवाला देते हुए नौडीहा बाजार के मेसर्स रौशन ड्रग स्टोर की अनुज्ञप्ति रद्द किए जाने एवं 5 थोक विक्रेता संस्थानों को स्पष्टीकरण पूछते हुए औषधि अनुज्ञप्ति निलंबित किए जाने की बातें कही है.औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों के निलंबन से आक्रोशित दवा दुकानदारों द्वारा असंवैधानिक रूप से कार्यालय में हंगामा एवं निलंबन का विरोध किए जाने से संबंधित दिनांक 17 जुलाई को समाचार पत्रों में छपी खबर पर उपायुक्त समीरा एस. ने संज्ञान लिए जाने के बाद जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने औषधि निरीक्षक को समाचार एवं उससे संबंधित पत्र भेजे जाने पर औषधि निरीक्षक ने जवाब देते हुए स्पष्ट किया है कि स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड के उप सचिव के पत्र के आलोक में मेसर्स रौशन ड्रग स्टोर नौडीहा बाजार में प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी एवं पुलिस बल के साथ छापेमारी की गई. इसमें पाया गया कि संस्थान को प्रपत्र 20 ए एवं 21 ए में अनुज्ञप्ति प्राप्त है. इस प्रपत्र में जो लाइसेंस निर्गत की जाती है, इन संस्थानों में रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट नियुक्त नहीं रहते हैं, जिनके कारण फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में एससीएच, सी, सीवन, एच, एचवन, जी, एक्स की औषधियों का क्रय- विक्रय नहीं की जा सकती है. निरीक्षण के समय पाया गया कि संस्थान द्वारा वैसी औषधियों का भी क्रय कर संचयन किया गया है, जिसके लिए वे प्राधिकृत नहीं थे, क्योंकि ऐसी औषधियों का क्रय-विक्रय एवं संचयन हेतु उन्हें वैध अनुज्ञप्ति प्राप्त नहीं था.निरीक्षण के समय नियमानुकूल विहित प्रपत्र-16 में वैसी औषधियों एवं उसके क्रय-विपत्र संबंधित विपत्रों को भी जब्त किया गया, जिसके लिए वह स्टोर प्राधिकृत नहीं थे.इस आलोक में ड्रग स्टोर की अनुज्ञप्ति को रद्द की गई है.उन्होंने यह भी बताया कि फेडरेशन द्वारा इस प्रकार का धरना प्रदर्शन संस्थान के औषधि अनुज्ञप्ति निलंबन के कारण की गई है, जो न्यायसंगत नहीं है.

**वन महोत्सव** लातेहार में 76वें वन महोत्सव कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

## वन महोत्सव प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है: प्रकाश राम

**शुभम संदेश। लातेहार**



वन प्रमंडल एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वावधान में 23 जुलाई को वन प्रमंडल लातेहार के तत्वावधान में राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय पांडेयपूरा में 76 वें वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

मौके पर बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक प्रकाश राम, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, जिप सदस्य विनोद उरांव आदि मौजूद थे.

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री राम ने कहा कि वन महोत्सव केवल एक प्रतीकात्मक आयोजन नहीं है, बल्कि यह प्रकृति से जुड़ाव, जलवायु संतुलन और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

उन्होंने अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील लोगों से की. मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है. हर व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसका संरक्षण भी करना चाहिए. तभी इस अभियान की सार्थकता सिद्ध होगी. मौके पर विधायक प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, पवन कुमार, संत कुमार व गौरव दास के अलावा कई पदाधिकारी व स्कूली छात्र-छात्रा तथा अन्य जनप्रतिनिधि आदि मौजूद थे.

### लातेहार से कावंरियों का जत्था बाबाधाम रवाना

**लातेहार।** जागृति कावंरिया संघ, नावागढ़ के तत्वावधान में कावंरियों का एक जत्था देवधर बाबाधाम के लिए बुधवार को रवाना हुआ. इससे पहले श्रद्धालुओं ने नावागढ़ के विभिन्न मंदिरों में माता टेका और कुशल यात्रा की कामना की. कावंरिया दल में शामिल रमेश, रौशन व रीतेश आदि ने बताया कि वे बाबाधाम में जा कर अपने परिवार के अलावा क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना करेगें. उन्होने बताया कि प्रति वर्ष नावागढ़ ग्राम से कावरियों का जत्था बाबाधाम के लिए रवाना होता है.श्रावण माह में बाबाधाम जाने का महत्व होता है. श्रावण माह में श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं. कावंरियों में मुकेश प्रसाद, मिथिलेश प्रसाद, भोला प्रसाद, अंकित प्रसाद, पप्पू,विवेक प्रसाद, सीटू प्रसाद, सूरज प्रसाद, दिलीप प्रसाद, कुंदन प्रसाद, व गणेश प्रसाद आदि शामिल हैं.

### दीक्षांत समारोह आज, शामिल होंगे राज्यपाल, तैयारी पूरी

**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रखंड के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह गुरुवार को होगा.समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार उपस्थित रहेंगे.वहीं पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल होंगे.इसकी जानकारी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने दी.उन्होंने बताया कि समारोह की सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है.विदित हो कि पलामू उपयुक्त समीरा एस सहित जिला प्रशासन के कई आलाधिकारियों ने मंगलवार को ही कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया था. उपयुक्त ने सुरक्षा व व्यवस्था को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया था.इधर राज्यपाल के आगमन को लेकर क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है

## एक नजर



### ऑक्सफोर्ड के बच्चों ने ओलंपियाड में लहराया परचम

**मेदिनीनगर।** साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक अध्ययन ओलंपियाड में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपनी श्रेष्ठता साबित की है. विद्यालय के कक्षा छह की छात्रा अनन्या कुमारी ने जोनल रैंक में 3 एवं इंटरनेशनल रैंक में 10 वाँ तथा कक्षा चार के अंशुमान राज ने जोनल रैंक में 13 एवं इंटरनेशनल रैंक में 18 वाँ रैंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है. अनन्या को 1000 रूपए व अंशुमान को 500 रूपए का गिफ्ट वाउचर के साथ ही दोनों को सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सीलेंस प्रदान किया गया. विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने दोनों मेधावी पुरस्कृत छात्रों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि देते हुए कहा कि हमारा विद्यालय इसी प्रकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनाने एवं बच्चों को उत्कृष्ट स्थान दिलाने को संकल्पित है. बच्चे मन लगाकर अध्ययन करें एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के विशेष मार्गदर्शन का पालन करते रहें.

### स्वास्थ्य शिविर में 200 से अधिक रोगियों का हुआ इलाज



**पांडू(पलामू)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 200 से अधिक बुजुर्ग एवं ग्रामीण रोगियों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाएं दी गईं. यह शिविर सरकार की पहल पर आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे रोगियों को उपचार उपलब्ध कराना था, जो संसाधनों की कमी के कारण बाहर इलाज नहीं करा पाते.शिविर में आए मरीजों को गैस्ट्रिक, बवासीर, सर्दी-जुकाम, बुखार, जोड़ों के दर्द एवं अन्य सामान्य रोगों के लिए जांच कर इलाज किया गया. मौके पर डॉक्टर मुजम्मिल अंसारी ने बताया कि यह शिविर उन जरूरतमंदों के लिए विशेष रूप से लाभकारी रहा जो अब तक स्वास्थ्य सुविधा से वंचित थे.शिविर में डॉक्टर अशफाक अंसारी, योग शिक्षक सुनील कुमार एवं धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने रोगियों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श व दवा दी. इस तरह के आयोजन से ग्रामीण जनता को स्थानीय स्तर पर इलाज की सुविधा मिल रही है. ग्रामीणों ने इस प्रयास की सराहना की.

### भू-दान यज्ञ कमेटी की जमीन पर कब्जा हुआ विफल

**चंदवा ( लातेहार)।** चंदवा अंचल के कुसुम टोली में भू- दान यज्ञ कमेटी की जमीन का अवैध रूप से करा रहे निर्माण को अंचलाधिकारी ने रूकवा दिया है. बताते चलें कि उक्त जमीन को लखन लोहार के पिता मिर्जा लोहार भूदान यज्ञ कमेटी पलामू के द्वारा सन् 93-94 दिया गया था. कुछ दिनों पूर्व पवन कुमार पिता अर्जुन प्रसाद के द्वारा फर्जी तरीके से उस जमीन को खरीद कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था. इसे लेकर लखन लोहार ने उपायुक्त लातेहार और अचंलाधिकारी चंदवा को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी.आवेदन का असर देखा गया. अधिकारियों ने आवेदन पर संज्ञान लिया और पवन के द्वारा उक्त जमीन पर कराये जा रहे काम को बंद करने का आदेश मंगलवार को दिया गया. काम बंद करने के आदेश के बाद लखन लोहर और उसके स्वजनों के चेहरे पर संतुष्टि का भाव दिखा. उन्होने अधिकारियों को धन्यवाद दिया. वहीं पवन से जब अंचल कार्यालय के द्वारा काम रोके जाने के बाबत पूछा गया तो उसने बताया कि यह मेरा कोई मामला नहीं है. जिसका जमीन है वह समझेगा. विजय लोहार का जमीन है और मुझे काम करने का जिम्मा मिला था. मैं सिर्फ काम करवा रहा था बाकि मेरा कोई मामला नहीं है.

### 25 लाख में हुई थी कब्रिस्तान की घेराबंदी, ढह गयी दीवार



बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड के मासियातू में 25 लाख रुपये की लागत से समेकित जनकल्याण विभाग अभिकरण के तहत निर्मित कब्रिस्तान घेराबंदी एवं सुंदरीकरण योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है. निर्माण कार्य में जम कर अनियमितता बरते जाने से बाउंड्री वॉल कुछ ही महीनों में धराशायी हो गई. स्थानीय लोगों के अनुसार निर्माण कार्य में बेहद घटिया सामग्री का उपयोग किया गया था. बिचौलिए पदाधिकारी और अध्यक्ष की मिली भगत से इस योजना में पैसों का बंदरबांट कर लिया गया. दीवार का हाल ऐसा है कि बारिश या मामूली झटकों से भी वह टिक नहीं पा रही है. ग्रामीणों ने पूछा है कि जब लाखों की योजना पर काम हुआ था, तो उसका यह हाल क्यों है. क्या बिना निरीक्षण के ही योजना की राशि का भुगतान कर दिया गया या कार्यान्वयन एजेंसी से कोई जवाबदेही तय की जाएगी. ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मामले में उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए और दोषी पदाधिकारियों एवं संवेदकों पर कार्रवाई की जानी चाहिए. जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी ने कब्रिस्तान चहारदीवारी गिर जाने के मामले में नाराजगी जाहिर करते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने की की मांग जिला उपायुक्त से की है.

### हुसैनाबाद के महुअरी का पैक्स चुनाव स्थगित



**हुसैनाबाद(पलामू)।** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत शबानो-महुअरी पैक्स चुनाव को लेकर ग्राम झरहा स्थित पैक्स भवन में पूर्व में प्रकाशित मतदाता सूची पर मंगलवार को आपत्ति दर्ज करने की अंतिम तिथि थी. इस अवसर पर पैक्स के कई सदस्यों ने निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार के समक्ष अपनी आपत्तियां और सुझाव प्रस्तुत किए.सदस्य लवकुश सिंह ने मांग की कि जिन मृत सदस्यों के नाम सूची से हटाए गए हैं, उनके परिवार के पात्र उत्तराधिकारियों को सदस्यता सूची में शामिल किया जाए. वहीं सत्यनारायण सिंह ने 89 पूर्व सदस्यों की वैधता पर सवाल उठाते हुए मतदाता सूची का पूर्ण निरीक्षण व सुधार करने तथा चुनाव को तत्काल स्थगित करने की मांग की.पैक्स अध्यक्ष विमलेश पासवान ने सुझाव दिया कि इस समय किसान धान की रोपाई में व्यस्त हैं, ऐसे में चुनाव कराने से उन्हें असुविधा होगी. उन्होंने चुनाव की तिथि अक्टूबर-नवंबर में निर्धारित करने की मांग की ताकि सभी सदस्य सहज रूप से भाग ले सकें.निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जब तक मतदाता सूची में सुधार नहीं हो जाता, तब तक चुनाव स्थगित रहेगा. उन्होंने सभी की आपत्तियों को गंभीरता से संज्ञान में लेने की बात कही.मौके पर जमुना सिंह, सुदर्शन सिंह, विनय कुमार सिंह, संजय पासवान, कन्हाई पासवान, प्रमोद पासवान, सुरेंद्र सिंह, अमरेंद्र सिंह, दीपक सिंह, नीरज सिंह समेत कई किसान उपस्थित थे.

### कला दल कर रहे हैं सरकारी योजनाओं का प्रसार

**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की पलामू प्रमंडलीय इकाई के तत्वावधान में झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विभिन्न कला दलों द्वारा पूरे पलामू प्रमंडल के लातेहार, गढ़वा एवं पलामू जिले के सुदूरवर्ती गांवों/ पंचायतों में गीत नाट्य के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है ताकि यहां के लोगों में जागरूकता आ सके। आम लोगों को विशेषकर मईंया सम्मान योजना, मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, नशा मुक्त जीवन हो हमारा आदि जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए जागरूक किया गया। इन योजनाओं से संबंधित पंपलेट भी लोगों के बीच बांटे गये.

## ब्रीफ न्यूज

### मरकच्चो में जंगली हाथी ने युवक को कुचला, मौत

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखण्ड अंतर्गत चोपनाडीह के निकट बेलाडीह गांव में बुधवार की दोपहर एक हाथी ने एक युवक को कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था. हालांकि उपचार के लिये रांची ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गयी. युवक की पहचान बेलाडीह गांव निवासी 29 वर्षीय सद्दाम अंसारी, पिता मंसूर अंसारी के रूप में की गई है. ग्रामीणों के अनुसार हाथियों का झुंड देर रात से ही मरकच्चो प्रखण्ड के चोपनाडीह ग्रामीण इलाकों में भ्रमणशील था. बुधवार की सुबह खेती के लिए गए स्थानीय दो लोगों के मोटरसाइकिल को भी हाथियों ने क्षतिग्रस्त कर दिया था, जिसकी जानकारी उनके द्वारा गांव में आकर दी गई थी.

### बरही में पेपर लदा ट्रक पलटा, कोई हताहत नहीं

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत जवाहर घाट पुल के पास बुधवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया. उड़ीसा से पेपर लादकर पटना जा रही बारह चक्का ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई. हादसा सुबह करीब 3 से 4 बजे के बीच हुआ.गौरतलब है कि ट्रक पुल के नीचे गिरने से बाल-बाल बच गई, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई. ट्रक में मौजूद उपचालक ने बताया कि पुल से ठीक पहले तीखा मोड़ था, जहां चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक पलट गई.घटना की सूचना मिलते ही बरही थाना की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया.

### चंदवारा में सड़क दुर्घटना में एसआई हुआ घायल

**चंदवारा (कोडरमा)।** चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाईन गेट के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एसआई बुरी तरह से घायल हो गये. मिली जानकारी के अनुसार एसआई राकेश सिंह बाइक पैशन प्रो पर सवार होकर चंदवारा से पुलिस लाईन आ रहे थे.तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया, जिससे वे बुरी तरह से घायल हो गए. घटना के सूचना मिलते ही चंदवारा थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार ने घायल एसआई को सदर अस्पताल कोडरमा में भर्ती कराया गया, जहाँ डॉक्टर ने बेहतर इलाज के लिए राँची रिम्स रेफर कर दिया गया.बताया जाता है कि एस आई राकेश सिंह पुलिस लाईन में लाइन बाबु के पद पर कार्यरत है.

### 12 लोगों पर बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**बरही।** बरही प्रखंड में बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कनीय विद्युत अभियंता अभिषेक आनंद ने 12 लोगों के विरुद्ध बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. इन सभी पर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करने का आरोप है.प्राप्त जानकारी के अनुसार करियातपुर, धनवार और पटना रोड स्थित गिलान टोला क्षेत्र के कई निवासी बिना वैध कनेक्शन के बिजली का उपभोग कर रहे थे. विद्युत विभाग की जांच में ये मामले उजागर हुए, जिसके बाद संबंधित व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई की गई.प्राथमिकी में जिन लोगों के नाम शामिल हैं, उनमें करियातपुर निवासी पार्वती देवी, नंदकिशोर प्रसाद, रंजीत ठाकुर, सत्रुधन सिंह, सोनू कुमार, दिलीप कुमार, संतोष भगत, असमुनिया खातून, शाजदा खातून, राजू केशरी एवं गुड्डू मालाकार शामिल हैं.बिजली विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की चोरी न केवल अवैध है, बल्कि इससे राजस्व की हानि भी होती है. विभाग ने चेतावनी दी है कि भविष्य में ऐसे अभियानों को जारी रखा जाएगा .

## आखिर क्यों पूर्व सांसद को जोड़ना पड़ा हाथ, पैर पकड़ने की कह दी बात

# अक्षयपात्रा योजना अपने उद्देश्य से कोसों दूर : जयंत सिन्हा

**प्रदीप सिन्हा । हजारीबाग**



हजारीबाग में अक्षयपात्रा योजना जिस उद्देश्य के साथ शुरु की गई थी वह अब तक पूरा नहीं हो पाया है. अक्षयपात्रा योजना के तहत जिले भर वैसे सरकारी स्कूल जहां मध्याह्न भोजन का संचालन होता है, उनके लिए पौष्टिक भोजन को लेकर बच्चों को मध्यान भोजन पहुंचना था, जो अभी महज 27 स्कूलों तक ही सीमित रह गया है. हजारीबाग के पूर्व सांसद जयंत सिन्हा ने इस योजना को धरातल पर उतरा था. उन्होंने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से हाथ जोड़कर प्रार्थना की है कि इस योजना को पूरा अवश्य करें. अक्षयपात्रा के लक्ष्य पूर्ति को लेकर हजारीबाग के पुर्व सांसद जयंत सिन्हा जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि का हाथ जोड़कर यह विनती कर रहे हैं कि अक्षय पत्र योजना जिस उद्देश्य के साथ धरातल पर उतरा गया था उसे पूरा कर दें. उन्होंने यह भी कह दिया कि अगर नौबत आयी तो वे पैर पकड़ने के लिए भी तैयार हैं . ज्ञात हो कि देश के पूर्व राज्य उड्डयन मंत्री जयंत सिन्हा ने बड़े ही उत्साह के साथ इस योजना को धरातल पर उतरा था कहा जाए तो यह जयंत सिन्हा जब सांसद थे तो उनका ड्रीम प्रोजेक्ट था. सरकारी विद्यालय के बच्चों को मध्याह्न भोजन के रूप में बेहतर गर्म पौष्टिक खाना मिले इसे देखते हुए अक्षय पत्र योजना धरातल पर उतरे गई थी. जिसके तहत एक लाख बच्चों को मध्यान भोजन देना था. महज कुछ ही विद्यालय में मध्यान भोजन पहुंच रहा है. जयंत सिन्हा ने कहा कि बच्चों के भविष्य और उनके स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ ना करें. अक्षय पात्र एक महत्वपूर्ण योजना है. जिसका एकमात्र उद्देश्य बच्चों के हित के लिए है. एक बॉयलर के कारण खाना तैयार नहीं हो रहा है और इसे देखने वाला कोई नहीं है. उन्होंने कहा कि अब वह हजारीबाग के एक साधारण जानता है इस कारण सिर्फ वह प्रार्थना ही कर सकते हैं.हजारीबाग के उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने इस मामले को गंभीरता से भी लिया है. इन्होंने विश्वास जताया है कि कुछ समस्या आ रही है. उसे समस्या को दूर करके बच्चों को गर्म और पौष्टिक खाना उपलब्ध कराया जाएगा. हजारीबाग में स्थापित अक्षयपात्रा रसोईघर झारखंड का सबसे बड़ा रसोई घर है जहां एक साथ 10000 किलो चावल, 5000 किलो दाल और 5500 किलो सब्जी बनाने की योजना थी. यहां से सरकारी स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन पहुंचाया जाएगा 1 यहां भोजन बनाने के लिए स्थानीय बाजारों से सब्जी खरीदी जाएगी जिससे किसानों को लाभ पहुंचेगा लेकिन यह योजना महज कुछ स्कूल तक ही सिमट कर रह गई है .

## उपायुक्त ने जयनगर अंचल कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, लापरवाही उजागर

# सभी कर्मचारियों का वेतन रोका, एक को किया निलंबित



**शुभम संदेश । जयनगर**

उपायुक्त श्री ऋतुराज ने बुधवार को प्रखंड का व्यापक औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान अंचल कार्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूपायडीह और उत्क्रमित उच्च विद्यालय रूपायडीह का दौरा कर व्यवस्था का जायजा लिया.

अंचल कार्यालय के निरीक्षण में उपायुक्त ने आगत-निर्गत रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े पत्रों का परीक्षण किया, जिसमें रिकॉर्ड संधारण में भारी लापरवाही सामने आई. दाखिल-खारिज के कई मामले 30 से 90 दिनों से अधिक समय से लंबित पाए गए. राजस्व कर्मचारियों के पास दैनिक लॉग बुक तक उपलब्ध नहीं था. इस पर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अंचल कार्यालय के सभी कर्मचारियों का वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने का आदेश दिया. साथ ही कर्तव्यहीनता के आरोप में एक राजस्व कर्मचारी को निलंबित करने का निर्देश दिया.

उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग पारदर्शिता व संवेदनशीलता के साथ कार्य करें.

**आंगनबाड़ी में अनियमितता, सेविका को शो-कॉज नोटिस:** निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने जयनगर पंचायत अंतर्गत मॉडल आंगनबाड़ी प्री-नर्सरी स्कूल 'किलकारी' का भी जायजा लिया. पंजी संधारण में अनियमितता पाए जाने पर सेविका को शो-कॉज नोटिस जारी करने का निर्देश दिया. उन्होंने बच्चों से संवाद कर पाठ्यक्रम, कलर कोडिंग और पोषण स्थिति की जानकारी ली तथा सक्रिय सहभागिता पर संतोष व्यक्त किया.

**रूपायडीह पीएचसी में लापरवाही, वेतन रोका गया:** रूपायडीह स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण में दवा भंडारण, प्रसव कक्ष, स्वच्छता, रजिस्टर संधारण समेत सभी व्यवस्थाओं में लापरवाही उजागर हुई. प्रसव कक्ष भी अव्यवस्थित पाया गया. उपायुक्त ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व एएनएम से स्पष्टीकरण मांगते हुए सभी कर्मचारियों का वेतन रोकने का आदेश दिया.

**विद्यालय की व्यवस्थाओं पर संतोष :** उत्क्रमित उच्च विद्यालय रूपायडीह के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पठन-पाठन, मध्याह्न भोजन, शिक्षकों की उपस्थिति, पोषण वाटिका, शौचालय व रसोईघर की स्वच्छता का आकलन किया. विद्यालय की व्यवस्था पर संतोष जताते हुए उपायुक्त ने शिक्षकों को इसी तरह कार्य करते रहने का निर्देश दिया.निरीक्षण के अंत में उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि जनता से जुड़े कार्यों में कोताही किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं होगी. सभी विभागीय कर्मी कार्य प्रणाली में सुधार लाएं और आमजनों के हित में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें.

### सभी विभाग 7 दिनों में तय लक्ष्य करें पूर्ण : डीडीसी

**जयनगर (कोडरमा)।** डीडीसी रवि जैन ने बुधवार को प्रखंड का दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं की गहन समीक्षा की. इस दौरान प्रखंड मुख्यालय सभागार में आयोजित बैठक में मनरेगा, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), 15वें वित्त आयोग तथा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत चल रही योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई. बैठक में कल्याण, कृषि, पशुपालन, विद्युत, पीएचईडी, स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल विकास परियोजना व पंचायती राज विभाग के अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट ली गई. समीक्षा के दौरान डीडीसी ने निर्देश दिया कि जिन विभागों की प्रगति लक्ष्य से पीछे है, वे सात दिनों के भीतर कार्यों को पूर्ण करें. उन्होंने कहा कि योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है. इस दौरान सभी विभागीय प्रतिनिधियों ने अपनी योजनाओं की अद्यतन स्थिति से डीडीसी श्री जैन को अवगत कराया और आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किए. बैठक में बीडीओ सह सीओ गौतम कुमार समेत प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित थे.

### मारपीट के मामले में दो गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के मोजा लोहाडंडा के जमीन विवाद मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बुधवार को अशोक यादव तिलैया एवं मंसूर खान पिता मुबारक खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. गौरतलब है कि स्थानीय निवासी जरीना खातून, पति मशकूर खान ने थाने में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि उनकी पुश्तैनी जमीन पर कुछ लोग जबरन कब्जा जमाना चाह रहे हैं और विरोध करने पर उन्हें व उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई. महिला ने बताया था कि उक्त जमीन पर उसका परिवार विगत 15-20 वर्षों से काबिज है, लेकिन बीते फरवरी महीने से ही आरोपी कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे. बुधवार को नामजद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

### चौपारण: डीलर से मांगा गया स्पष्टीकरण

**चौपारण ।** प्रखंड के चैथी पंचायत अंतर्गत जनवितरण प्रणाली विक्रेता रवि वर्णवाल (अनुक्रमांक 02/2003) के विरुद्ध खाद्यान्न वितरण में अनियमितता का मामला सामने आया है. जिला आपूर्ति पदाधिकारी, हजारीबाग ने इस संबंध में विक्रेता से स्पष्टीकरण की मांग की है. इस संबंध में एमओ भूपनाथ महतो ने बताया की 22 जुलाई 2025 को दूरभाष के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि विक्रेता द्वारा अगस्त माह 2025 के खाद्यान्न वितरण के क्रम में कई कार्डधारियों से अंगूठा लगवाकर पर्ची तो निकाल ली गई, लेकिन उन्हें खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया गया. सूचना मिलते ही अधिकारी द्वारा तत्काल स्थल जांच की गई.

## विभावि के इतिहास विभाग में हुई ज्वलंत परिचर्चा

# नवीन साक्ष्य के आधार पर इतिहास लेखन भी बदल सकता है : प्रो मुकेश

**शुभम संदेश । हजारीबाग**

इतिहास से सम्बंधित उठ रहे विवादों के विषय पर बुधवार 23 जुलाई को स्नातकोत्तर इतिहास विभाग में वृहत परिचर्चा आयोजित की गई. विषय विशेषज्ञ के रूप में मगध विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मुकेश कुमार ने इन विवादों के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला. उन्होंने इतिहास लेखन में वस्तुनिष्ठता और सामान्यीकरण पर विस्तार से व्याख्यान दिया. डॉ मुकेश कुमार ने तर्क दिया कि 1970 के दशक तक जहाँ भगत्रव हड़प्पा संस्कृति के दक्षिणी छोर को मान्यता थी. आज स्रोतों के आधार पर हड़प्पा सभ्यता के विस्तार का दक्षिणी छोर दायमाबाद स्वीकार किया जा रहा है. भविष्य में यह सीमा नए साक्ष्यों के आधार पर पुनः संशोधित हो सकता है. अतः नवीन साक्ष्यों और नवीन दृष्टिकोण के आधार पर इतिहास बदलता है.इसी प्रकार कुछ स्रोतों के आधार पर अकबर को अत्यंत सहिष्णु मुग़ल सम्राट के रूप में सामान्यीकृत कर दिया गया. तत्कालीन स्रोतों के पुनर्विश्लेषण के आधार पर यदि अकबर के सांप्रदायिक नीतियों का साक्ष्य मिलता है, तब इतिहास का कार्य दोनों दृष्टिकोण को महत्त्व देना है। पाठक स्वतंत्र होकर उनका आत्मसात कर सकते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि साक्ष्यों के आधार पर इतिहास को कसौटी पर खरा उतरना पड़ता है. तभी भारतीय इतिहास प्रासांगिक बना रहेगा तथा नवीन भारत को दिशा दे सकेगा. इस व्याख्यान में विभागाध्यक्ष डॉ हितेंद्र अनुपम ने विषय प्रवेश कराया। इस अवसर पर इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ विकास कुमार, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ फ्रांसिस्का कुजूर तथा पूर्व संकायाध्यक्ष छात्रकल्याण तथा हिंदी विभाग की डॉ मंजुला सांगा उपस्थित थे. शोधार्थियों में सनी कुमार मेहता, सुमित कुमार, अमरेन्द्र कुमार आजाद, पुरुषोत्तम द्विवेदी, सुमती कुमारी, कुमारी गंगेश्वरी सिंह, जय कुमार के साथ-साथ पीएच.डी कोर्स वर्क 2024 के विद्यार्थी फरहीन खानम, माधुरी कुमारी, रीता कुमारी इस चर्चा में सक्रीय रहे.

# केंद्रीय मंत्री ने ध्वजाधारी आश्रम में कराया आरओ वॉटर प्यूरीफायर का अधिष्ठापन



**शुभम संदेश । कोडरमा**

जिला मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक ध्वजाधारी आश्रम,मंदिर परिसर में एक सराहनीय सामाजिक पहल के तहत गेल इंडिया लिमिटेड द्वारा आरओ वॉटर प्यूरीफायर का अधिष्ठापन किया गया. इस जनहितकारी कार्य केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री-सह-सांसद, कोडरमा श्रीमती अन्नपूर्णा देवी के सौजन्य से हुआ है. यह प्रयास श्रद्धालुओं एवं आश्रम आने वाले लोगों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इस अवसर पर महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही. साथ ही मनोज कुमार झुन्नू, राजेश पांडेय, जमुना यादव, शशि सिंह, धीरज तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे. स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए हर्ष जताया है और सांसद के प्रति आभार जताया है.

### नपं कोडरमा में राजस्व संग्रहण की बैठक हुई

**कोडरमा।** शंभू प्रसाद कुशवाहा प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा की अध्यक्षता में बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में उन्होंने बताया कि नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत होल्डिंग टैक्स बकायेदारों जिन्हे नोटिस भेजने के बावजूद भी बकाया होल्डिंग टैक्स की राशि का भुगतान नहीं किये हैं वैसे होल्डिंग धारकों का बैंक खाता फ्रीज जायेगा. झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 184 (1) (ड़) के तहत तहत बकायेदारों के नाम का बैंक खाता तथा अन्य वित्तीय प्रपत्र चाहे एकल या संयुक्त रूप से धारण हो जब्त कर बकाया राशि की वसूली की जा सकती हैं इसके अलावे कुर्की, जब्ती के लिये बॉडी वारंट निर्गत करना और देय कर की वसूली के लिए चल एवं अचल संपत्ति की जब्ती एवं बिक्री की जाएगी भवनो को सीलबंद करने की कार्रवाइ टैक्स देने पर प्रति माह एक प्रतिशत ब्याज भी लगता है.

## कार्रवाई — रामगढ़ में केवाईसी करते ही सामने आए फर्जी राशन कार्डधारी

# जिले में कटेंगे 66 हजार राशन कार्डधारकों के नाम

**शुभम संदेश । रामगढ़**

फोर व्हीलर पर घूमने वाले 25 लाख का टर्नओवर वाले और डुप्लीकेट राशन कार्ड बनाने वाले लोगों पर अब गाज गिरने वाली है. जिला आपूर्ति कार्यालय को धोखे में रखकर गलत तरीके से राशन कार्ड बनाने वाले लोग लोगों का नाम अब ऑनलाइन ही डिलीट कर दिया जाएगा. जिले में ऐसे लोगों की संख्या 66 हजार से भी अधिक है. इतनी बड़ी संख्या में लोग डीलर से राशन और आयुष्मान योजना का लाभ ले रहे हैं. सभी लोगों के घरों पर अब डॉलर और जनप्रतिनिधि पहुंचेंगे और सत्यापन होते ही वैसे लोगों का नाम राशन कार्ड धारक की सूची से हटा दिया जाएगा. जिला आपूर्ति पदाधिकारी



रंजीत टोप्पो ने बताया कि राशन कार्ड में फर्जीवाड़ा करने वाले की सूची तैयार कर ली गई है.डीएसओ रंजीता टोपो ने बुधवार को बताया कि राशन कार्ड धारकों का केवाईसी कराया जा रहा है. केवाईसी के दौरान आधार कार्ड से लिंक की गई सारी चीजें सामने आ जा रही हैं. केवाईसी में जैसे ही आधार कार्ड का नंबर डाला गया, उससे लिंक किए गए पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य चीजें खुद-ब-खुद सामने आ गई. इस दौरान यह स्पष्ट हुआ कि सैकड़ों लोग ऐसे हैं जिनका सालाना इनकम छह लाख रुपए से ज्यादा है. कुछ ऐसे लोग थे जिनका जीएसटी नंबर में टर्नओवर भी 25 लाख रुपये से अधिक का है.उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी करने वाले लोगों के नाम पर भी राशन कार्ड जारी किया गया है. इसके अलावा डुप्लीकेट राशन कार्ड बनाने वाले लोग भी इस सूची में सामने आ गए. इसके अलावा कुछ लोग 100 साल से अधिक उम्र के हैं. कुछ साइलेंट राशन कार्ड धारक हैं, जिन्होंने पिछले एक साल में राशन नहीं उठाया है. छह से 12 महीने के बीच भी राशन नहीं उठाने वालों का नाम भी इस सूची में शामिल किया गया है. 18 वर्ष से कम उम्र वाले युवक के नाम पर भी राशन कार्ड जारी कर दिया गया है.वहीं पीएम किसान योजना के लाभुकों का नाम भी राशन कार्ड से हटाया जा सकता है. कुछ ऐसे लोग भी हैं जिनका निधन हो गया है, लेकिन उनके नाम पर भी राशन उठाया जा रहा है. साथ ही फोर व्हीलर के मालिक भी राशन कार्ड धारक की सूची में शामिल हैं. ऐसे सभी लोगों का सत्यापन कर उनका नाम डिलिट किया जाएगा.

**66हजार 316 लोगों की बनी सूची:** जिले में गलत तरीके से राशन कार्ड बनवाने वाले लोगों की सूची में 66 हजार 316 लोग शामिल हैं. रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र में 2894, चितरपुर प्रखंड में 5499, रामगढ़ प्रखंड में 5401, दुलमी प्रखंड में 6001, गोला प्रखंड में 17002, मांडू प्रखंड में 15552 और पतरातू प्रखंड में 13967 लोगों की सूची बनाई गई है. सभी व्यक्तियों के घर पर पीडीएस डीलर और पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से सर्वे कराया जा रहा है.

**तीन प्रखंड आपूर्ति कार्यालय का बना सिर दर्द:** गोला, मांडू और पतरातू प्रखंड जिला आपूर्ति कार्यालय का सिर दर्द बन गया है. इन तीनों प्रखंडों में बड़े पैमाने पर गलत तरीके से राशन कार्ड बनवाए गए हैं. सबसे बड़ी बात यह है कि मरे हुए लोगों के नाम पर भी यहां बड़े पैमाने पर राशन उठाया जा रहा है. गोला प्रखंड में 1019 लोग ऐसे हैं जिनका निधन काफी पहले हो चुका है.

## एक नजर



### देर रात उपायुक्त ने किया विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण

**रामगढ़ ।** मंगलवार देर रात्रि को उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने रामगढ़ शहर अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने विधि व्यवस्था आदि का जायजा लिया. निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक, सुभाष चौक, बस स्टैंड, नेहरू रोड, चट्टी बाजार सहित अन्य क्षेत्र में विधि व्यवस्था आदि का जायजा लिया साथ ही उन्होंने सड़क किनारे सो रहे मजदूरों से भी बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली एवं समस्याओं के समाधान को लेकर उन्हें आश्वासन दिया.

### कांवरियों के लिए लायंस क्लब ने लगाया चिकित्सा शिविर



**कोडरमा।** सावन माह में कांवरियों की सेवा को समर्पित लायंस क्लब, झुमरीतिलैया द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला निःशुल्क चिकित्सा शिविर इस वर्ष भी शिव वाटिका परिसर में शुरू हो गया है. शिविर पूरे सावन मास तक प्रतिदिन रात्रि 8:30 बजे से संचालित होगा. जिसमें कांवरियों को मुफ्त चिकित्सा परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं. शिविर का उद्देश्य कांवरियों को यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सुविधा देकर उनकी कठिनाई को कम करना है. शिविर में डॉ. रंजन कुमार, डॉ. हरी दर्शन सिंह, डॉ. सुजीत कुमार राज, लायन सुधा, जिला चेयरपर्सन सुजीत अंबस्ट एवं परामर्शदाता सदस्य कल्याण कुमार मजूमदार सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं..

### शिविर में ऑर्थोपेडिक सेवाओं को लेकर दिखा उत्साह



**कोडरमा।** झुमरीतिलैया स्थित सी.एच. हाई स्कूल परिसर में जिला प्रशासन कोडरमा एवं इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आमजन का उत्साह देखने को मिला. 11 से 30 जुलाई तक चलने वाले इस शिविर में अब तक 141 लोगों का पंजीकरण हुआ. इसमें 36 लोगों ने प्लास्टिक सर्जरी व 105 ने पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक सेवाओं के लिए पंजीकरण कराया. शिविर में मुड़े हुए पैरों, कटे-फटे होंठ, प्लास्टिक सर्जरी एवं बच्चों की हड्डी संबंधी समस्याओं की विशेष जांच व उपचार की सुविधा दी जा रही है. अब तक 62 लाभार्थियों के बीच 184 सहायक यंत्र वितरित किए गए हैं. 15 बच्चों को पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक सर्जरी एवं 10 व्यक्तियों को प्लास्टिक सर्जरी के लिए चयनित किया गया है.विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा सभी सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही हैं. शिविर में 22–24 जुलाई तक मुड़े हुए पैरों एवं कटे होंठ की सर्जरी तथा 25–30 जुलाई तक दांतों की जांच एवं उपचार किया जाएगा.

### पुस्तक और वस्त्र दान कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन



**कोडरमा।** झुमरीतिलैया नगर परिषद क्षेत्र में पुस्तक दान एवं वस्त्र दान कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्गों को सहायता प्रदान करना तथा शिक्षा और मानवीय संवेदनाओं को बढ़ावा देना था.इस पुनीत पहल में नगर के प्रतिष्ठित निजी शिक्षण संस्थानों मॉडर्न पब्लिक स्कूल, सेक्रेड हार्ट स्कूल, ग्रिजली विद्यालय, ग्रिजली बीएड कॉलेज एवं मेरिडियन अकादमी—ने सामूहिक रूप से भाग लिया. इन संस्थानों ने बड़ी संख्या में पुस्तकें और वस्त्र दान किए, जिसे नगर परिषद के माध्यम से जरूरतमंदों तक पहुँचाया जाएगा.कार्यक्रम को विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों का भरपूर सहयोग मिला, जिससे यह पहल एक जनांदोलन का रूप ले सकी. नगर परिषद की यह सामाजिक पहल न केवल शैक्षिक सहायता प्रदान करेगी, बल्कि समाज में सहयोग, करुणा और सेवा भावना को भी बढ़ावा देगी. आयोजकों ने आशा जताई कि भविष्य में भी ऐसे प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकेगा.

### ऑनलाइन पर्ची की समस्या पर सांसद प्रतिनिधि ने जताई चिंता

**हजारीबाग।** आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग में लागू ऑनलाइन पर्ची व्यवस्था जरूरतमंद मरीजों के लिए समस्या बनती जा रही है. दिन के समय केवल ऑनलाइन पर्ची की सुविधा होने से बिना मोबाइल वाले मरीजों को इलाज में कठिनाई हो रही है.इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बुधवार को अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अनुकरण पूर्ति से मुलाकात की. उन्होंने आग्रह किया कि ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन पर्ची की सुविधा भी यथावत रखी जाए, ताकि सुदूर ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों को त्वरित इलाज मिल सके. साथ ही उन्होंने जागरूकता अभियान, रजिस्ट्रेशन काउंटर की संख्या बढ़ाने और पर्याप्त स्टाफ की मांग भी की.डॉ. पूर्ति ने आश्वस्त किया कि ट्रामा सेंटर में शीघ्र ही ऑफलाइन पर्ची काउंटर की सुविधा शुरू की जाएगी. सांसद प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया कि इस विषय की जानकारी सांसद मनीष जायसवाल को दी गई थी, जिनके निर्देश पर उपायुक्त से भी वार्ता हुई. उन्होंने 15 जुलाई को उपायुक्त को ट्वीट कर भी इस मुद्दे को उठाया था.

### मेडिकल कॉलेज की समस्याओं पर मुन्ना सिंह ने दिखाई सक्रियता

**हजारीबाग।** कांग्रेस के पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल की समस्याओं पर त्वरित पहल की. उन्होंने अपने निजी मीडिया प्रतिनिधि विक्की कुमार धान को अस्पताल भेजा, जहां विक्की ने अधीक्षक एवं प्रथम अपीलीय पदाधिकारी प्रो. अनुकरण पूर्ति से भेंट कर अस्पताल की प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की.अस्पताल में 22 से 27 जुलाई तक बंद पड़ी अल्ट्रासाउंड सेवा को पुनः शुरू कराने, सभी वार्डों में शुद्ध पेयजल (आरओ) की निर्बाध आपूर्ति, सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था, शिशु वार्ड में खराब पंखों की मरम्मत तथा पूरे परिसर की स्वच्छता और सफाई की नियमित निगरानी जैसे अहम मुद्दों को उठाया गया.प्रो. पूर्ति ने शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया और कहा कि मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रशासन तत्पर है. इस पहल पर मुन्ना सिंह ने कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाएं दिलाना उनका कर्तव्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अस्वीकार्य है. उन्होंने स्पष्ट किया कि वे केवल नारों में नहीं, बल्कि धरातल पर कार्य में विश्वास करते हैं.

### शेफाली गुप्ता ने राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष से की मुलाकात

**हजारीबाग।** ओम् आरोहणम् संस्था की संस्थापिका, सदस्य दिशा लायंस क्लब की अध्यक्ष एवं भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने दिल्ली में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहतकर से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की. मुलाकात के दौरान झारखंड की महिलाओं से जुड़े सामाजिक मुद्दों, महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा के विषयों पर गंभीर व सार्थक चर्चा हुई. झारखंड में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध और उनकी सुरक्षा को लेकर विशेष पहल की आवश्यकता पर विचार किया गया. विजया राहतकर ने इन मुद्दों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया और निकट भविष्य में झारखंड दौरे की इच्छा भी जताई.भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने विजया राहतकर के कुशल नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके संगठन कौशल और निष्ठा ने महिला सशक्तिकरण को नई दिशा दी है.

## दुष्कर्म के आरोपी किशोर को भेजा गया बाल सुधार गृह

**गुमला।** डुमरी थाना क्षेत्र में तीन वर्षीय बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म मामले में 13 वर्षीय किशोर आरोपी को पुलिस ने पूछताछ के बाद बाल सुधार गृह भेज दिया है. सूत्रों के अनुसार दुष्कर्म की घटना 19 जुलाई की है. पीड़िता किशोरी की मां के अनुसार वे अपनी तीन साल की बच्ची को लेकर जंगल गई थी. बच्ची को छोड़ कर मां खुखरी चुन रही थी तभी बच्ची को अकेला पाकर आरोपी किशोर ने उसके साथ दुष्कर्म किया. बच्ची की चीखें सुनकर मां मौके पर पहुंची तो आरोपी वहां से भाग गया. घटना की जानकारी गांव में दी गई. गांव में पंचायत बुलायी गई और समझौता का प्रयास किया गया. पंचायत के फैसले पर आरोपी पक्ष खरा नहीं उतरा. जिस कारण पीड़िता की मां ने डुमरी थाना में शिकायत की.

### गुमला में चैंबर की बैठक: झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष परेश गट्टानी हुए शामिल

# व्यापारियों ने रखी रेलवे कनेक्टिविटी की मांग

**गुमला। शुभम संदेश**

गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स की सातवीं मासिक बैठक मंगलवार की देर शाम गुमला चेंबर के कार्यालय में संपन्न हुई. इस महत्वपूर्ण बैठक में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष परेश गट्टानी समेत अन्य पदाधिकारी शामिल हुए. बैठक के दौरान व्यापारिक समस्याओं और संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें गुमला को रेल लाइन से जोड़ने और कोल्ड स्टोरेज निर्माण जैसी मूलभूत मांगों को जोरदार ढंग से उठाया गया.



फेडरेशन के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने गुमला चेंबर के कार्यों की सराहना करते हुए व्यापारियों के हित में सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया. उन्होंने कहा कि गुमला के व्यापारियों की समस्याएं प्राथमिकता से ली जाएंगी और हर स्तर पर समाधान के प्रयास होंगे. उनके साथ फेडरेशन के वरिष्ठ पदाधिकारी रोहित पोद्दार और विकास विजय वर्गीय भी मौजूद रहे.

चैंबर के अध्यक्ष राजेश सिंह ने सभी अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया और प्रतीक चिह्न स्वरूप बाबा टांगीनाथ धाम की तस्वीर भेंट की. क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश चीनी ने गुमला के व्यापारिक इतिहास और मौजूदा जरूरतों पर प्रकाश डालते हुए रेलवे लाइन और कोल्ड स्टोरेज की आवश्यकता को रेखांकित किया. बैठक में व्यापारियों ने नागफनी टोल टैक्स की मनमानी पर भी सवाल उठाया. उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण कार्य पूरा हुए बिना ही टोल वसूली शुरू कर दी गई है. इसके साथ ही, रियाडा की खाली पड़ी जमीन को जरूरतमंद व्यापारियों को उद्योग स्थापना के लिए आवंटित करने की मांग की गई. स्मार्ट मीटर के गलत बिलिंग सिस्टम और जीएसटी की सीमा बढ़ाने जैसे अहम मुद्दे भी बैठक में उठाए गए. फेडरेशन चुनाव में गुमला के व्यापारियों ने रांची में मतदान करने पर सहमति दी. बैठक का संचालन बबलू वर्मा ने किया और उपाध्यक्ष राजेश लोहानी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया. बैठक में व्यापारिक विकास की दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए और आशा जताई गई कि फेडरेशन इन मांगों पर शीघ्र कार्य करेगा.

## एक नजर

### जवानों को डीएवी के बच्चों ने भेजी राखी



**गुमला।** सरहद में हमारी रक्षा के लिए तैनात जवानों के प्रति प्रेम,आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के विद्यार्थियों द्वारा पांच सौ से ज्यादा राखी और स्वतंत्रता दिवस ग्रीटिंग स्वनिर्मित काड्र्स भेजा गया. इस एक्टिविटी को सफल बनाने में सहायक एनसीसी अधिकारी सेकंड ऑफ़िसर अभिजीत झा, फाईन आट्र्स टीचर पार्थ प्रतिम मैती, सीसीए इंचार्ज संजुक्ता खटुआ के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने काफी सुंदर राखियां एवं ग्रीटिंग कार्ड तैयार किए हैं. जिन्हें सेना के विविध यूनिटों को भेजा जा रहा है. शिक्षिका हर्षिता के मार्गदर्शन में विद्यालय के नन्हें विद्यार्थी भी इस अभियान में जुड़ चुके हैं. उन्होंने सौ से ज्यादा राखियां तैयार की हैं. प्रधानाचार्य डा रमाकांत साहू ने विद्यार्थियों के द्वारा बनायी गयी राखियों की प्रशंसा करते हुए बताया कि ये सभी राखियां सीमा पर तैनात हमारे जवानों को भेजी जाएगी. इस तरह की गतिविधियां आयोजित करने का उद्देश्य विद्यार्थियों में कला के माध्यम से देश प्रेम को बढ़ावा देना है एवं देश के प्रति उनके कर्तव्य को समझाना है.

### अविराम प्रशिक्षुओं को वितरित किए गए मत्स्य बीज

**कुरु (लोहरदगा)।** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको, कुरु में बीएड और डीएलएड संकाय के प्रशिक्षुओं को स्वावलंबन की राह दिखाने के उद्देश्य से मत्स्य पालन को वैल्यू एडेड पाठ्यक्रम के रूप में शामिल किया गया है. इसी क्रम में संस्थान के सचिव इन्द्रजीत भारती की पहल पर प्रशिक्षुओं को निशुल्क मत्स्य बीज (मत्स्य जीरा) वितरित किए गए. इस योजना के तहत, जिन प्रशिक्षुओं के पास जल क्षेत्र की उपलब्धता है, उन्हें दो से ढाई हजार तक मत्स्य बीज प्रदान किए गए. इन बीजों को लगभग 50 डिसमिल जल क्षेत्र में छोड़ा जाएगा, जिससे एक वर्ष में 30 से 50 हजार रुपये तक की आय संभव है. यह पहल छात्रों को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. कार्यक्रम में संस्थान के कार्यकर्ता एवं हैचरी संचालक विश्वजीत, लक्ष्मण और बीरेन्द्र की उपस्थिति में प्रशिक्षुओं को मत्स्य पालन की बारीक जानकारी दी गई.

### बाहरी लोगों को कार्य सौंपे जाने पर जताया विरोध

**लोहरदगा।** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत चंदवा मुख्य सड़क के बसारडीह हॉस्पिटल मोड़ से कल्याण अस्पताल तक करीब 1.5 किलोमीटर सड़क मरम्मति कार्य को लेकर एक बार फिर विवाद गहरा गया है. मंगलवार को हेसल गांव के ग्रामीणों ने मरम्मति कार्य को बाहरी पंचायत और प्रखंड के लोगों को दिए जाने का विरोध किया. ग्रामीणों ने मांग की कि यह कार्य केवल हेसल गांव के लोगों को ही सौंपा जाए. इस दौरान ग्रामीणों ने हिंडाल्को कंपनी और बाहरी व्यक्तियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. गांव के उप मुखिया अशोक उरांव ने आरोप लगाया कि हिंडाल्को कंपनी ने पहले मरम्मति कार्य के लिए हेसल के ग्रामीणों से समझौता किया था, लेकिन अब वही कार्य उन लोगों को दे दिया गया जो पहले सड़क निर्माण का विरोध कर रहे थे. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करेंगे.

### एशिया डुरंड कप में रेफरी की भूमिका निभाएगा मनोज

**गुमला।** राष्ट्रीय फुटबॉल रेफरी मनोज कुमार साहू का चयन एशिया के प्रतिष्ठित डुरंड कप के लिए हुआ है. ज्ञात हो कि डुरंड कप 1888 से आरंभ हुआ है. इसे एशिया का सबसे पुराना और ऐतिहासिक टूर्नामेंट माना जाता है, जिसमें देश, विदेश के सेना की शीर्ष टीमें भाग लेती हैं. इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में गुमला के नेशनल रेफरी मनोज कुमार साहू की नियुक्ति सिर्फ गुमला ही नहीं झारखंड के लिए गौरव की बात है. इस डुरंड कप के लिए झारखंड से मात्र दो रेफरी का चयन हुआ है. जिसमें गुमला के मनोज कुमार साहु और हजारीबाग के परमेश्वर गोप के नाम शामिल है. गुमला के मनोज कुमार साहु की प्रतिनियुक्ति शिलांग में 24 जुलाई से 24 अगस्त तक के लिए हुई है. गुमला फुटबॉल संघ के सागर उरांव, जॉन वेस्ली मिंज, मनोज कुमार, प्रदीप राम आदि ने मनोज कुमार साहु को बधाई दिया है.



### पिता के संरक्षण में बेटे ने नाबालिग से किया था दुष्कर्म

**सिमडेगा।** कोलेबिरा थाना क्षेत्र में नाबालिक का अपहरण और दुष्कर्म के चर्चित मामले में सिमडेगा पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के बाद, आरोपी के पिता को भी गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया. जानकारी देते हुए कोलेबिरा थाना प्रभारी हर्ष कुमार शाह ने बताया कि कोलेबिरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिक के साथ चार दिनों तक आरोपी द्वारा अपने घर में रखकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया था. जिसमें आरोपी द्वारा पीड़िता का अश्लील वीडियो भी बनाकर वायरल करने का भी मामला आया था. इस मामले में पीड़िता के परिजनों ने कोलेबिरा थाने में अपहरण, बलात्कार और अश्लील वीडियो बनाने के मामले दर्ज करवाया.

### नाबालिग को बरामद कर चाइल्डलाइन को सौंपा

**कोडरमा।** आरपीएफ कोडरमा ने स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 01 के यात्री शेड से एक 17 वर्षीय नाबालिग को बरामद कर चाइल्ड लाइन कोडरमा को सौप दिया है. कोडरमा स्टेशन पर ड्यूटी में तैनात आरक्षी आनंद कुमार, नीलू कुमारी ने देखा की उक्त लडकी यात्री शेड में गुमशुम अवस्था में बैठी है. पूछताछ के क्रम में उसने अपना नाम पम्मी (काल्पनिक) साकिन डहुरी थाना कटकमसांडी जिला हजारीबाग बताया. उसने यह भी बताया कि मां के डांटने से वह घर से भागकर कोडरमा आ गयी. आरपीएफ ने इसकी सूचना चाइल्ड लाइन कोडरमा को दी. चाइल्ड लाइन से आयी प्रियंका कुमारी, रितिक कुमार व चंदन कुमार को उनकी देखभाल के लिए बच्ची को सुपुर्द कर दिया.

### न्यू बिजैन पुर्नवास केंद्र की सड़क पर जलजमाव, आक्रोश

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र अंतर्गत पुर्नवास केंद्र न्यू बिजैन की सड़कों पर जलजमाव ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है. थोड़ी सी बारिश के बाद ही सड़कों पर भारी पानी जमा हो जाता है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है. बुधवार को हुई तेज बारिश के बाद सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं, वहीं नालियों का गंदा पानी कई घरों में घुस गया.स्थानीय विस्थापित ग्रामीण रंथु गंझु ने बताया कि सीसीएल प्रबंधन ने पुर्नवास के समय बुनियादी सुविधाएं देने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज भी ग्रामीण जलजमाव, साफ-सफाई, बिजली और जल निकासी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं.

### अवैध बॉक्साइट खनन की जांच की मांग

**लोहरदगा।** जिले के निवासी चंदन कुमार ने पाखर गांव में हो रहे अवैध बॉक्साइट खनन की उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर उपायुक्त डॉ. ताराचंद को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है. ज्ञापन में चंदन कुमार ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि किस्को अंचल के पाखर थाना नंबर 104 के खाता नंबर 164, प्लॉट नंबर 699 और 700 की कुल 10.61 एकड़ भूमि, जो गैरमजरूआ वन भूमि के रूप में खतियान में दर्ज है, वहां से मिलरस एंड मिनरल्स (हिंडालको) कंपनी द्वारा अवैध रूप से लाखों टन बॉक्साइट खनन कर उसका दोहन किया गया है, वह भी प्रशासनिक अनुमति के बिना. चंदन कुमार ने सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी मांगने पर प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर बताया कि अंचल पदाधिकारी किस्को ने 16 सितंबर 2023 को पत्रांक 674 के माध्यम से उपायुक्त, जिला खनन पदाधिकारी और वन प्रमंडल पदाधिकारी को इस अवैध खनन की जानकारी देकर कार्रवाई का अनुरोध किया था. बावजूद इसके, अब तक इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है.

### तेज रफ्तार हाइवा की चपेट में आकर युवक घायल

**पिपरवार।** पिपरवार-टंडवा मुख्य मार्ग पर बुधवार दोपहर एक सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार युवक घायल हो गया. घटना कल्याणपुर के महादेव नाला के समीप हुई, जहां तेज रफ्तार अज्ञात हाईवा वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक निरंजन उरांव (22 वर्ष), निवासी करमटांड़, सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया.जानकारी के अनुसार, निरंजन अपनी बाइक (JH 01FT-6133) से बच्चों को स्कूल से लाने बहेरा स्थित ऑक्सफोर्ड स्कूल जा रहा था. इसी दौरान तेज रफ्तार हाईवा वाहन ने उसे चकमा दे दिया, जिससे वह असंतुलित होकर गिर गया. स्थानीय लोगों की मदद से उसे टंडवा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया.

### नामकुम : पति और बच्चों को छोड़कर पत्नी हुई फरार

## जेवर सहित नकदी भी ले भागी, प्राथमिकी दर्ज

**नामकुम।** नामकुम थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक महिला अपने पति और बच्चों को छोड़कर रहस्यमय तरीके से घर से फरार हो गई. फरार होने से पहले महिला घर से लाखों रुपये के जेवरात और नकदी भी अपने साथ ले गई. घटना के बाद पीड़ित पति ने नामकुम थाना में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई, लेकिन चार दिन बीतने के बावजूद पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. **अलमारी से जेवर और नकदी गायब:** मामले की जानकारी देते हुए पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि उसकी पत्नी अचानक बच्चों और परिवार को बिना कोई सूचना दिए घर छोड़कर चली गई. बाद में जब घर की तलाशी ली गई तो अलमारी से जेवर और नकदी गायब मिले. पति का कहना है कि उसे अपनी पत्नी की सुरक्षा को लेकर भी चिंता है, लेकिन थाने में रिपोर्ट देने के बावजूद पुलिस की उदासीनता से वह और उसके बच्चे परेशान हैं. फिलहाल अब देखना होगा कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेकर क्या अगला कदम उठाती है या पीड़ित परिवार यूं ही न्याय के लिए भटकता रहेगा.

### इटकी में 200 मेधावी छात्र-छात्राओं को भारत रत्न राजीव गांधी प्रतिभा सम्मान

# सम्मान छात्र-छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाता है : शिल्पी नेहा तिर्की

**शुभम संदेश। इटकी (रांची)**

इटकी प्रखंड मुख्यालय में आयोजित समारोह में प्रखंड के 200 मेधावी मैट्रिक एवं इंटर छात्र-छात्राओं को भारत रत्न स्व राजीव गांधी प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया. यह सम्मान राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा प्रदान किया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देना था. यह सम्मान वर्ष 2005 से हर साल दिया जा रहा है.





समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि यह सम्मान छात्र-छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाता है और उनके लिए यह पल हमेशा यादगार रहेगा. सफलता का सपना देखना आवश्यक है, क्योंकि जो सपने देखते हैं, वही उन्हें साकार करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं.

उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण और अनुशासन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। मंत्री ने शिक्षकों और अभिभावकों की भूमिका की भी सराहना करते हुए कहा, ₹छात्रों की सफलता में उनकी अहम भूमिका होती है। शिक्षकों को अपने कार्य के प्रति ईमानदार और जिम्मेदार होना चाहिए, क्योंकि आज भी लगभग 70% बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं और उनका भविष्य शिक्षकों की कर्तव्यनिष्ठा पर निर्भर करता है.

मंत्री ने छात्रों को जीवन के संघर्षों के लिए तैयार रहने का संदेश दिया और कहा कि जब तक जीवन है, तब तक संघर्ष चलता रहेगा. शिक्षा प्राप्त करने से लेकर रोजगार पाने और व्यवसाय शुरू करने तक का रास्ता संघर्षों से भरा होता है. जो छात्र संघर्ष के मार्ग पर लगातार आगे बढ़ते हैं, वही सफलता प्राप्त करते हैं. छात्रों को अब सफलता को अपनी आदत बनाना होगा.

इस अवसर पर कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे, जिनमें रमेश महली, राजन किस्पोट्टा, फिरोज अंसारी, अबुमाज, अब्बास अंसारी, अंजुम जमाल, रहमान अंसारी, भोमा सिंह, आकाश लकड़ा, इबरार इमाम,मंजर अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे. कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने ग्रामीण प्रतिभाओं के सम्मान को सराहा और इस पहल की सराहना की.

### गुमला में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

## तीन महिलाएं समेत चार गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**गुमला।** पुलिस ने एक बड़े सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है. सदर थाना क्षेत्र के लाल डिपा में चल रहे इस रैकेट की तीन महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है.एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में महिला थानेदार अंकिता कुमारी साहू की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की. एक घर पर की गई छापेमारी में एक महिला को कमरे के बाहर पाया गया. घर की तलाशी में एक 34 वर्षीय पुरुष और दो महिलाएं (28 और 40 वर्षीय) आपत्तिजनक स्थिति में मिलीं. एक पुरुष मौके से फरार हो गया.पुलिस ने मौके से कंडोम के पैकेट, शक्तिवर्धक कैप्सूल, हंटर बियर की खाली बोतलें और आरएस शराब की बोतलें बरामद कीं. साथ ही 12,950 रुपये भी जब्त किए गए.पूछताछ में पता चला कि करीब एक महीने से यह रैकेट चल रहा था. महिलाओं को पैसे देकर देह व्यापार करवाता था. उसने स्वीकार किया कि एक अन्य महिला के साथ मिलकर लड़कियां मंगवाता था और युवकों से पैसे लेकर देह व्यापार करवाता था. पुलिस ने धारा 272/292 के तहत मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है.

### नवोदय के पूर्व छात्र बेंजिल विप्रो में बने कानूनी सलाहकार

**सिमडेगा/कोलेबिरा।** जवाहर नवोदय विद्यालय, कोलेबिरा के पूर्व छात्र बेंजिल गुप्ता ने अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम से एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है. बेंजिल का चयन देश की प्रतिष्ठित आईटी कंपनी विप्रो में कानूनी सलाहकार के पद पर हुआ है. उनकी इस सफलता से न केवल उनके परिवार में, बल्कि विद्यालय और पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है. बेंजिल गुप्ता ने वर्ष 2020 में क्लैट (कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट) पास कर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, जोधपुर में प्रवेश लिया था. वहाँ से पांच वर्षों की कठोर कानूनी शिक्षा पूरी करने के बाद अब उन्हें यह सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है. उनके पिता बीसी गुप्ता, जवाहर नवोदय विद्यालय में प्राचार्य के पद पर कार्यरत थे और जनवरी 2024 में सेवानिवृत्त हुए. उनकी माता वर्तमान में राजकीय मध्य विद्यालय, प्रखंड मुख्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं. बेंजिल की इस सफलता ने विद्यालय के शिक्षकों, सहपाठियों और क्षेत्रवासियों को गर्व से भर दिया है. परिवार को बधाई संदेशों का तांता लगा है. यह सफलता नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि समर्पण, लगन और मेहनत से हर मुकाम को हासिल किया जा सकता है.

## झारखंड में बनेगा खेल विवि मंत्री सुदिव्य कुमार ने दिल्ली मॉडल को बताया प्रेरणास्रोत



**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के पर्यटन एवं खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने दिल्ली खेल विश्वविद्यालय का दौरा किया और इसे झारखंड में खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए एक मॉडल बताया. उन्होंने दिल्ली में खेल विभाग और सीसीएल के अधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय का भ्रमण किया, जहां उन्होंने आधुनिक खेल शिक्षा प्रणाली और अनुसंधान गतिविधियों की जानकारी ली. मंत्री कुमार ने अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) हैंडल पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि आज दिल्ली में खेल विभाग एवं सीसीएल के अधिकारियों के साथ दिल्ली खेल विश्वविद्यालय का दौरा किया. इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति, पूर्व ओलंपियन कर्णम मल्लेश्वरी जी सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे.

उन्होंने आगे लिखा कि दिल्ली खेल विश्वविद्यालय आधुनिक खेल शिक्षा के साथ-साथ अनुसंधान की भी उच्चस्तरीय सुविधाएं प्रदान करता है. भारत को खेल महाशक्ति बनाने की दिशा में ऐसे संस्थानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मार्गदर्शन में अबुआ सरकार खेल क्षेत्र को नई दिशा देने हेतु सकारात्मक पहल कर रही है और आनेवाले समय में झारखंड का अपना खेल विश्वविद्यालय होगा, जो राज्य की खेल प्रतिभाओं को निखारने का एक प्रमुख केंद्र बनेगा.

### साइबर ठगी से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने किया डिजिटल रक्षा पाठशाला

# साइबर अपराध से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी: डीसी

**शुभम संदेश। गुमला**

वर्तमान डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, फर्जी वेबसाइट, फेंक न्यूज और डिजिटल धोखा-धड़ी से आम नागरिकों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला के ऑडिटोरियम भवन में बुधवार को डिजिटल रक्षा पाठशाला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि डिजिटल साक्षरता को जन-जागरूकता से जोड़ना समय की जरूरत है. उन्होंने कहा कि जन शिकायत में ऑनलाइन फ्रॉड के मामले भी आ रहे हैं. साइबर अपराध से बचने के लिए सतर्कता जरूरी है. उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि एक बार तत्काल टिकट बुकिंग के नाम पर फर्जी लिंक प्राप्त हुआ था, क्लिक करने से उनका डिवाइस हैक हो सकता था. उन्होंने कहा कि फेंक न्यूज भी एक प्रकार का साइबर अपराध है.



**साइबर क्राइम से बचाव के लिए अपनाएं ये सावधानियां**

- अज्ञात लिंक या वेबसाइट पर क्लिक न करें, यह आपके मोबाइल या कंप्यूटर को हैक कर सकता है.
- ओटीपी, पासवर्ड या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें, चाहे वह स्वयं को बैंक कर्मचारी ही क्यों न हो.
- फर्जी कॉल या व्हाट्सएप मैसेज में लॉटरी, इनाम या फ्री ऑफर की बातों पर विश्वास न करें.
- सोशल मीडिया पर साझा की गई हर जानकारी सत्य नहीं होती, फेंक न्यूज की पहले पुष्टि करें.
- अपने पासवर्ड को नियमित रूप से बदलें और मजबूत पासवर्ड रखें,जिसमें अक्षर, अंक और विशेष चिन्ह हों.
- अपने फोन या डिवाइस में 'नॉट इंटरेस्टेड' जैसे विकल्प चुनें ताकि अनावश्यक कंटेंट न आए.
- साइबर अपराध की स्थिति में 1930 पर कॉल करें या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें.
- उपलब्ध हेल्पलाइन नंबर
- गुमला साइबर सेल: 7909098129
- साइबर पीस हेल्पलाइन: 9570000066
- राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल: www.cybercrime.gov.in
- आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर: 1930

कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों के पैनल में शुभांगी शिफा (असिस्टेंट मैनेजर एंड ट्रेनी, साइबर पीस) देशबंधु मिश्रा (गूगल डेवलपर ग्रुप, रांची) विवेक सिंह (आईटी मैनेजर एंड सीआईओ) और सुनील कुजूर (प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर, साइबर पीस) ने भी सरल भाषा में साइबर सुरक्षा से जुड़ी जटिल विषयों को आम नागरिकों के सामने रखा और सतर्कता बरतने की जानकारी दी.

### आंदोलनकारी महासभा | आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए राजू ने कहा

# सरलीकरण के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा हुआ

**शुभम संदेश। लोहरदगा**

झारखंड आंदोलनकारी महासभा की लोहरदगा जिला समिति की बैठक बुधवार को नीरू शांति भगत के आवासीय परिसर में संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सह केन्द्रीय समन्वय समिति सदस्य अनिल कुमार भगत ने की. बैठक में मुख्य रूप से केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो, प्रधान महासचिव कयूम खान, महिला संयोजिका विनिता खलखो, उपाध्यक्ष नीरू शांति भगत सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं आंदोलनकारी उपस्थित रहे. बैठक में केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने चिन्हितीकरण आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरलीकरण के नाम पर बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा हुआ है. इसके कारण असली आंदोलनकारियों की जगह फर्जी लोगों को लाभ दिया गया. उन्होंने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की. उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण में योगदान देने वालों को सरकारें पहचान, सम्मान और लाभ देने में विफल रही हैं. प्रधान महासचिव कयूम खान ने झारखंडी अस्तित्व के खिलाफ रची जा रही साजिशों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आंदोलनकारियों का बलिदान व्यर्थ होता दिख रहा है. उन्होंने सरकार से अविलंब 'झारखंड आंदोलनकारी कल्याण बोर्ड' का गठन करने की मांग की ताकि आंदोलनकारियों की समस्याओं का स्थायी समाधान हो सके.



उपाध्यक्ष नीरू शांति भगत ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अपील की कि वे दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पुत्र होने के नाते आंदोलनकारियों के मान-सम्मान, नियोजन, पेंशन और अधिकारों को सुनिश्चित करें. वहीं, महिला संयोजिका विनिता खलखो ने कहा कि सरकार को केन्द्रीय समिति द्वारा सौंपे गए मांग पत्र को लागू कराने हेतु आंदोलन जारी रखना होगा. बैठक का संचालन विशेषण भगत ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो ने दिया. बैठक में एरेन कच्छप, उषा रानी लकड़ा, सोमनाथ भगत, दशरथ उरांव, मंगलेश्वर उरांव, सुशीला लकड़ा सहित कई आंदोलनकारियों ने अपने विचार रखे. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 01 अगस्त को झारखंड आंदोलनकारी व पूर्व विधायक स्व. कमल किशोर भगत की जयंती मनाई जाएगी तथा अगली बैठक 20 अगस्त को आयोजित होगी. बैठक में उपस्थित आंदोलनकारियों ने गंभीर रूप से बीमार दिशोम गुरु शिबू सोरेन, किशोर किस्कू और अभय कुजूर के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की सामूहिक प्रार्थना की. साथ ही, दिवंगत आंदोलनकारियों अरुण साहू, अमर कुजूर और नंदकिशोर सिंह को श्रद्धांजलि दी गई.

### फाइनल में पहुंची टीम के खिलाड़ियों की जांच की मांग

**गुमला।** सुब्रतो मुखर्जी 64 वें राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता 2025 के फाइनल में प्रवेश दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल टीम संत पात्रिक हाई स्कूल के एचएम ने उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंडर-17 बालिका टीम से खेलने वाली चार खिलाड़ियों के नाम पर आपत्ति दर्ज किया है और जांच की मांग की है. एचएम ने कहा है कि सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबाल प्रतियोगिता में एक ही विद्यालय की टीम का चयन होता है. सूचना मिली है कि उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल टीम की ओर से जर्सी नंबर 09 रीना टोप्पो, जर्सी नंबर 17 श्रेया, जर्सी नंर 02, सुचीता कुमारी और जर्सी नंबर 10 सीमा कुमारी के नाम हैं जो अन्यत्र विद्यालय की छात्रा है. प्रारंभिक जांच में रीना टोप्पो का आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र संलग्न करते हुए संत पात्रिक स्कूल के एचएम ने जिला शिक्षा अधीक्षक सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी गुमला को आवेदन देकर जांच की मांग की है.

मंथन

# जमीन महंगी, खरीदारों की अब और कटेगी जेब

राजधानी रांची और उसके आसपास जमीन या फ्लैट खरीदने की योजना बना रहे लोगों के लिए 1 अगस्त 2025 एक निर्णायक तारीख साबित हो सकती है. जिला निबंधन कार्यालय द्वारा नई सरकारी मूल्यांकन दर लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है, जिससे संपत्ति की कीमतों में 8 से 12 फीसदी तक की वृद्धि संभावित है. इस निर्णय का सबसे सीधा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा, खासकर उन पर जो वर्षों की बचत से अपना घर बसाने का सपना देख रहे हैं. हालांकि यह कदम सरकार की राजस्व वृद्धि और बाजार मूल्य के समीप सरकारी दर लाने की दिशा में तार्किक है, लेकिन यह भी ध्यान रखना होगा कि इससे संपत्ति खरीद आम लोगों की पहुंच से बाहर होती जा रही है. खासकर रांची नगर निगम के अंतर्गत आने वाले 53 वार्ड और 13 राजस्व मौजे में यह दरें प्रभावी होंगी, जहां मध्यम वर्ग की संख्या अधिक है. नई दर लागू होने से पहले रजिस्ट्री करवाने वालों को पुरानी दर का लाभ मिलेगा, जो फिलहाल एकमात्र राहत है. ऐसे में यदि कोई खरीदार जमीन या फ्लैट खरीदने का मन बना चुका है, तो 31 जुलाई से पहले कदम उठाना उसके लिए आर्थिक रूप से लाभकारी हो सकता है. सरकार को चाहिए कि दरों में वृद्धि के साथ-साथ पारदर्शी ऑनलाइन मूल्यांकन प्रणाली भी विकसित करे, ताकि उपभोक्ताओं को स्पष्ट जानकारी मिले. साथ ही मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए कुछ विशेष छूट या किफायती आवास योजनाएं भी शुरू की जानी चाहिए. जमीन का सपना आमजन के लिए सपना ही न बन जाए, यह सुनिश्चित करना राज्य सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है.

नजरिया

# स्मार्ट मीटर की नई व्यवस्था सुविधा या ग्राहकों की चुनौती

झारखंड बिजली वितरण निगम लि. (जेबीवीएनएल) द्वारा रांची और धनबाद में 25 जुलाई से ऑटोमेटिक लाइन डिस्कनेक्शन अभियान लागू करने की घोषणा निश्चय ही उपभोक्ता व्यवहार में बड़ा बदलाव लाने जा रही है. सात लाख से अधिक घरों में लगे प्रीपेड स्मार्ट मीटर अब ग्राहको को न केवल समय पर भुगतान के लिए मजबूर करेंगे, बल्कि बिजली आपूर्ति पर उनकी निर्भरता को तकनीकी अनुशासन से जोड़ देंगे. इससे बकाया राशि की समस्या कम होगी और जेबीवीएनएल को अपने संसाधनों के प्रबंधन में मदद मिलेगी. उपभोक्ताओं को भी अब वास्तविक समय में बिजली खपत व खर्च का अंदाजा होगा, जिससे ऊर्जा बचत की संभावना बढ़ती है. गरीब और कम साक्षर उपभोक्ताओं के लिए यह प्रणाली अचानक बिजली कटौती की वजह बन सकती है, खासकर उन स्थितियों में जब वे बैलेंस खत्म होने की सूचना समय पर नहीं जान पाते. कई बार तकनीकी गड़बड़ियां या नेटवर्क की समस्याएं भी उपभोक्ताओं को परेशानी में डाल सकती हैं. ऐसे में जेबीवीएनएल को चाहिए कि वह न केवल प्रभावी जन-जागरूकता अभियान चलाए, बल्कि बैलेंस रिचार्ज के लिए सहज और बहुविकल्पीय प्लेटफॉर्म भी उपलब्ध कराए. स्मार्ट व्यवस्था का उद्देश्य उपभोक्ता को दंडित करना नहीं, बल्कि उन्हें सशक्त बनाना होना चाहिए. यदि तकनीक को सहयोग, संवेदनशीलता और सतर्कता के साथ लागू किया जाए, तभी यह परिवर्तन सफल और स्थायी होगा.

# विशेष गहन पुनरीक्षण की आंच बंगाल तक

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**



**बंगाल अभी से एसआईआर की आंच से तपने लगा है. विरोध शुरू है.**

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर अभियान अपने अंतिम चरण में है. विपक्ष लगातार एसआईआर का विरोध कर रहा है. एसआईआर का मामला देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच चुका है. सुप्रीम कोर्ट बिहार में एसआईआर पर रोक नहीं लगाई, पर अभियान की टाइमिंग को लेकर प्रश्न अवश्य उठाए हैं.भारत निर्वाचन आयोग बिहार के बाद, इस वर्ष के अंत तक 2026 में चुनाव होने वाले पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की ऐसी ही समीक्षा करेगा. असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु व बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है. ध्यान रहे बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है. बंगाल में जहां टीएमसी एसआईआर को लेकर बेचैन है तो वहीं कांग्रेस असम को लेकर चिंतित है.गैर भाजपशासित कई राज्यों से विरोध की आवाज उठने लगी है. हालांकि विरोध का सबसे ऊंचा स्वर बंगाल से सुनाई दे रहा है, जहां 2026 में चुनाव होंगे.

बीती 21 जुलाई को कोलकाता में टीएमसी की शहीद दिवस रैली में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा बंगाल में एसआईआर जैसी कवायद करने की योजना बना रही है, इसे अनुमति नहीं देंगे. ममता के निशाने पर भाजपा है. एसआईआर कराना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र का विषय है. सोचिए, बंगाल में एसआईआर अभी शुरू भी नहीं हुआ और ममता ने इसके विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है. इसी से टीएमसी की बेचैनी को समझा जा सकता है.ममता का सार्वजनिक मंच से यह कहना कि बंगाल में एसआईआर की अनुमति नहीं दी जाएगी. सीधे तौर पर चुनाव आयोग को धमकी के साथ संविधान और संवैधानिक संस्था का अपमान भी है. अभी हाल ही में संसद द्वारा पारित वक्फ बिल के विरोध में ममता ने कहा था कि बंगाल में वक्फ कानून लागू नहीं होने देंगे. भला कोई संविधान के तहत निर्वाचित सरकार और मुख्यमंत्री ऐसे कैसे गैरजिम्मेदाराना संविधान विरोधी बयानबाजी कर सकता है. लेकिन बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार ने नियम कानून और संविधान को शायद खूंटी पर टांग रखा है.ममता एसआईआर को एनआरसी यानी राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर से भी ज्यादा खतरनाक बता चुकी हैं. टीएमसी को यह चिंता सता रही है कि अगर चुनाव आयोग ने चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों में टारगेट करके मतदाताओं के नाम काटे तो उसका फायदा भाजपा को होगा. बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है, जिसके बारे में भाजपा आरोप लगाती है कि इनमें बड़ी संख्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या की है. इनका वोट एकमुश्त तृणमूल को जाता है. हर क्षेत्र में 10 से 20 हजार नाम अगर कट जाते हैं तो तृणमूल को उसका बड़ा नुकसान होगा.

हालांकि बिहार से उलट बंगाल में टीएमसी के नेता ज्यादा जागरूक और सक्रिय हैं. वे आसानी से नाम नहीं कटने देंगे. पिछले कई महीनों से वे खुद घर घर जाकर सब चेक कर रहे हैं.भाजपा का आरोप है कि पिछले 14 वर्षों में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार ने अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को मतदाता सूची में व्यवस्थित रूप से घुसपैठ कराई है. बीते मार्च बंगाल भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को ऑडिट और मतदाता सूची संशोधन की जरूरत से अवगत कराते हुए बताया था कि बंगाल में 13 लाख से अधिक फर्जी मतदाता हैं. बीते जून को भाजपा ने दावा किया कि बंगलादेश से जुड़े कोटा सुधार आंदोलन के नेता न्यूटन दास का नाम काकद्वीप विधानसभा इलाके के वोटर लिस्ट में है. तृणमूल ने आरोपों से इनकार किया है.बीते दिनों मालदा के गाजोल के गांव में ऐसा मामला सामने आया है, जहां इलाके में एक भी अल्पसंख्यक नहीं रहता, वहां दो अपरिचित और कथित अल्पसंख्यक वोटरों के नाम नये मतदाता सूची में शामिल पाये गये हैं.

**तय मानिए, आनेवाले दिनों में एसआईआर के विरोध की गूंज देश भर में सुनाई देगी. और इसमें सबसे ज्यादा ऊंची आवाज टीएमसी नेताओं की होगी. टीएमसी के विरोध, धमकी और बेचैनी से यह समझ में आ रहा कि दाल में बहुत काला है.**

इसे लेकर भाजपा विधायक चिन्मय देव बर्मन ने अवैध घुसपैठ और फर्जी वोटर जोड़ने का आरोप लगाया है. राज्य में अलग-अलग क्षेत्रों से फर्जी वोटर मामले सामने आने के कारण राजनीतिक माहौल और गर्माया हुआ है. ममता बनर्जी ने 'फेक वोटर' की पहचान के लिए एक समिति भी बनाई है.

जानकार मानते हैं कि दिल्ली की जीत के बाद भाजपा की नजर 2026 में बंगाल में ममता को पछाड़ने पर है. दिल्ली चुनाव में मिली जीत से भाजपा का आत्मविश्वास बढ़ा है और वो अधिक मजबूती से ममता बनर्जी को चुनौती देने की कोशिश करेगी. ममता बनर्जी भी जमीनी सच्चाई और आने वाले राजनीतिक खतरों को बखूबी भांप रही है. इसलिए उन्होंने अभी से विरोध का स्वर ऊंचा करना शुरू कर दिया है. सबसे हैरानी की बात यह है कि इंडी गठबंधन के नेता संविधान के सम्मान और रक्षा की बात करते हैं. लेकिन उनकी कथनी और करनी में जमीन आसमान का भेद है. वो कदम कदम पर संविधान, संवैधानिक मूल्यों और परंपराओं का अनादर करते दिखाई देते हैं. एक तरफ, विपक्ष चुनाव आयोग पर भाजपा से मिलीभगत के आरोप लगाता है. वहीं दूसरी तरफ, जब चुनाव आयोग मतदाता सूची की त्रुटियों को दूर कर साफ सुथरी सूची बनाने का अभियान चलाता है, तो उसका विरोध करने लगता है. साफ सुथरी वोटर लिस्ट न बने इसके लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंच जाता है.

विपक्ष के इस दोहरे मापदंड और चरित्र के बारे में भला क्या कहा जाए. विपक्ष के ऐसे रवैये से एक बात तो साफ है कि विपक्ष चुनाव में मिली हार और नाकामी छिपाने के लिए चुनाव आयोग, वोटर लिस्ट और ईवीएम के सिर पर ठीकरा फोड़ता है? तय मानिए, आने वाले दिनों में एसआईआर के विरोध की गूंज देशभर में सुनाई देगी. और यह भी लिखकर रख लीजिए इसमें सबसे ज्यादा ऊंची आवाज टीएमसी के नेताओं की होगी. टीएमसी के विरोध, धमकी और बेचैनी से यह समझ में आ रहा है कि दाल में कुछ नहीं बहुत कुछ काला है.

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं.)**

## आज का इतिहास

1793: फ्रांस ने कॉपीराइट कानून बनाया.
1823: चिली में दास प्रथा समाप्त हुई.
1870: अमेरिका में पहली रेल सेवा की शुरुआत.
1911: हैरम बेहन द्वारा माया सभ्यता के लुप्त शहर माचुपिच्चु को खोज निकाला गया.
1932: रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान स्थापित.
1938: इंस्टेंट काफी की खोज हुई.
1969: अपोलो-11 अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर लौटा.
1987: उपन्यासकार जेफ़री आर्चर ने डेली स्टार पेपर के खिलाफ मानहानि का केस जीता.
1989: लोकसभा में विपक्ष के सभी सदस्यों का इस्तीफा, जिसे स्वीकार कर लिया गया.
1999: अमेरिकी अंतरिक्ष यान कोलंबिया का सफल प्रक्षेपण.
2000: एस विजयलक्ष्मी शतरंज की पहली महिला ग्रैंडमास्टर बनी.
2005: कोरियाई क्षेत्र को परमाणु हथियारों से मुक्त करने हेतु उत्तर और दक्षिण कोरिया के बीच आम सहमति बनी.

## मदद करने वाला नहीं सोचता कि उसे ठगा जा रहा है

चिंतन

बात ज्यादा दिन की नहीं है. अर्जेंटीना के गोल्फर रॉबर्टो डी वीन्सेन्ज़ो अपने दौर के बहुत बड़े गोल्फ के खिलाड़ी रहे हैं. उन्होंने अपने करियर के दौरान दुनिया भर में 230 से अधिक टूर्नामेंट्स जीते. पर वे सिर्फ अपने शानदार खेल के लिए ही नहीं बल्कि अपने पॉजिटिव ऐटिट्यूड के लिए भी जाने जाते हैं . आइए हम उनकी लाइफ से रिलेटेड एक दिल छू लेने वाले वाकये को देखते हैं.

एक बार रॉबर्टो डी वीसेन्जो ने कोई टूर्नामेंट जीता, इनाम में मिले चेक को लेकर वे ड्रेसिंग रूम में चले गए और वहां काफी समय बिताया. जब वे बाहर निकले तो सब लोग जा चुके थे, वे आराम से टहलते हुए पार्किंग लॉट तक पहुंचे और अभी वो अपनी कार में बैठने ही वाले थे कि एक औरत उनके पास आई और बोली, सर , मेरे पास कोई नौकरी नहीं है, मेरा बच्चा बहुत बीमार है, वो मरने वाला है और मेरे पास हॉस्पिटल और डॉक्टर्स को देने के लिए पैसे भी नहीं हैं .

रॉबर्टो उस औरत की फ़रियाद से पिघल गए और तुरंत ही अपनी जीता हुआ चेक एंडोर्स किया और उस औरत को दे दिया अगले हफ्ते वो कंट्री क्लब गए. वहां किसी पीजी ऑफिसियल ने उन्हें बताया कि उनके साथ बहुत बड़ा धोखा हुआ है – उस औरत का कोई बच्चा नहीं है, यहां तक कि उसकी शादी भी नहीं हुई है.

गोल्फर रॉबर्टो बोले, तुम्हारा कहने का मतलब कि कोई बीमार बच्चा है ही नहीं!

हां, बिलकुल सही सुना तुमने, अफसर तुरंत बोला.

रॉबर्टो बोले, क्या बात है, ये तो मेरे लिए साल की सबसे अच्छी खबर है.

दोस्तों, सोचिए कितनी करुणा होगी, इस महान गोल्फर के हृदय में, जिसे ठगे जाने का दुःख नहीं बल्कि इस बात की ख़ुशी थी कि ऐसा कोई बीमार बच्चा है ही नहीं. और ऐसा भी नहीं था कि वो दिखावा कर रहे थे, उनकी लाइफ के और भी कई सच्चे किस्से हैं जो हमें बताते हैं कि वे सचमुच एक बड़े दयालु और सकारात्मक दृष्टिकोण के व्यक्ति हैं. उन्होंने जीवन भर जितना बन पड़ा, लोगों की आगे बढ़ कर मदद की.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग




1. Om Shanti
2. #ChandrashekharAzad
3. #BalGangadharTilak
4. चंद्रशेखर आजाद
5. लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक
6. #HappyBirthdaySuriya
7. #DivyaShishuGarbhaSanskar
8. महान क्रांतिकारी
9. #Shivratri
10. Holistic Pregnancy




## बहुरंग

# बाजपेयी और वर्मा की जोड़ी 'पुलिस स्टेशन में भूत' से हंसी का तड़का दर्शकों को लुभाएगी

अभिनेता मनोज बाजपेयी हाल ही में फिल्म 'डिस्पैच' में नजर आए थे, हालांकि यह फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर पूरी तरह खरी नहीं उतर पाई. अब मनोज एक बार फिर नए अंदाज में दर्शकों से रूबरू होने को तैयार हैं. एक ओर उनकी फिल्म 'गवर्नर' रिलीज के लिए तैयार है, तो दूसरी ओर वे पहली बार निर्देशक राम गोपाल वर्मा के साथ एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'पुलिस स्टेशन में भूत' में काम करने जा रहे हैं. इस अनोखे टाइटल वाली फिल्म को लेकर अब कुछ दिलचस्प जानकारियां सामने आई हैं, जो दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ा रही हैं. 'स्त्री-2' और 'मुंज्या' जैसी फिल्मों की सफलता के बाद बॉलीवुड में हॉरर कॉमेडी का ट्रेंड एक बार फिर जोरों पर है. इसी लहर में अब दिग्गज निर्देशक राम गोपाल वर्मा भी अपनी नई फिल्म 'पुलिस स्टेशन में भूत' के ज़रिए शामिल होने जा रहे हैं. इस फिल्म में वह 26 साल बाद अपने फेवरेट एक्टर मनोज बाजपेयी के साथ काम कर रहे हैं, और इस कोलैबोरेशन को लेकर काफी उत्साहित भी हैं. हॉरर-कॉमेडी का ये जॉनर जहां मनोज के लिए नया अनुभव होगा, वहीं रामू के लिए भी यह एक दिलचस्प और ताज़ा सिनेमाई दिशा है.

मनोज बाजपेयी इस वक्त अपनी अगली फिल्म 'पुलिस स्टेशन में भूत' की शूटिंग की तैयारियों में जुटे हैं, जिसकी शुरुआत जल्द ही हैदराबाद में होने वाली है. इस प्रोजेक्ट की घोषणा इसी साल अप्रैल में हुई थी और तब से ही दर्शकों के बीच इसे लेकर उत्सुकता बनी हुई है. मनोज बाजपेयी और राम गोपाल वर्मा की जोड़ी इससे पहले 1998 में आई



कल्ट क्लासिक 'सत्या' में साथ काम कर चुकी है, यही फिल्म मनोज को इंडस्ट्री में एक मजबूत पहचान दिलाने वाली साबित हुई थी. इसके बाद 1999 में दोनों ने 'शूल' और 'कौन' जैसी फिल्मों में भी एकसाथ कमाल किया था. अब दो दशक से भी ज्यादा समय बाद, यह जोड़ी फिर से धमाका करने को तैयार है. इस बार हास्य और हॉरर के तड़के के साथ.

रिपोर्ट के अनुसार 'पुलिस स्टेशन में भूत' में मनोज बाजपेयी एक ऐसे पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं, जो मुठभेड़ में मारे गए एक खूंखार गैंगस्टर की आत्मा से बचते फिरते नज़र आएंगे. यह फिल्म हॉरर, कॉमेडी और थ्रिल का ज़बरदस्त मिश्रण होने वाली है. राजपाल यादव भी इस फिल्म में प्रमुख भूमिका में होंगे और अपनी जबरदस्त कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों को हँसाने का जिम्मा संभालेंगे. वहीं जेनेलिया डिसूजा इस फिल्म में मनोज की पत्नी का किरदार निभा रही हैं. इस फिल्म के साथ राम गोपाल वर्मा और मनोज बाजपेयी की 26 साल बाद वापसी दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं है.




आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे. पठन पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. जल्दबाजी में कोई भूल संभव है. आय-व्यय समान्य रहेगा. शुभांक-5-7-9

**वृष :** बुरी संगति से बचें. आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं. दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें. निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है. भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी. एकाकी प्रवृति का त्याग करें. शुभांक-3-5-7

**मिथुन :** कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. मन प्रसन्न बना रहेगा. अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. शुभांक-2-4-6

**कर्क :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे. मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. मान-सम्मान में वृद्घि होगी. हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें. यात्रा योग हैं. शुभांक-5-7-9

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा. मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. शुभांक-2-5-8

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा. जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा. धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा. हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे. संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी. आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी. शुभांक-3-5-7

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. सफलता मिलेगी. सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें. शुभांक-2-5-7

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं. समय व्ययकारी सिद्घ होगा. ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं. आध्यात्मिक रुचि बनेगी. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. स्वास्थ्य मध्यम रहेगा. व्यापार में स्थिति नरम रहेगी. कार्य सफल होगें. शुभांक-4-5-7

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. धार्मिक यात्रा का योग बना है. शुभांक-3-6-8

**मकर :** सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा. मान-सम्मान में वृद्घि होगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें. शुद्घ गोचर का लाभ. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. आर्थिक लाभ के किये कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा. शुभांक-4-6-8

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी. लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे. स्वास्थ्य उत्तम रहेगा. स्त्री का सहयोग मिलेगा. शुभांक-2-5-8

**मीन :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्घि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा. किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी. अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. आर्थिक स्थिति सुधरेगी. शुभांक-2-4-6

# मध्य प्रदेश में टैक्स फ्री हुई अनुपम खेर की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट'

अनुपम खेर के निर्देशन में बनी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म को समीक्षकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और दर्शकों ने भी इसकी कहानी और कलाकारों के अभिनय की दिल से सराहना की. हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी. इस बीच फिल्म के पक्ष में एक अच्छी खबर आई है. 'तन्वी द ग्रेट' को मध्य प्रदेश सरकार ने टैक्स फ्री घोषित कर दिया है. माना जा रहा है कि इस फैसले से फिल्म को प्रदेश में ज्यादा दर्शक मिलेंगे और इसकी कमाई में इज़ाफा हो सकता है. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ऐलान किया है कि 'तन्वी द ग्रेट' को राज्य में टैक्स फ्री कर दिया गया है. उन्होंने जनता से इस फिल्म को देखने की अपील करते हुए कहा, ₹यह केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक संदेश है. अनुपम खेर और सभी कलाकारों को हार्दिक शुभकामनाएं. राज्य में इस फिल्म को टैक्स फ्री किया जा रहा है.₹ वहीं, अनुपम खेर ने भी मुख्यमंत्री मोहन यादव का दिल से आभार जताया और इस फैसले को फिल्म के लिए एक बड़ी राहत बताया. उन्होंने कहा कि इस समर्थन से फिल्म और ज्यादा लोगों तक पहुंचेगी और उसका संदेश मजबूत होकर गूंजेगा. फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की बात करें तो यह 21 वर्षीय तन्वी रैना की प्रेरणादायक कहानी है, जो ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से जूझती है. इस किरदार को शुभांगी दत्त ने बेहद संजीदगी से निभाया है. फिल्म में अनुपम खेर भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आते हैं. इसके अलावा जैकी श्रॉफ, पल्लवी जोशी, बोमन ईरानी और करण टैकर जैसे अनुभवी कलाकार भी इस संवेदनशील कहानी का हिस्सा हैं. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार, 'तन्वी द ग्रेट' ने अब तक कुल 1.83 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. हालांकि कमाई भले सीमित रही हो, लेकिन फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से सराहना मिल रही है.

# फिल्म निर्माता बोनी कपूर ने घटाया 26 किलो वजन

प्रसिद्ध फिल्म निर्माता बोनी कपूर इस बार अपनी किसी फिल्म को लेकर नहीं, बल्कि अपने अद्भुत शारीरिक बदलाव को लेकर सुर्खियों में हैं. उन्होंने बिना जिम जाए करीब 26 किलो वजन कम कर सबको चौंका दिया है. बोनी कपूर का यह फिटनेस परिवर्तन न सिर्फ प्रेरणादायक है, बल्कि यह दिखाता है कि दृढ़ संकल्प और अनुशासन से किसी भी उम्र में बदलाव संभव है. बोनी कपूर के नए लुक की फोटोज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं. उनके नए लुक को देखकर फैंस और सेलेब्स जमकर तारीफ कर रहे हैं. लोग कह रहे हैं कि बोनी कपूर का यह अवतार बिल्कुल नया और ऊर्जावान है. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बोनी कपूर ने अपना वजन पूरी तरह डाइट कंट्रोल के जरिए घटाया है. उन्होंने अपनी दिनचर्या में खास बदलाव करते हुए रात के खाने की जगह सिर्फ सूप लेना शुरू कर दिया



है. वहीं सुबह का नाश्ता वह फलों के रस और ज्वार की रोटी जैसे हल्के और पौष्टिक विकल्पों से करते हैं.

एक मशहूर सेलिब्रिटी फोटोग्राफर द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर की गईं बोनी कपूर की कुछ नई तस्वीरें, जिनमें उनका बदला हुआ लुक साफ नजर आ रहा है, को फिल्म निर्माता ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर कर इस बदलाव को सेलिब्रेट किया है. इस बीच निर्माता बोनी कपूर ने एक बार फिर अपनी दिवंगत पत्नी श्रीदेवी को याद करते हुए भावुक पोस्ट शेयर किया है. उन्होंने श्रीदेवी की एक पुरानी तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की और कैप्शन में लिखा, वो मुझे ऊपर से देख रही हैं और मुस्कुरा रही हैं. ये तस्वीर हमारी शादी से पहले की है. गौरतलब है कि बोनी कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर श्रीदेवी के साथ बिताए पलों को याद करते हुए उनकी तस्वीरें शेयर करते हैं और अपने जज्बातों को शब्दों में पिरोते हैं.



# सोशल मीडिया पर पोस्ट करने से पहले सोचें

**आजकल सोशल मीडिया लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी पर हावी हो गया है। भारत की बात करें, तो सोशल नेटवर्किंग साइट्स लोगों, खास तौर पर युवाओं के लिए नशे जैसी हो गई हैं। आलम यह है कि बहुत-से लोगों को रोज फेसबुक-ट्विटर देखे बिना नींद ही नहीं आती। दिक्कत यह है कि कई लोग इस भ्रम में होते हैं कि वे सोशल मीडिया पर कुछ भी लिख सकते हैं, किसी के बारे में कुछ भी विचार व्यक्त कर सकते है,यहां सब कुछ चलता है!**

जरा सोचिए, व्यवहारिक दुनिया में आप कितने डिप्लोमैटिक रहते हैं। अपने बॉस या सहकर्मी के बारे में आपके मन में जो विचार आते हैं, क्या वे सभी विचार आप उनके सामने व्यक्त कर सकते हैं? नहीं ना? तो यह क्यों सोचते हैं कि सोशल मीडिया में आप वह सब कुछ लिख सकते हैं, जो आपके मन में आए?

सच तो यह है कि सोशल मीडिया पर सक्रियता अगर कुछ हद तक आपकी तरक्की की राह आसान करती है, तो कई बार आपकी गलती से यह सक्रियता तरक्की की राह में रोड़ा भी बन सकती है। सोशल मीडिया पर कुछ भी पोस्ट करने से पहले उसके असर के बारे में जरूर सोच-विचार कर लें। ऐसा कुछ पोस्ट करने का प्रयास करें, जिससे आपका करियर बेहतर होता हो, न कि ऐसा कुछ जिससे आपके करियर की गाड़ी पटरी से उतर जाए।

## तस्वीरों से बचें

फेसबुक या अन्य किसी नेटवर्किंग साइट पर अपनी ऐसी कोई तस्वीर न रखें, जिससे आपकी छवि खराब होती हो। मसलन, अगर कोई टीचर है और शराब पार्टी में शामिल होने की फोटो शेयर करता है, तो इससे उसकी अपने स्टूडेंट्स के बीच छवि खराब हो सकती है।

## प्लेटफॉर्म का ध्यान रखें

यह ध्यान रखें कि किस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कैसी चीज पोस्ट की जा सकती है। उदाहरण के लिए बच्चों की गतिविधि अपनी हॉबी, मंदिर जाने जैसी रोजमर्रा की जानकारी आप फेसबुक पर शेयर कर सकते हैं लेकिन लिंक्डइन जैसी प्रोफेशनल नेटवर्किंग वेबसाइट पर नहीं। लिंक्डइन पर ऐसी पर्सनल जानकारी या तस्वीरें शेयर करनी चाहिए, जिससे प्रोफेशनल तबका प्रभावित हो।

## नकारात्मकता से दूर रहें

आपके सोशल मीडिया अकाउंट पर आपकी प्रोफेशनल या पर्सनल लाइफ के बारे में लोगों के मन में पॉजिटिव इमेज बननी चाहिए। आपकी पोस्ट नकारात्मकता से भरी होगी, तो आपके बारे में अच्छी राय नहीं बनेगी। इस बात पर विचार करें कि आपके पोस्ट से ज्यादा-से-ज्यादा लोग आपसे जुड़ रहे हैं या आपसे दूर होते जा रहे हैं।



# करियर में चार चांद लगा सकती है वॉटर साइंस फील्ड

**वॉटर साइंस यानी जल विज्ञान अपने आपमें साइंस की एक बड़ी शाखा है। इसमें न सिर्फ वॉटर साइकिल को स्टडी किया जाता है, बल्कि रिसर्च करके अलग-अलग जगहों पर पानी से जुड़ी प्रॉब्लम्स को दूर करने के विकल्प तलाशे जाते हैं।**

आज दुनिया का शायद ही ऐसा कोई देश हो, जो पानी से जुड़ी किसी समस्या से ग्रस्त न हो। ऐसे में एक वॉटर साइंटिस्ट के लिए हर जगह संभावनाएं हैं। यह एक ऐसी फील्ड है, जो आपके करियर में चार चांद लगा सकती है।

## क्या है वॉटर साइंस

वॉटर साइंस पानी की जमीन और भूमिगत प्रोसेस से रिलेटेड साइंस है। इसमें धरती पर मौजूद पहाड़ों और मिनरल्स के साथ पानी की फिजिकल, केमिकल और बायोलॉजिकल प्रॉसेस और लिविंग ऑर्गेनिज्म्स के साथ इसकी एनालिसिस शामिल है। वॉटर साइंस की स्टडी करने वाले एक्सपर्ट्स ही वॉटर साइंटिस्ट कहलाते हैं। वॉटर साइंस की फील्ड में हाइड्रोमिटिरोलॉजी, भूतल, वॉटर साइंस, हाइड्रोजिओलॉजी, ड्रेनेज बेसिन मैनेजमेंट और जल गुणवत्ता से जुड़े सब्जेक्ट्स आते हैं। इसकी कई ब्रांचेज हैं, जैसे- केमिकल वॉटर साइंस, इकोलॉजिकल वॉटर साइंस, हाइड्रोइन्फॉरमैटिक्स वॉटर साइंस।

## क्या हैं फ्यूचर प्रॉस्पेक्ट्स?

वॉटर साइंटिस्ट बनकर आप विभिन्न प्रकार के ऑर्गेनाइजेशन्स के लिए काम करके अच्छी सैलरी पा सकते हैं। सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं में वॉटर साइंटिस्ट को अच्छे पैकेज पर एपॉइंट किया जाता है। इसके अलावा आप काउंसलर के रूप में भी काम कर सकते हैं। जैसे- सिविल इंजीनियरिंग, एन्वायरमेंटल मैनेजमेंट और इवैल्युएशन में सेवाएं उपलब्ध कराना। इसके अलावा आप नई एनालिटिकल टेक्नीक्स के जरिए टीचिंग और रिसर्च भी कर सकते हैं। यूटिलिटी कंपनियां और सार्वजनिक प्राधिकरण के साथ जुड़कर जलापूर्ति और सीवरेज सेवाएं प्रदान कर सकते हैं।

## कैसी होनी चाहिए स्किल्स?

वॉटर रिसोर्सेज डेवलपमेंट और मैनेजमेंट में करियर बनाने के लिए आपमें पेशेंस, डिटरमिनेशन, विस्तृत और अच्छी एनालिसिस करने की एबिलिटी होनी बहुत जरूरी है। इसके साथ ही टीम वर्क की भावना और एफेक्टिव कम्युनिकेशन इस फील्ड में बने रहने के लिए जरूरी है।

## कौन से कोर्सेज है जरूरी?

देशभर की कई यूनिवर्सिटीज वॉटर साइंस और वॉटर रिसोर्सेज जैसे सब्जेक्ट्स में ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स कराती हैं। वॉटर साइंस में करियर बनाने के लिए आप इस सब्जेक्ट से बीएससी करने के बाद एमएससी और फिर पीएचडी या एमफिल कर सकते हैं।

## कैसा है रेम्युनेरेशन?

अपने करियर की शुरुआत में आप 18-20 हजार रुपए तक कमा सकते हैं। इस फील्ड में एक्सपीरियंस काफी मायने रखता है।



# खुद के लिए समय निकालें

**क्या आप उन लोगों में से हैं जिनके पास घर, काम, अपने समुदाय की तरह-तरह की जिम्मेदारियों की अच्छी खासी सूची है और आप इसे संतुलित करने की कोशिश में लगे रहते हैं। आपका यह इरादा प्रशंसनीय है कि आप एक साथ कई जिम्मेदारियों को बखूबी निभा रहे हैं। लेकिन आपको एक अलग अप्रोच के लिए काम करने का तरीका अपनाना चाहिए। यहां कुछ टिप्स दिए जा रहे हैं जो कि आपके लिए फायदेमंद हो सकते हैं**

- आपको उन चीजों पर ज्यादा फोकस करना चाहिए जो आपके लिए ज्यादा मायने रखते हों। अगर आप चीजों को आसान बनाना चाहते हैं तो आपके पास एक सिंगल टास्क लिस्ट होनी चाहिए। आपको आपके कैलेंडर में सारी चीजें फीड करना चाहिए और उन्हें प्राथमिकता के हिसाब से पूरा करते रहना चाहिए। इस तरह आपका ध्यान फोकस रहेगा और आप काम में भटकेंगे नहीं। इसका एक कारण यह भी है कि प्राथमिकता तय करने से आप महत्वपूर्ण काम को पहले कर पाएंगे जिससे आप रिलेक्स भी रहेंगे।
- अगर आप सामान्य से कुछ घंटे पहले नींद से उठने की आदत डालेंगे तो आपको पूरे दिन रिलेक्स महसूस होगा। आप एक्सरसाइज कर सकते हैं, पढ़ सकते हैं और शांति से दो पल बैठ सकते हैं। साथ ही जल्दी उठने के हेल्थ बेनिफिट्स भी आपको मिलेंगे। जल्दी उठने वाले प्रोएक्टिव, चीयरफुल और डिप्रेशन से कोसों दूर रहते हैं।
- आपने अपना सौ प्रतिशत दिया लेकिन आप जिस तरह का रिजल्ट चाहते थे, नहीं आ पाया। ऐसे में निराश होना स्वाभाविक है। अब लोग उसे लेकर ही चिंतन-मनन में लगे रहते हैं और अपनी प्रोडक्टिविटी प्रभावित करते हैं। आप अपने साथ ईमानदार रहें और चीजों में सौ प्रतिशत देने के बाद उसके परिणाम को लेकर असहज न रहें।
- आपके पास पहले से ही खूब काम है और ऊपर से आप ने बेमतलब की जिम्मेदारी और लेकर अपना बर्डन बढ़ा लिया। अगर आप किसी भी काम में ना करने से हिचकिचाते हैं तो यह आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है। आपको अपने रूटीन में थोड़ा पर्सनल टाइम चाहिए होता है और उसमें भी आपने कुछ ऐसे टास्क ले लिए तो आपके हाथ निराशा ही हाथ लगेगी। मी टाइम लेकर अपराधबोध मत रखिए। यह आपके लिए बहुत जरूरी है।




**इंटरनेशनल ब्यूटी कॉन्टेस्ट्स हो या हाई प्रोफाइल विदेशी हस्तियों की यात्रा, ऐसे इवेंट्स को सफल बनाने में एक लिंग्विस्ट की बड़ी भूमिका होती है। लिंग्विस्ट यानी वह लैंग्वेज प्रोफेशनल, जिसकी एक से ज्यादा भाषाओं पर मजबूत पकड़ हो। अगर आपको भी नई भाषाएं सीखने और उनमें निपुणता हासिल करने में दिलचस्पी है, तो आप बन सकते हैं बेहतरीन लिंग्विस्ट।**

# लिंग्विस्ट के फील्ड में अवसरों की कमी नहीं

भाषा के क्षेत्र में करियर जितना अलग है, उतना ही रोचक भी। एक से ज्यादा भाषाओं की जानकारी आपको न सिर्फ दूसरे देशों और संस्कृति से जोड़ती है, बल्कि कई फील्ड्स में करियर के रास्ते भी खोलती है। आज भाषाओं के क्षेत्र में बेहतरीन प्रोफेशनल्स की काफी डिमांड है। हॉस्पिटल्स हों या बैंक्स, जांच एजेंसियां हों या पब्लिशिंग हाउसेज, हर उद्योग में लिंग्विस्ट के लिए काफी स्कोप है। अगर आपको भी भाषाओं में दिलचस्पी है, तो आप लिंग्विस्टिक्स में बना सकते है शानदार करियर।

लिंग्विस्टिक्स भाषा की वैज्ञानिक स्टडी है। इसमें किसी भाषा विशेष की बनावट और उसके विकास के साथ-साथ दूसरी भाषाओं के साथ उसके संबंध के बारे में भी पढ़ाया जाता है। इसमें भाषा के हर पहलू को कवर किया जाता है। इस विषय के विद्यार्थी के पास भाषा की उत्पत्ति से लेकर उसके विकास तक की जानकारी होती है।

## कौन-से कोर्स?

आप किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन करने के बाद लिंग्विस्टिक्स में पोस्ट ग्रेजुएशन कर सकते हैं। हालांकि ज्यादा अच्छे रेम्युनरेशन के लिए इस फील्ड में उच्च शिक्षा प्राप्त करना ज्यादा फायदेमंद होगा। सरकारी सेवाओं में भी लिंग्विस्टिक्स में एमफिल या पीएचडी जैसी डिग्री को प्राथमिकता दी जाती है।

## लिंग्विस्टिक्स में पढ़ाई करने के बाद करियर ऑप्शन होते हैं

### लिंग्विस्ट

आप भाषा की उत्पत्ति और विकास में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं और रिसर्च करके स्पीच रिकग्निशन में काम कर सकते हैं।

### टीचर

आप किसी भी भाषा विशेष का अध्यापन कर सकते हैं। इस तरह के टीचर्स की कई विश्वविद्यालयों में काफी मांग है।

### ट्रांसलेटर

इस जॉब में आपको किताबों, स्क्रिप्ट्स और लेखों का दूसरी भाषा में अनुवाद करना होता है।

### इंटरप्रिटर

इंटरप्रिटर के तौर पर बिजनेस एग्जीक्यूटिव्स या सरकारी अधिकारियों के साथ दूसरे देशों की यात्राओं पर जाने का मौका मिलता है। यहां आप दो लोगों को संवाद करने में मदद करते हैं।

यह बहुत ही टफ जॉब है क्योंकि आपको इस बात का ध्यान रखना होता है कि मूल वाक्य का अर्थ आपके इंटरप्रिटेशन में बदल न जाए। साथ ही, वाक्य बोले जाने के बाद आपको उसका अनुवाद सोचने के लिए न के बराबर समय मिलता है।

## संभावनाएं

इस फील्ड में अवसरों की कोई कमी नहीं है। आप हॉस्पिटल्स में बतौर स्पीच थैरेपिस्ट, बैंक्स में बतौर लैंग्वेज इन्पुट ऑफिसर, पब्लिशिंग हाउसेज में बतौर ट्रांसलेटर और लेक्सिकोग्राफर, पीआर इंडस्ट्री, ट्रैवल एंड टूरिज्म इंडस्ट्री, आईटी इंडस्ट्री में वॉइस रिकग्निशन सॉफ्टवेयर डेवलपर, मिलेट्री, इंटेलिजेंस और फॉरेन सर्विसेज में काम करके बेहतरीन करियर बना सकते हैं।



# अप्रेजल को लेकर है टेंशन, तो जरा इन बातों पर ध्यान दें

कार्तिक एक नामी कंपनी में पिछले कई वर्षों से काम कर रहे हैं। अपने इनोवेटिव अप्रोच और परिश्रम की वजह से आज वे एक सीनियर और जिम्मेदारी भरे पद पर हैं। किसी भी प्रोजेक्ट की प्लानिंग और उस पर अमल से लेकर फाइनल आउटपुट तक वे हर कदम पर अपनी टीम के साथ लगे रहते हैं। वे चाहते, तो सारे काम अपने अधीनस्थों को सौंपकर निश्चिंत हो सकते थे लेकिन बिना खुद काम किए उन्हें तसल्ली नहीं होती। ऐसा नहीं है कि उन्हें अपनी टीम पर भरोसा नहीं है या फिर उनकी टीम कमजोर है। इसके बावजूद हर काम पर बारीकी से नजर रखते हुए आगे बढ़ना उनकी आदत में शुमार है। यही कारण है कि उनके तमाम प्रोजेक्ट्स का आउटपुट प्रभावशाली होता है। हालांकि इसके लिए वे प्रशंसा की ज्यादा उम्मीद नहीं करते, क्योंकि उन्हें लगता है कि बेहतर आउटपुट से जो सुकून मिलता है, वही उनके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है।

## बाहर नहीं, भीतर देखें

आपके काम से ही आपकी पहचान होती है। कई बार आप सोचते होंगे कि मैं तो इस संस्थान में इतने वर्षों से काम कर रहा हूं, लेकिन मुझे न तो कभी अच्छा इंक्रीमेंट मिला और न ही उपयुक्त प्रमोशन। हो सकता है कि इस बात को लेकर आप दुखी और निराश भी हों। लेकिन क्या आपने कभी इस बात पर गंभीरता से विचार किया कि आखिर क्यों दूसरों को बेहतर इंक्रीमेंट मिल जाता है और आपको नहीं? यदि नहीं किया, तो अब जरूर इस बात पर विचार करें। दूसरों को कोसने या उनसे ईर्ष्या करने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। बेहतर यही होगा कि दूसरों की उपलब्धियों को देखकर दुखी या निराश होने के बजाए अपने भीतर देखें और अपनी कमियों को दूर करने का प्रयास करें।

## ढूंढें सवालों के जवाब

अब तक के करियर में आपने कितनी बार किसी काम के लिए बॉस के सामने पहल की है या कोई इनोवेटिव आइडिया दिया है? क्या आप नई चुनौतियों को स्वीकार करने से बचते रहे हैं? क्या आप इसलिए बॉस के सामने पड़ने से कतराते हैं कि कहीं वे आपको कोई नया काम न सौंप दें? क्या आपने अपनी जिम्मेदारियों को बिना किसी गलती के, पूरी कुशलता के साथ डेडलाइन पर पूरा किया है? क्या आप पिछली गलतियों से सबक लेते हुए इस बात का ध्यान रखते हैं कि आगे उन्हें दोहराया न जाए? क्या आप किसी काम को करने में लंबा वक्त लेते हैं और डेडलाइन का पालन नहीं कर पाते? क्या आपके पास पेंडिंग कार्यों की लाइन लगी रहती है? क्या वाकई आपके ऊपर ज्यादा काम का बोझ है या फिर आप दूसरों को ऐसा दिखाते भर हैं? इन सब सवालों पर मंथन कर इनके उत्तर ईमानदारी से देना जरूरी है।

## उत्साह भरी पहल

याद रखें, सिर्फ घड़ी देखकर मशीन की तरह काम में जुटे रहने से न तो पहचान मिलती है और न ही रिवॉर्ड। आज हमारे जीवन में टेक्नोलॉजी का दखल काफी बढ़ चुका है। इसकी वजह से स्मार्ट वर्क-स्टाइल को बढ़ावा मिल रहा है। ऐसे में हम पुरानी धीमी पद्धतियों और सोच से चिपके नहीं रह सकते, बल्कि हमें भी वक्त के साथ अपनी सोच और वर्क-स्टाइल में बदलाव लाने के लिए तत्पर रहना चाहिए। यह न सोचें कि अब नई टेक्निक कैसे सीखेंगे! आप चाहेंगे, तो अपने काम को स्मार्ट तरीके से करने की हर स्किल सीख सकते हैं। हां, इसके लिए उत्सुकता और उत्साह दोनों जरूरी है। अपने भीतर की काहिलियत को भगाएं और आगे बढ़कर पहल करें। उत्साहित रहकर काम करेंगे, तो खुश भी रहेंगे और इसका बेहतर परिणाम भी दिखेगा।

## कर्म पर करें भरोसा

अगर आप स्मार्ट और इनोवेटिव तरीके से काम करेंगे, तो उसे जरूर सराहा जाएगा। अपने और अपने विभाग के कार्यों को सामने लाने का प्रयास करें, ताकि वह कहीं अनदेखा-अनजाना न रह जाए। सामने आने वाली नई चुनौतियों को भी आगे बढ़कर स्वीकार करें और उनमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करें। इसके लिए अपनी टीम के साथ मिलकर काम करें। न तो खुद हताश हों और न ही कभी टीम को हताश होने दें।

## न हों निराश

क्या आपको लगता है कि आपने तो हर तरह से बेहतर काम करने और अच्छा परिणाम देने का प्रयास किया, फिर भी उम्मीद के मुताबिक न तो प्रमोशन मिला और न इंक्रीमेंट? यदि हां, तो जरा सोचें कि क्या पहले भी आपके साथ ऐसा हुआ है? अगर पहले उम्मीद के मुताबिक या उम्मीद से ज्यादा मिलता रहा है और सिर्फ इसी बार ऐसा नहीं हुआ, तो फिर आपका निराश या हताश होना उचित नहीं है। खुद को समझाएं और जितनी जल्दी हो सके, अपने आप को व अपने काम को पहले की तरह पटरी पर ले आएं। अगर आप प्रतिक्रिया में काम को लेकर लापरवाही करेंगे या अपने व्यवहार में बेरुखी दिखाएंगे, तो संभव है कि इससे गलत संदेश निकले और आपकी छवि खराब हो। अपना उत्साह और काम के प्रति प्रतिबद्धता बनाए रखेंगे, तो आगे निश्चित ही सकारात्मक परिणाम दिखाई देगा।

### जेमिमा रोड्रिग्स के साथ साझेदारी में आया कप्तान का आक्रामक तेवर

# हरमनप्रीत ने शब्द नहीं, शतक से दिया जवाब

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक वनडे में शानदार शतक जड़ते हुए न केवल अपनी फॉर्म में वापसी की, बल्कि भारत को श्रृंखला जीत दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई. इस मैच में उन्होंने 100 रन की साहसिक पारी खेली और 'प्लेयर ऑफ द मैच' और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज़' दोनों खिताब अपने नाम किए.जब हरमनप्रीत 22 रन पर थीं, तब लॉरेन फिलर की एक गेंद पर इंग्लैंड ने एलबीडब्ल्यू की अपील पर रिव्यू नहीं लेने का फैसला किया, जो बाद में उनकी बड़ी भूल साबित हुई. उस समय भारत मुश्किल स्थिति में था, लेकिन कप्तान ने मोर्चा संभालते हुए टीम को संकट से निकाला.यह हरमनप्रीत का एक साल बाद आया वनडे शतक था. पिछली बार उन्होंने जून 2024 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बेंगलुरु में शतक जमाया था. इसके बाद से उन्होंने 13 पारियों में 29 की औसत से सिर्फ 319 रन बनाए थे. इस दौरान भारत की अन्य बल्लेबाजों जैसे स्मृति मंधाना, प्रतिका रावल, हरलीन देओल और जेमिमा रोड्रिग्स ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे हरमनप्रीत की फॉर्म पर सवाल उठने लगे थे.तीसरे वनडे में जब हरमनप्रीत बल्लेबाजी के लिए उतरीं, तब भारत के दोनों ओपनर आउट हो चुके थे. इंग्लैंड की स्पिन जोड़ी सोफी एक्लेस्टोन और चार्ली डीन दबाव बना चुकी थी. 11 गेंदों तक बिना रन बनाए खेलने के बावजूद हरमनप्रीत ने संयम नहीं खोया और धीरे-धीरे लय में आती गईं. उन्होंने हरलीन देओल के साथ 81 रन की साझेदारी की, जिसने एक्लेस्टोन जैसे गेंदबाज की ओवरों को जल्दी खत्म करने पर इंग्लैंड को मजबूर कर दिया.एक समय 48 गेंदों पर 39 रन बनाकर खेल रहीं हरमनप्रीत ने जेमिमा रोड्रिग्स के आने के बाद रफ्तार पकड़ी. रोड्रिग्स ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए चार ओवरों में ही मैच का रुख बदल दिया. इसके बाद हरमनप्रीत ने भी अपने स्वाभाविक अंदाज में आक्रामकता दिखाई और अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाते हुए सिर्फ 28 गेंदों में पारी के दूसरे 50 रन पूरे किए.



#### 4000 रन क्लब में शामिल


इस मैच में उन्होंने वनडे करियर का तीसरा शतक इंग्लैंड की धरती पर लगाया, जो उनके करियर का सबसे तेज़ शतक भी रहा. इसके साथ ही वह वनडे क्रिकेट में 4000 रन का आंकड़ा पार करने वाली भारत की तीसरी महिला खिलाड़ी बन गईं.मैच के बाद हरमनप्रीत ने कहा, रयह मैच हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण था. मैंने खुद से कहा था कि मैदान पर टिकना है और टीम के लिए खेलना है. शुरुआत में रन नहीं मिल रहे थे लेकिन धैर्य रखा और सही समय आने का इंतजार किया. यह पारी मैं अपने पिता को समर्पित करती हूं जो इस तरह की पारी का काफी समय से इंतजार कर रहे थे.

### आंद्रे रसेल ने इंटरनेशनल क्रिकेट को कहा अलविदा

# आखिरी मैच में बल्ले ने उगली आग

एजेंसी। नयी दिल्ली

वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल बुधवार को अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेलने उतरे. उनके बल्ले ने आखिरी मैच में आग उगली. अपने फैंस और स्टेडियम में पहुंचे हजारों दर्शकों का भरपूर मनोरंजन आंद्रे रसेल ने किया, लेकिन आखिर में वेस्टइंडीज की टीम को हार का सामना करना पड़ा. इस तरह आंद्रे रसेल की विदाई खुशनुमा अंदाज में वेस्टइंडीज की टीम नहीं कर पाई. इस फेयरवेल पार्टी में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज जोश इंग्लिस ने खलल डाला, जिन्होंने तूफानी अंदाज में 33 गेंदों में 78 रन बनाए.37 साल के आंद्रे रसेल ने इस बात का ऐलान पहले ही कर दिया था कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहले दो मुकाबले उनके इंटरनेशनल करियर के आखिरी मैच होंगे. जमैका के सबीना पार्क में वे अपने फैंस और होम ग्राउंड में विदाई मैच खेलना चाहते थे. हालांकि, दोनों मैचों में टीम को हार मिली. दूसरे मैच की बात करें



तो आंद्रे रसेल ने 15 गेंदों में 2 चौके और 4 छक्कों की मदद से 36 रनों की पारी खेली. उनका स्ट्राइक रेट 240 का था. 51 रन ब्रैंडन किंग ने बनाए थे. 20 ओवर में टीम 172 रन बना पाई. वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने 173 रनों का टारगेट 16वें ओवर में ही हासिल कर मैच अपने नाम कर लिया.मैच के बाद आंद्रे रसेल ने कहा, मैं बस शुक्रिया अदा करना चाहता हूं, सबीना पार्क के लोगों और इस मौके के लिए शुक्रिया. घरेलू दर्शकों के सामने खेलकर बहुत खुशी हुई, नतीजा हमारे पक्ष में नहीं गया, लेकिन इतने सारे मैच खेलकर मैं खुश हूं और टीम के भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं. नतीजा (आज) हमारे पक्ष में नहीं गया, आप सभी के समर्थन के लिए शुक्रिया, मैं इसकी बहुत सराहना करता हूं. मुझे याद है कि हमने दो विश्व कप जीते थे, झंडे बुलंद थे, लेकिन आखिरकार - मुझे लगता है कि अब आगे बढ़ने का समय आ गया था, हमारी टीम में कई अच्छे खिलाड़ी हैं, शेफर्ड भी जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं और रदरफोर्ड, अल्ज़ारी और होल्डर जैसे खिलाड़ी भी हैं. सबीना पार्क में अपने करियर का अंत करना शानदार रहा, नतीजा हमारे पक्ष में नहीं गया, लेकिन क्रिकेट का यही खेल है. आपने हमारा बहुत साथ दिया है और आगे भी देते रहिए.

# 2027 रग्बी वर्ल्ड कप: 26 जुलाई को कम्पाला में उदघाटन मैच

**एशिया व अफ्रीका प्ले-ऑफ की मेजबानी करेगा युगांडा**



एजेंसी। कम्पाला

युगांडा 2027 रग्बी वर्ल्ड कप के लिए एशिया/अफ्रीका प्ले-ऑफ मैच की मेजबानी करेगा. यह निर्णायक मुकाबला 26 जुलाई को कम्पाला स्थित मंडेला नेशनल स्टेडियम में नामीबिया और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच खेला जाएगा.अफ्रीकी क्वालिफायर में जिम्बाब्वे से हारने वाली नामीबिया की टीम के पास अब वर्ल्ड कप की दौड़ में बने रहने का यह अंतिम मौका होगा. अगर वे इस मैच में जीत हासिल करते हैं, तो उनकी उम्मीदें कायम रहेंगी.रग्बी अफ्रीका के अध्यक्ष हर्बर्ट मेंसाह ने एक आधिकारिक बयान में कहा, रहमें खुशी है कि एशिया/अफ्रीका प्ले-ऑफ युगांडा में आयोजित हो रहा है. यह युगांडा के लिए एक और बड़ा अंतरराष्ट्रीय मैच आयोजित करने का शानदार अवसर है. हम युगांडा सरकार और युगांडा रग्बी यूनियन के सहयोग के लिए आभारी हैं.यूएई की टीम मंगलवार को युगांडा पहुंच चुकी है. यदि यूएई यह मुकाबला जीतती है, तो वह नवंबर 2025 में होने वाले वर्ल्ड रग्बी रिपेशाज टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करेगी, जो उन्हें 2027 वर्ल्ड कप (ऑस्ट्रेलिया) के लिए एक और मौका देगा.रिपेशाज एक चार-टीमों का राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट होगा, जिसमें एशिया/अफ्रीका प्ले-ऑफ विजेता, यूरोप की पांचवीं रैंक टीम, दक्षिण अमेरिका की तीसरी रैंक टीम, और दक्षिण अमेरिका/प्रशांत प्ले-ऑफ की हारने वाली टीम शामिल होंगी.

### यूएस ओलंपिक और पैरालंपिक समिति ने लिया बड़ा निर्णय

# ट्रांसजेंडर महिलाओं के महिला खेलों में भाग लेने पर लगाई रोक

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिका की ओलंपिक और पैरालंपिक समिति (यूएसओपीसी) ने अपनी नीति में बड़ा बदलाव करते हुए ट्रांसजेंडर महिलाओं को महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने से प्रतिबंधित कर दिया है. यह फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस वर्ष की शुरुआत में जारी किए गए कार्यकारी आदेश के अनुरूप लिया गया है.यूएसओपीसी ने अपनी एथलीट सुरक्षा नीति में किए गए संशोधन में कहा, यूएसओपीसी अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी), अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) और राष्ट्रीय खेल महासंघों जैसे संबंधित निकायों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेगा कि महिलाओं को निष्पक्ष और सुरक्षित प्रतिस्पर्धा का माहौल मिले, जो कार्यकारी आदेश और टेड स्टीवंस ओलंपिक एवं शौकिया खेल अधिनियम के अनुरूप हो.इस बदलाव को लेकर यूएसओपीसी ने फिलहाल किसी भी मीडिया सवाल का जवाब नहीं दिया



है.एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, यूएसओपीसी के अध्यक्ष जीन साइक्स और सीईओ सारा हिर्शलैंड ने टीम यूएसए समुदाय को एक मेमो भेजकर यह स्पष्ट किया कि एक संघीय चार्टर्ड संगठन होने के नाते, यूएसओपीसी की जिम्मेदारी है कि वह संघीय अपेक्षाओं का पालन करे.गौरतलब है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने फरवरी 2025 में कीपिंग मेन आउट ऑफ वूमेन स्पोर्ट्स नामक एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे. इस आदेश के तहत ट्रांसजेंडर लड़कियों और महिलाओं को महिला खेलों से बाहर रखने का निर्देश दिया गया है. समर्थकों का कहना है कि यह कदम खेलों में निष्पक्षता लाने के लिए जरूरी है, जबकि आलोचक इसे अल्पसंख्यक ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों के अधिकारों का उल्लंघन मानते हैं.

इस आदेश में न केवल स्कूली और कॉलेज स्तर के खेलों को शामिल किया गया है, बल्कि इसमें अमेरिका में प्रतिस्पर्धा करने के लिए ट्रांसजेंडर महिलाओं को वीजा देने से इनकार करने का निर्देश भी शामिल है. ट्रंप ने यह भी कहा कि वह 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक में ट्रांसजेंडर एथलीटों को भाग लेने की अनुमति नहीं देंगे.आदेश के अनुसार, अमेरिकी विदेश मंत्रालय को भी आईओसी पर दबाव डालने को कहा गया है ताकि वह अपनी मौजूदा नीति में बदलाव करे, जो वर्तमान में ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों को कुछ मानकों के तहत प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति देती है.बताया जा रहा है कि इस आदेश का असर खिलाड़ियों के एक बहुत छोटे समूह पर ही पड़ेगा. नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ने दिसंबर में सीनेट पैनल को बताया था कि 1,100 सदस्य स्कूलों के 5.3 लाख से अधिक खिलाड़ियों में से उन्हें केवल 10 से कम ट्रांसजेंडर खिलाड़ियों की जानकारी है.

# भारत ने इंग्लैंड को हरा कर 2-1 से जीती सीरीज

- हरमनप्रीत का शतक और क्रांति की गेंदबाजी ने दिलाई जीत

एजेंसी। चेस्टर-ले-स्ट्रीट

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक एकदिवसीय मुकाबले में 13 रन की शानदार जीत दर्ज करते हुए तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली. इस मुकाबले में कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाबाद शतक और गेंदबाज क्रांति गौड के 6 विकेटों का अहम योगदान रहा. भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 5 विकेट पर 318 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 84 गेंदों पर 102 रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें उन्होंने 14 चौके लगाए. उनके अलावा जेमिमा रोड्रिग्स ने तेज़तर्रार 50 रन और हरलीन देओल व स्मृति मंधाना ने क्रमशः 45-45 रनों की उपयोगी पारियां खेलीं. जवाब में इंग्लैंड की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए पूरे 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 296 रन ही बना सकी और 13 रन से मैच गंवा बैठी. इंग्लैंड की ओर से नैट स्किवर-ब्रंट ने सर्वाधिक 98 रन बनाए, जबकि एम्मा लैम्ब ने 68 रनों की शानदार पारी खेली. लेकिन भारत की गेंदबाज क्रांति



गौड ने 52 रन देकर 6 विकेट झटकते हुए इंग्लैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया. इस जीत के साथ भारत ने सीरीज 2-1 से अपने नाम की और विदेशी जमीन पर एक और यादगार जीत दर्ज की. कप्तान हरमनप्रीत को उनकी शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया.

### ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराया

# पांच मैचों की टी-20 सीरीज में बनाई 2-0 की बढ़त

एजेंसी। जमैका

ऑस्ट्रेलिया ने जोश इंगलिस की धमाकेदार बल्लेबाज़ी की बदौलत बुधवार (भारतीय समयानुसार) को वेस्टइंडीज को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में आठ विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है.इंगलिस ने मात्र 33 गेंदों में 78 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि कैमरन ग्रीन ने 32 गेंदों में 56 रन बनाकर उनका बखूबी साथ दिया. ऑस्ट्रेलिया ने 173 रनों के लक्ष्य को सिर्फ 15.2 ओवर में हासिल कर लिया और 28 गेंद शेष रहते मैच जीत लिया.इससे पहले, वेस्टइंडीज के दिग्गज ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद अपने अंतिम मुकाबले में दर्शकों को झूमने का मौका दिया. उन्होंने महज 15 गेंदों में 36 रन ठोक डाले, जिसमें चार गगनचुंबी छक्के शामिल थे.वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 172 रन बनाए. ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज़ एडम ज़म्पा ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 29 रन देकर तीन विकेट झटके.अब दोनों टीमों के बीच तीसरा टी20 मुकाबला शनिवार को सेंट किट्स एंड नेविस में खेला जाएगा (ऑस्ट्रेलियाई समयानुसार).



### एआईयू ने डब्ल्यूयूजी विवाद के लिए संयुक्त सचिव सेखों को निलंबित किया

# जांच के लिए तीन सदस्यों की टीम गठित

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) ने अपने संयुक्त सचिव बलजीत सिंह सेखों को निलंबित कर दिया है और जर्मनी के राइन-रूहर में चल रहे विश्व विश्वविद्यालय खेलों (डब्ल्यूयूजी) के लिए चुने गए खिलाड़ियों के प्रतियोगिता में भाग लेने से चूकने के कुप्रबंधन की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच पैनल का गठन किया है.भारतीय बैडमिंटन टीम ने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था लेकिन उस समय विवाद पैदा हो गया. जब यह बात सामने आई कि 16 जुलाई को टीम मैनेजरों की बैठक के दौरान भारतीय अधिकारियों द्वारा सभी नामों को सही ढंग से प्रस्तुत न कर पाने के कारण चुने गए 12 खिलाड़ियों में से छह को भाग लेने से रोक दिया गया था.भारतीय बैडमिंटन टीम ने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता



था लेकिन उस समय विवाद पैदा हो गया जब यह बात सामने आई कि 16 जुलाई को टीम मैनेजरों की बैठक के दौरान भारतीय अधिकारियों द्वारा सभी नामों को सही ढंग से प्रस्तुत न कर पाने के कारण चुने गए 12 खिलाड़ियों में से छह को भाग लेने से रोक दिया गया था.एआईयू ने हालांकि कहा कि एफआईएसयू (विश्वविद्यालय खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्था) के साथ बातचीत के बाद, टीम के सभी 12 सदस्यों को पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं, जैसा कि नियम है. रोहन कुमार, दर्शन पुजारी, अदिति भट्ट, अभिनाश मोहंती, विराज कुवले और अलीशा खान भारत की 12 सदस्यीय टीम का हिस्सा थे लेकिन उन्हें खेलने का मौका नहीं मिला.महिलाओं की 400 मीटर दौड़ की धाविका देवयानी बाजाला ने भी आरोप लगाया कि अधिकारियों की गलती के कारण वह भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाई. एआईयू के महासचिव पंकज मित्तल ने कहा, 'जांच पैनल पूरे मामले की जांच करेगा और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए हमने अपने संयुक्त सचिव बलजीत सिंह सेखों को निलंबित करने का फैसला किया है. पैनल 15 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगा.

### डीसी ओपन : दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने दिखाया अपना जलवा

# एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला बनीं वीनस

एजेंसी। वॉशिंगटन

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी विनस विलियम्स ने एक बार फिर से अपना जादू दिखाते हुए डीसी ओपन में मंगलवार रात अमेरिकी खिलाड़ी पेटन स्टीयर्न्स को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराकर इतिहास रच दिया. इस जीत के साथ 45 वर्षीय विनस विलियम्स पेशेवर टेनिस में टूर-स्तरीय सिंगल्स मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बन गई हैं.

इससे पहले यह उपलब्धि टेनिस की महान खिलाड़ी मार्टिना नवरातिलोवा ने 2004 में 47 साल की उम्र में हासिल की थी.विनस के लिए यह जीत कई मायनों में खास रही. यह उनका लगभग दो वर्षों में



पहला सिंगल्स मैच जीतना है. उन्होंने आखिरी बार अगस्त 2023 में सिनसिनाटी में सिंगल्स मैच जीता था और मार्च 2024 के बाद से किसी आधिकारिक सिंगल्स मैच में नहीं खेली थीं. इस दौरान वह गर्भाशय फाइब्रॉइड की सर्जरी के कारण टेनिस से दूर थीं और डब्ल्यूटीए द्वारा रनिष्क्रियर घोषित की गई थीं.मैच के बाद भावुक विनस ने कहा, इतने लंबे समय बाद लौटना और परफेक्ट मैच खेलना आसान नहीं होता. मैं सिर्फ अच्छा खेलना चाहती थी.और मैच जीतना भी.पेटन स्टीयर्न्स, जो उम्र में विनस से 22 साल छोटी हैं और वर्तमान में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 35वें स्थान पर हैं, के खिलाफ विनस ने अपने पुराने अंदाज की झलक दी.

उन्होंने पहले सेट में शानदार रिटर्न विनर से शुरुआत की और जल्द ही 4-2 की बढ़त हासिल कर ली.मैच के दौरान दर्शकों का समर्थन भी जबरदस्त रहा. जैसे ही विनस मुख्य कोर्ट में उतरीं, 7,000 दर्शकों वाले स्टेडियम में जोरदार तालियां और जयकारे गूंज उठे. उनके हर ऐस पर (कुछ 110 मील प्रति घंटे से भी तेज) दर्शकों की प्रतिक्रिया रोमांचक रही.हालांकि, खेल में उनकी लंबी गैरमौजूदगी के कुछ संकेत भी देखने को मिले जैसे शुरुआती गेम में लगातार चार गलतियों से ब्रेक हो जाना. लेकिन उन्होंने जल्दी ही वापसी की और मैच के आखिर में 112 मील प्रति घंटे की सर्व के साथ जीत की मुहर लगाई. अब विनस विलियम्स दूसरे दौर में पोलैंड की 27 वर्षीय और 5वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मैग्डालेना फ्रेच से भिड़ेंगी.ग्रैंड स्लैम चैंपियन विनस के करियर की उपलब्धियां किसी प्रेरणा से कम नहीं हैं उन्होंने अब तक 7 ग्रैंड स्लैम सिंगल्स खिताब, 14 महिला डबल्स (सभी अपनी बहन सेरेना विलियम्स के साथ), और 2 मिक्स्ड डबल्स खिताब जीते हैं.

# एथलेटिक बिलबाओ ने जीसस अरेसो को दूसरी बार टीम में किया शामिल

एजेंसी। मैड्रिड

एथलेटिक बिलबाओ ने एक बार फिर राइट बैक जीसस अरेसो को ओसासुना से साइन कर लिया है. यह अरेसो का क्लब में दूसरा कार्यकाल होगा.अरेसो को लगभग 1.2 करोड़ यूरो (करीब 14 मिलियन अमेरिकी डॉलर) की रिलीज क्लॉज के तहत साइन किया गया है और उन्होंने 2031 तक छह साल का अनुबंध किया है. इस ट्रांसफर में एथलेटिक ने एटलेटिको मैड्रिड की रुचि को पीछे छोड़ा.26 वर्षीय अरेसो इससे पहले 2017 में 4.5 लाख यूरो में ओसासुना से एथलेटिक पहुंचे थे और क्लब की बी टीम के लिए 55 मुकाबलों में खेले. हालांकि, उन्होंने नया अनुबंध ठुकराकर 2021 में ओसासुना वापसी की थी. एक गंभीर



पैर की चोट से उबरने के बाद, उन्होंने पिछले दो सीज़नों में ला लीगा में ओसासुना के लिए 76 मैच खेले.तेज और आक्रामक शैली में खेलने वाले अरेसो अब ओस्कार डी मार्कोस की जगह लेंगे, जिन्होंने पिछले सीज़न के अंत में क्लब के लिए रिकॉर्ड 572 मैच खेलने के बाद संन्यास ले लिया.सूत्रों के मुताबिक, एथलेटिक बिलबाओ स्पेन के डिफेंडर आयमेरिक लापोर्ते को भी सऊदी क्लब अल-नासर से दोबारा साइन करने के करीब है. क्लब ने पिछले सीज़न ला लीगा में चौथा स्थान हासिल किया था और चैंपियंस लीग में वापसी की तैयारी कर रहा है.

## ब्रीफ न्यूज़

### तिलक व चंद्रशेखर आजाद के आदर्शों को अपनाने का संकल्प

**नवादा।** वरीय नागरिक संघ कार्यालय में गुरुवार को बालगंगाधर तिलक एवं चन्द्रशेखर आजाद की जयंती सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में मनाई गई. बालगंगाधर तिलक एवं क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद के चित्र पर उपस्थित सभी वरीय नागरिकों ने संयुक्त रुप से माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किए . डॉ.सुबोध कुमार ने कहा बालगंगाधर तिलक महान स्वतंत्रता सेनानी थे.उनका नारा था स्वराज हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, इसे लेकर रहूंगा. महाराष्ट्र में गणेशपूजा को धूमधाम से मनाने की परम्परा बनाकर पूरे राष्ट्र को गणेश पूजा से देश को जोड़ा.वहीं चन्द्रशेखर आजाद एक महान क्रांतिवीर थे जिन्होंने देश की आजादी के लिए प्राण न्योछावर किया. कार्यक्रम के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार ने बताया चन्द्रशेखर आजाद महान क्रांतिकारी राष्ट्र के सपूत थे जो देश की आजादी के लिए शहीद हुए. रामस्नेही सिंह एवं रामशरण प्रसाद सिंह ने भी दोनों महापुरुष पर अपना विचार रखते हुए नमन किये.

### बिहार में बढ़ा बाढ़ का खतरा

**पटना।** नेपाल के तराई क्षेत्रों और पड़ोसी राज्यों में हो रही भारी बारिश से बिहार में गंगा, कोसी और बूढ़ी गंडक नदियों का जलस्तर बढ़ गया है. इन नदियों का जलस्तर बढ़ने से 9 जिलों बक्सर, पटना, वैशाली, समस्तीपुर, मुंगेर, बेगूसराय, कटिहार, भागलपुर और खगड़िया में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है. जल संसाधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार जुलाई में गंगा नदी में पिछले 15 वर्षों में इतना जलस्तर कभी नहीं देखा गया. बक्सर में गंगा का जलस्तर पिछले साल की तुलना में 6 मीटर और पटना में 2 मीटर अधिक है. उधर, फरक्का बराज के सभी 108 गेट खोल दिए गए हैं, जिसके बाद गंगा का पानी तेजी से निकल रहा है. मंगलवार शाम पटना में गंगा खतरे के निशान से 43 सेमी और फरक्का में 20 सेमी ऊपर बह रही थी. बक्सर से कहलगांव तक गंगा के उफान के कारण तटबंधों पर दबाव बढ़ गया है. जल संसाधन विभाग ने तटबंधों की सुरक्षा के लिए 600 सुरक्षाकर्मी और 45 से अधिक कनीय अभियंताओं को तैनात किया है, साथ ही रात्रि पेट्रोलिंग शुरू की गई है.

# अगले 7 दिनों तक राज्य के कई जिलों में भारी बारिश के आसार

**शुभम संदेश। पटना**

बिहार में मौसम का मिजाज बदलने वाला है. इसका कारण बंगाल की खाड़ी में बन रहा साइक्लोनिक सर्कुलेशन है.
पटना मौसम विज्ञान केंद्र ने 23 जुलाई से अगले 7 दिनों तक राज्य के कई जिलों में भारी से अत्यंत भारी बारिश की संभावना जताई है. खासकर दक्षिणी बिहार के गया, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद और अरवल में गुरुवार से भारी बारिश का दौर शुरू होगा जो 28 जुलाई तक जारी रह सकता है. इस दौरान 30-40 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं और बिजली गिरने की आशंका भी है.उत्तर बिहार की तुलना में दक्षिणी जिलों में बारिश का प्रभाव अधिक होगा, जिससे अधिकतम तापमान में 5 डिग्री तक की गिरावट हो सकती है. पटना में बुधवार और गुरुवार को आसमान साफ रहने से भीषण गर्मी और उमस का सामना करना पड़ेगा लेकिन शुक्रवार से बादल छाएंगे और एक-दो स्थानों पर बारिश के साथ ठनका गिरने की संभावना है. मौसम विभाग ने लोगों को बिजली के खंभों से दूर रहने, खेतों में काम करने से बचने और पक्के मकानों में शरण लेने की सलाह दी है.



मौसम विभाग ने रोहतास, औरंगाबाद और गया में गुरुवार को एक-दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी दी है. पूर्वी और दक्षिण-मध्य बिहार में बुधवार को ठनका और तेज हवाओं की आशंका है. बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गंगा, कोसी और पुनपुन नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन को हाई अलर्ट पर रखा गया है. पटना के दियारा, मनेर और फतुहा में जलजमाव की स्थिति बनी हुई है.
भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में साइक्लोनिक सर्कुलेशन 24 जुलाई तक एक निम्न दबाव क्षेत्र में बदल सकता है जो आगे चलकर साइक्लोन में तब्दील हो सकता है. हालांकि, मौसम मॉडल्स में अभी इसके तीव्रता और मार्ग को लेकर अनिश्चितता है. यह सिस्टम मुख्य रूप से ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटों को प्रभावित कर सकता है, लेकिन इसका असर बिहार में भी भारी बारिश के रूप में देखने को मिलेगा.

### बिहार विधानमंडल में मानसून सत्र के तीसरे दिन जोरदार हंगामा, बोले नीतीश कुमार

# अपने पिता का कार्यकाल देखें तेजस्वी शाम को कोई घर से नहीं निकलता था

**शुभम संदेश। पटना**

बिहार विधानमंडल में मानसून सत्र के तीसरे दिन विधानसभा-विधानपरिषद में विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया. बिहार तीसरे दिन विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मतदाता पुनरीक्षण पर अपनी बात रखी. इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव को जवाब दिया.
मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि अपने माता-पिता का कार्यकाल देखें तेजस्वी यादव. राजधानी पटना तक में कोई शाम को नहीं निकलता था. पहले क्या बुरे हालत थे. उन्होंने कहा कि राज्य को केंद्र सरकार काफी मदद कर रही है. हमने मिलकर जहां कहीं भी कमी थी उसे पूरा कर दिया है. अब चुनाव लड़ना है, तो चुनाव लड़िए. पहले किसी ने महिला के लिए कुछ नहीं किया. हम लोगों ने 50 प्रतिशत आरक्षण दिया. हमने महिलाओं के लिए काफी कुछ किया है.
मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने मुस्लिमों के लिए भी काफी कुछ काम किया है. आप (तेजस्वी) जब बीच में थे, तो कितना ज्यादा बड़ाई कर रहे थे. हम लोगों ने जितना काम किया है, उसी को लेकर चुनाव में जाएंगे. जनता जिसे जिताएगी,वह यहां (सरकार में) आएगा. नीतीश कुमार ने कहा कि हम सबका काम करते हैं. पहले का बजट क्या था सबको पता है, आज तीन लाख करोड़ से ज्यादा का बजट बिहार का है. हम लोग चारों तरफ घूम कर देखें हैं. एक-एक काम किए हैं. नीतीश कुमार के बोलने के बाद भी सदन में जबरदस्त हंगामा जारी रहा. विपक्षी विधायक भाई वीरेंद्र के बोलने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस तरह की अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल यहां ना करें. इस दौरान वहां काफी हंगामा होता रहा. इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया.



### बिहार की जनता बदलाव चाहती है : प्रशांत किशोर

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव के मद्देजनर तमाम राजनीतिक दलों के नेता अपनी-अपनी रणनीति बनाने और जनता को अपने पक्ष में करने में जुटे हैं. इसी कड़ी में बुधवार को जन सुराज पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक ज्ञापन देने विधानसभा पहुंचे, लेकिन उन्हें पुलिस द्वारा पहले ही रोक लिया गया. पुलिस ने जन सुराज के कार्यकर्ताओं पर लाठी चार्च भी किया, जिसमें एक कार्यकर्ता घायल हो गया. इस घटना के बाद जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा.
राजधानी पटना में जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि हम लोगों को मुख्यमंत्री से नहीं मिलने दिया जा रहा है. विधानसभा चुनाव में अभी तीन महीना बाकी है, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार क जीना हराम कर देंगे. इन्हें पता नहीं है कि बिहार की जनता बदलाव चाहती है. इससे पहले अपने समर्थकों के साथ विधानसभा का घेराव करने जा रहे प्रशांत किशोर के साथ जन सुराज समर्थक बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने लगे, तो पुलिस ने रोकने के लिए लाठियां चलाई. इस दौरान एक समर्थक जख्मी भी हो गया. पुलिस की कार्रवाई के बाद प्रशांत किशोर ने कहा कि हम लोग शांतिपूर्वक तरीके से जाकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन देना चाहते हैं. पिछले 2 वर्ष में 94 लाख परिवार को दो-दो लाख रुपये देने का वादा किया था. आज तक एक भी परिवार को एक रुपया तक नहीं मिला. प्रशांत किशोर ने कहा कि ज्ञापन में एक करोड़ लोगों ने हस्ताक्षर किया है.

## न्यूज अपडेट

### मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट, 2 घायल

**भागलपुर।** जिले के मोजाहिदपुर थाना क्षेत्र के मियां साहब मैदान में मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर चाकू चलाया गया. इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायल युवक की पहचान मोहम्मद खुर्शीद के पुत्र मोहम्मद गुलचा (32) और मोहम्मद फरहान के तौर पर हुई है. घटना के बाद दोनों घायलों को इलाज के लिए परिजन ने मायागंज अस्पताल में भर्ती करवाया है. जहां पर उनका इलाज चल रहा है. बताया जा रहा है कि मोहम्मद गुलचा मियां साहब मैदान में सोया हुआ था. इसी दौरान मोहम्मद नक्की अपने दुकान को खोलने के लिए आया और किसी बात को लेकर मोहम्मद गुलचा से विवाद हो गया. कहासुनी के बाद जब विवाद बढ़ा तो मोहम्मद नक्की कुरैशी ने गुलचा पर चार बार पीठ में चाकू से हमला किया. बीच-बचाव करने पहुंचे गुलचा के भाई मोहम्मद फरहान पर भी हमला किया गया. जिससे दोनों घायल हो गए घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है.

### वाहन जांच के दौरान शराब के साथ दो गिरफ्तार

**नवादा।** जिले में जौली थानाक्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर गुरुवार को वाहन जाच के दौरान देशी-विदेशी शराब के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है. इस संबंध में समेकित जाँच चौकी प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि शराबबंदी को सफल बनाने के उद्देश्य से झारखंड से बिहार आनेवाली सभी वाहनों की गहन तलाशी की जाती है.इसी दौरान झारखंड से आ रही यात्री बस को रोक कर तलाशी के दौरान बैग में रखे हंड्रेड पाइपर डीलक्स व्हिस्की 750 एमएल के 25 बोतल,ब्लैक डॉग ट्रिपल गोल्ड व्हिस्की 750 एमएल के 5 बोतल,ब्लैक डॉग ब्लैक रिजर्व व्हिस्की 750 एमएल के 5 बोतल और ब्लेंडर प्राइड व्हिस्की के 750 एमएल के 3 बोतल विदेशी शराब के साथ सिवान के दडरौंदा थानाक्षेत्र के खडसरा निवासी जय किशोर सिंह के पुत्र मोनू कुमार को गिरफ्तार किया गया है. अन्य मामले में वाहन जाँच के दौरान स्कूटी संख्या बीआर 21 एक्स 5889 का तलाशी दौरान देशी शराब के साथ रजौली थानाक्षेत्र के परमेश्वर बिगहा निवासी जदु राजवंशी के पुत्र अनीश कुमार को गिरफ्तार किया गया है.गिरफ्तार दोनों शराब कारोबारियों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्यवाई की जा रही है.

### पुलिस ने 2960 लीटर स्प्रिट जब्त किया, चालक गिरफ्तार

**मोतीहारी।** एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर मोतीहारी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब माफिया की साजिश को विफल कर दिया है. गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उत्तर प्रदेश से गोपालगंज के रास्ते मोतीहारी लाई जा रही 2960 लीटर स्प्रिट से लदे एक ट्रक को जब्त किया है. पुलिस ने मौके से ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच में जुट गई है. सदर डीएसपी दिलीप कुमार के नेतृत्व में तुरकौलिया पुलिस ने महनवा बाजार के पास वाहन जांच अभियान चलाया. इस दौरान कोटवा-छपवा रोड की ओर से आ रहे एक संदिग्ध ट्रक को रोका गया, लेकिन चालक ने ट्रक को भगाने की कोशिश की. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बल प्रयोग कर वाहन को पकड़ लिया. जब ट्रक की तलाशी ली गई तो उसमें चुना के बोरे की आड़ में प्लास्टिक की बाल्टियों में रखी गई 2960 लीटर स्प्रिट बरामद हुई. कुल 148 बाल्टियों में प्रत्येक में 20 लीटर स्प्रिट रखा गया था. साथ ही ट्रक से एक मोबाइल, 300 रुपये नगद, 75 बोरी चुना, ट्रक से संबंधित दस्तावेज और अन्य सामान जब्त किए गए. गिरफ्तार चालक की पहचान हर्षित सिंह, थाना मोगनीपुर, जिला कानपुर के रूप में हुई है.

### पूर्णिया : अपराध से मुक्ति के लिए पुलिस का जांच अभियान जारी

**पूर्णिया।** पूर्णिया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस अभियान का उद्देश्य अपराध नियंत्रण और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी स्थापित करना था. अभियान के दौरान सड़क पर चल रहे वाहनों और संदिग्ध व्यक्तियों की गहन जांच की गई. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऐसे अभियानों के कई फायदे होते हैं. इससे अपराधियों की आवाजाही पर रोक लगती है और अपराध की योजना बना रहे तत्वों को पहले ही चिन्हित किया जा सकता है. चोरी या लूट जैसी घटनाओं में प्रयुक्त वाहनों की पहचान और जब्ती संभव हो पाती है. साथ ही, बिना कागजात के चल रहे वाहनों पर कानूनी कार्रवाई कर सड़क सुरक्षा को भी सुनिश्चित किया जाता है. पुलिस की सक्रियता से आम जनता में विश्वास बढ़ता है और असामाजिक तत्वों में कानून का डर बना रहता है.

## कारोबार

### भारत की पासपोर्ट रैंकिंग में आठ पायदान की छलांग

**नयी दिल्ली।** भारत ने जनवरी 2025 के बाद से अपनी पासपोर्ट रैंकिंग में बड़ा सुधार दर्ज किया है, और 85वें से 77वें स्थान पर पहुंच गया है. भारत की पासपोर्ट रैंकिंग आठ स्थान ऊपर चढ़ गई है. भारत को 59 देशों के लिए वीजा पहुंच प्राप्त हो गया है. पासपोर्ट रैंकिंग के मामले में शीर्ष पर कौन सा देश है, आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं. सिंगापुर ने हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, उसे दुनिया भर के 227 गंतव्यों में से 193 तक वीजा-मुक्त पहुंच प्रदान की गई है. जुलाई 2025 में प्रकाशित यह रैंकिंग अंतरराष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (IATA) के विशिष्ट आंकड़ों पर आधारित है और यह उन गंतव्यों की संख्या दर्शाती है.

### पाकिस्तान ने 26.7 अरब डॉलर लिया कर्ज

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने पिछले वित्त वर्ष के दौरान 26.7 अरब डॉलर विदेश से कर्ज लिया. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह देश की बहुपक्षीय और द्विपक्षीय ऋणदाताओं पर बढ़ती निर्भरता को दर्शाता है. एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार पाकिस्तान को वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 26.7 अरब डॉलर का कर्ज मिला. इसमें से करीब आधा पैसा पुराने कर्ज को चुकाने के लिए दोबारा उधार लिया गया. रिपोर्ट में आर्थिक मामलों के मंत्रालय, स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) और वित्त मंत्रालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा गया कि यह आंकड़ा पिछले साल के मुकाबले थोड़ा ज्यादा है.

### स्टैंडअप इंडिया योजना से उद्यमियों को मिल रहा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की स्टैंडअप इंडिया योजना के तहत अप्रैल 2022 से मार्च 2025 तक अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) और महिला उद्यमियों को लगभग 29,000 करोड़ रुपये के ऋण मंजूर किए गए हैं. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलावर को संसद में यह जानकारी दी. सीतारमण ने कहा कि वित्तीय सहायता के अलावा, यह योजना हाशिए पर पड़े वर्गों को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण औरर विशिष्ट विशेषज्ञता प्रदान करती है. इसमें कौशल केंद्र, मेंटरशिप सहायता, उद्यमिता विकास कार्यक्रम केंद्र, जिला उद्योग केंद्र शामिल है.

### एसबीआई कार्ड और फोनपे ने की रणनीतिक साझेदारी

# को-ब्रांडेड फोनपे एसबीआई कार्ड लॉन्च

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारत के सबसे बड़ी प्योर-प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता एसबीआई कार्ड ने आज फोनपे के साथ मिलकर फोनपे एसबीआई कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की. इस नए को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का लक्ष्य रोज़मर्रा के खर्चों पर एक फायदेमंद अनुभव प्रदान करना है, जिसे पूरे भारत में ग्राहकों की बढ़ती वित्तीय ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है. यह क्रेडिट कार्ड दो वेरिएंट में आता हैः फोनपे एसबीआई कार्ड पर्पल और फोनपे एसबीआई कार्ड सेलेक्ट ब्लैक, जो ग्राहकों की विभिन्न प्राथमिकताओं और लाइफस्टाइल खर्चों की ज़रूरतों को पूरा करते हैं. इसके अतिरिक्त, इस कॉन्टैक्टलेस क्रेडिट कार्ड के दोनों वेरिएंट रूपे और वीजा पेमेंट नेटवर्क पर उपलब्ध हैं, जिससे उपभोक्ताओं को उनकी ज़रूरतों के हिसाब से सबसे अच्छा नेटवर्क चुनने का विकल्प मिलता है. रूपे कार्ड को यूपीआई से भी जोड़ा जा सकता है और देश भर में लाखों यूपीआई मर्चेंट्स के साथ लेनदेन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है. वीजा वेरिएंट को फोनपे पर टोकनाइज किया जा सकता है और कई ऑनलाइन मर्चेंट्स के साथ सुरक्षित रूप से इस्तेमाल किया जा सकता है. नए फोनपे SBI कार्ड के साथ, ग्राहक विभिन्न रोज़मर्रा के लेनदेन पर रिवॉर्ड पॉइंट अर्जित कर सकते हैं, जिसमें किराना, बिल भुगतान, यात्रा बुकिंग, यूटिलिटी भुगतान, बीमा प्रीमियम भुगतान, और ऑनलाइन व ऑफलाइन शॉपिंग प्लेटफॉर्म पर बहुत कुछ शामिल है. फोनपे एसबीआई कार्ड सेलेक्ट ब्लैक



कार्डधारक आवश्यक और बार-बार होने वाले फोनपे इन-ऐप लेनदेन पर रिवॉर्ड पॉइंट्स के रूप में 10% तक वैल्यू बैक अर्जित कर सकते हैं. ग्राहक अन्य प्लेटफॉर्म पर अपने सभी ऑनलाइन खर्चों पर रिवॉर्ड पॉइंट्स के रूप में 5% तक वैल्यू बैक भी प्राप्त कर सकते हैं.
इसके अलावा फोनपे एसबीआई कार्ड के लिए आवेदन प्रक्रिया को फोनपे ऐप में ही एकीकृत किया गया है. ग्राहक डिजिटल आवेदन के माध्यम से आसानी से कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं. ग्राहक फोनपे ऐप का उपयोग करके खरीदारी कर सकते हैं और अपने क्रेडिट कार्ड बिल का भुगतान भी फोनपे प्लेटफॉर्म पर ही कर सकते हैं. इस लॉन्च के अवसर पर एमडी एवं सीईओ, एसबीआई कार्ड, सलिला पांडे ने कहा, ₹भारत में डिजिटल भुगतान में तेजी से वृद्धि हो रही है, जो डिजिटल प्लेटफॉर्म की बढ़ती सुविधा और पहुंच से प्रेरित है. फोनपे के साथ हमारी रणनीतिक साझेदारी क्रेडिट कार्ड के उपयोग को और अधिक लोकप्रिय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें एसबीआई कार्ड की गहरी डोमेन विशेषज्ञता और फोनपे के व्यापक डिजिटल नेटवर्क का मेल है. यह क्रेडिट कार्ड हर लेनदेन के साथ असाधारण लाभों और बेजोड़ सुविधा का एक अनूठा मिश्रण प्रदान करने के लिए सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया है. फोनपे एसबीआई कार्ड का लॉन्च विकसित होती उपभोक्ता ज़रूरतों के लिए बेहतरीन उत्पादों को वितरित करने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है.
अपनी बात रखते हुए फोनपे के सह-संस्थापक एवं सीईओ समीर निगम ने कहा, ₹हम हमेशा से वित्तीय सेवाओं को सरल बनाने और उन्हें सभी भारतीयों के लिए सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं. एसबीआई कार्ड के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से, हम डिजिटल भुगतानों से आगे बढ़कर औपचारिक क्रेडिट के क्षेत्र में अपनी पेशकशों का और विस्तार कर रहे हैं. हमने कार्ड की कार्यक्षमता को सीधे फोनपे ऐप में एम्बेड करके एक सहज उपयोगकर्ता अनुभव बनाने में महत्वपूर्ण प्रयास किया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि इसे लागू करना, प्रबंधन करना और उपयोग करना आसान है, साथ ही यह वैल्यू भी प्रदान करता है. यह पहल केवल सुविधा से कहीं बढ़कर है - हम भारत में एक अधिक समावेशी क्रेडिट परिदृश्य के लिए बुनियादी ढांचा तैयार कर रहे हैं. हमारा मानना है कि यह कार्ड कई उपयोगकर्ताओं की वित्तीय आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद करेगा, और हम इस साझेदारी से उत्पन्न होने वाली संभावनाओं से रोमांचित हैं.
फोनपे एसबीआई कार्ड सेलेक्ट ब्लैक ₹1,499 के ज्वाइनिंग शुल्क के भुगतान पर ₹1,500 का वेलकम ई-गिफ्ट वाउचर प्रदान करता है. यह फोनपे और पिनकोड ऐप खर्चों पर रिवॉर्ड पॉइंट के रूप में 10% तक वैल्यू बैक अन्य सभी ऑनलाइन मर्चेंट खर्चों पर रिवॉर्ड पॉइंट के रूप में 5% तक वैल्यू बैक, और अन्य सभी पात्र खर्चों पर रिवॉर्ड पॉइंट के रूप में 1% वैल्यू बैक प्रदान करता है. फोनपे एसबीआई कार्ड पर्पल ₹499 के ज्वाइनिंग शुल्क के भुगतान पर ₹500 का वेलकम ई-गिफ्ट वाउचर प्रदान करता है. इसमें फोनपे और पिनकोड ऐप खर्चों पर रिवॉर्ड पॉइंट के रूप में 3% तक वैल्यू बैक, अन्य सभी ऑनलाइन लेनदेन पर रिवॉर्ड पॉइंट के रूप में 2% वैल्यू बैक और अन्य सभी पात्र खर्चों पर रिवॉर्ड पॉइंट के रूप में 1% वैल्यू बैक शामिल है. इन सभी रिवॉर्ड पॉइंट को बकाया क्रेडिट कार्ड बिलों का निपटारा करने या एसबीआई कार्ड रिडेम्पशन कैटलॉग से ई-गिफ्ट वाउचर प्राप्त करने के लिए भुनाया जा सकता है.
रिवॉर्ड के अतिरिक्त दोनों क्रेडिट कार्ड में महत्वपूर्ण माइलस्टोन और यात्रा लाभ भी शामिल हैं. फोनपे एसबीआई कार्ड सेलेक्ट ब्लैक धारकों को ₹5,00,000 के वार्षिक खर्च पर ₹5,000 का यात्रा वाउचर मिलेगा. ग्राहक प्रति वर्ष चार कांप्लीमेंट्री डोमेस्टिक लाउंज विज़िट (प्रति तिमाही एक) का भी आनंद ले सकते हैं, साथ ही अंतर्राष्ट्रीय लाउंज एक्सेस के लिए कांप्लीमेंट्री प्रायोरिटी पास सदस्यता भी मिलेगी.

## उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार में तेजी का रुख

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान उतार-चढ़ाव के बीच मजबूती बनी हुई है. आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी. हालांकि बाजार खुलने के कुछ देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई. राहत की बात रही कि दबाव के बावजूद दोनों सूचकांक सुबह 10 बजे तक हरे निशान में ही कारोबार कर रहे थे. 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.25 प्रतिशत और निफ्टी 0.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे. सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा मोटर्स, मारुति सुजुकी, बजाज ऑटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और इंडसइंड बैंक के शेयर 2.41 प्रतिशत से लेकर 0.24 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे. दूसरी ओर टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, टेक महिंद्रा, ट्रेंट लिमिटेड, टाइटन कंपनी और एशियन पेंट्स के शेयर 1.22 प्रतिशत से लेकर 0.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे. अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,398 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी.

## सर्राफा बाजार में जोरदार तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी चमक

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज जोरदार तेजी का रुख नजर आ रहा है. सोना आज 1,050 रुपये से लेकर 1,140 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है. इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज 2,200 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी दर्ज की गई है. कीमत में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,01,300 रुपये से लेकर 1,01,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 92,860 रुपये से लेकर 93,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. चांदी के भाव में तेजी आने के कारण ये चमकीली धातु



दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,18,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है.
दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,01,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 93,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,01,300 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,01,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,910 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,01,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 92,860 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है.

### एक्सएटी 2026 के लिए आवेदन शुरू, 250 से अधिक बी-स्कूलों में मिलेगा प्रवेश

**नयी दिल्ली।** देश की प्रतिष्ठित एमबीए/पीजीडीएम प्रवेश परीक्षाओं में शुमार ज़ेवियर एप्टीट्यूड टेस्ट (एक्सएटी) 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है. एक्सएलआरआई - ज़ेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट द्वारा आयोजित इस परीक्षा का आयोजन 4 जनवरी 2026, रविवार को किया जाएगा. इच्छुक अभ्यर्थी xatonline.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं. एक्सएटी को देशभर के 250 से अधिक प्रमुख बी-स्कूल स्वीकार करते हैं. इस परीक्षा की खासियत इसका समग्र एवं एप्टीट्यूड आधारित मूल्यांकन मॉडल है, जो प्रबंधन के योग्य उम्मीदवारों की सही पहचान करता है. यह परीक्षा ज़ेवियर एसोसिएशन ऑफ मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट्स के तहत संचालित होती है और पिछले 75 वर्षों से लीडरशिप और उत्कृष्टता की मजबूत विरासत को आगे बढ़ा रही है. एक्सएटी केवल एक प्रवेश परीक्षा नहीं, बल्कि नेतृत्व गढ़ने की परंपरा है. परीक्षा के कन्वेनर प्रोफेसर राहुल शुक्ला ने बताया कि, हम न केवल इस ऐतिहासिक विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, बल्कि इसे आज की आवश्यकताओं के अनुरूप भी ढाल रहे हैं. हमारा लक्ष्य छात्रों को परीक्षा के पहले दिन से ही पूरा सहयोग और मार्गदर्शन प्रदान करना है. परीक्षा देश के 100 से अधिक शहरों में आयोजित की जाएगी, जिससे छात्रों को अपने नजदीकी केंद्र पर परीक्षा देने का अवसर मिलेगा. इससे न केवल मेट्रो शहरों के, बल्कि छोटे कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को भी समान अवसर मिल सकेगा.

### भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने वाइसरॉय रिपोर्ट को बताया अविश्वसनीय

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने वेदांता लिमिटेड के समर्थन में एक विस्तृत कानूनी राय जारी करते हुए अमेरिकी शॉर्ट-सेलर वाइसरॉय रिसर्च ग्रुप की हालिया रिपोर्ट की कड़ी निंदा की है. 20 पृष्ठों की इस राय में कहा गया है कि वाइसरॉय की रिपोर्ट विश्वसनीय नहीं है और इसे बाजार में हेरफेर करने की नीयत से तैयार किया गया है. डॉ. चंद्रचूड़ की राय के अनुसार, रिपोर्ट में वेदांता के खिलाफ लगाए गए आरोप भारतीय न्यायिक परिप्रेक्ष्य में टिकाऊ नहीं हैं. उन्होंने इस रिपोर्ट को ₹निंदनीय₹ करार देते हुए इसे एक ₹गैरकानूनी वित्तीय लाभ₹ की साजिश बताया है. वेदांता ने यह कानूनी राय भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों में भी दाखिल की है. पूर्व सीजेआई ने रिपोर्ट के समय और इसके पीछे की मंशा पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं. उनका मानना है कि यह रिपोर्ट जानबूझकर उस समय जारी की गई है जब वेदांता ग्रुप सकारात्मक क्रेडिट ग्रोथ और सफल रीफाइनेंसिंग की दिशा में अग्रसर था. उन्होंने कहा कि इसका मकसद वेदांता के प्रस्तावित कॉर्पोरेट डीमर्जर अभ्यास को प्रभावित करना हो सकता है. डॉ. चंद्रचूड़ ने रिपोर्ट तैयार करने वाले शोधकर्ताओं की साख पर भी सवाल उठाए हैं और बताया कि वाइसरॉय रिसर्च ग्रुप की अन्य कंपनियों के खिलाफ की गई रिपोर्टों को लेकर भारत सहित कई देशों में कानूनी कार्यवाहियां जारी हैं. उन्होंने राय में यह भी स्पष्ट किया कि वेदांता के पास मानहानि के आधार पर भारतीय न्यायालयों में जाने के लिए पर्याप्त कानूनी आधार है.

### स्टॉक मार्केट में मोनिका एल्कोबेव की सपाट एंट्री, मामूली फायदे में आईपीओ निवेशक

**नयी दिल्ली।** एल्कोहलिक बेवरेजेज का आयात करके भारत और पड़ोसी देशों में बिक्री करने वाली कंपनी मोनिका एल्कोबेव के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मामूली बढ़त के साथ एंट्री की. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 286 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर सिर्फ 0.70 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 288 रुपये के स्तर पर हुई. लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण शेयरों में तेजी का रुख बना. सुबह 10:30 बजे तक के कारोबार के बाद कंपनी के शेयर 289.50 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे. इससे अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों को करीब 1.22 प्रतिशत का मुनाफा हुआ है. मोनिका एल्कोबेव का 165.63 करोड़ रुपये का आईपीओ 16 से 18 जुलाई के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था. इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 4.08 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 2.54 गुना सब्सक्राइब हुआ था. इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 8.86 गुना सब्सक्रिप्शन आया था. इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.29 गुना सब्सक्राइब हुआ था.

# देश-विदेश



## भारतीय नौसेना के 4 जहाजों की सिंगापुर यात्रा पूरी, समुद्री सहयोग पर हुई चर्चा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

दक्षिण पूर्व एशिया में तैनाती के दौरान पूर्वी बेड़े के जहाजों दिल्ली, शक्ति, सतपुड़ा और किल्टन ने सिंगापुर बंदरगाह पर अपनी यात्रा पूरी कर ली है. पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग रियर एडमिरल सुशील मेनन के नेतृत्व ने इन जहाजों की 16 से 19 जुलाई तक परिचालन तैनाती की गई थी. यात्रा के दौरान सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त और सिंगापुर गणराज्य की नौसेना के फ्लीट कमांडर से मुलाकात हिंद-प्रशांत क्षेत्र में द्विपक्षीय नौसैनिक संबंधों और समुद्री सहयोग को बढ़ाने के अवसरों और संभावनाओं पर चर्चा की गई. इस यात्रा के दौरान रियर एडमिरल सुशील मेनन ने समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय विकास पर भारतीय नौसेना के दृष्टिकोण पर अकादमिक समुदाय के साथ अनौपचारिक चर्चा की. पूर्वी बेड़े के जहाजों के कमांडिंग अधिकारियों ने क्रांजी युद्ध स्मारक पर भव्य पुष्पांजलि समारोह में भाग लिया और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की. दोनों नौसेनाओं के बीच व्यावसायिक बातचीत में क्रॉस-डेक दौरे, विषय वस्तु विशेषज्ञों का आदान-प्रदान और मैत्रीपूर्ण खेल गतिविधियां शामिल थीं, जिनका उद्देश्य अंतर-संचालन और आपसी समझ को मजबूत करना था.

### न्यूज अपडेट

### खिलाड़ियों के कल्याण से जुड़ा राष्ट्रीय खेल विधेयक लोकसभा में हुआ पेश

**नयी दिल्ली।** सरकार ने खेल संघों के सुशासन और खिलाड़ियों के कल्याण के उद्देश्य से राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक, 2025 बुधवार को लोकसभा में पेश किया. यह विधेयक खेल विवादों के समाधान, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया और राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था करता है. युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शोर-शराबे के बीच विधेयक को पेश किया. बताया गया कि विधेयक का उद्देश्य खेल संघों को जवाबदेह बनाना, उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रतिनिधित्व देना और खेल विवादों के शीघ्र एवं प्रभावी समाधान के लिए कानूनी ढांचा तैयार करना है.

### बिहार को रेलवे क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास की सौगात मिली है: अश्विनी वैष्णव

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिहार को रेलवे क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास की सौगात मिली है. जहां 11 साल पहले बिहार को रेलवे बजट में मात्र 1,132 करोड़ रूपये की राशि मिलती थी, वहीं अब यह राशि बढ़कर 10,000 करोड़ रूपये हो गई है. यह बिहार के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. रेल मंत्री ने कहा कि कई वर्षों से लंबित प्रोजेक्ट्स को एनडीए सरकार ने पूरा किया है. मुंगेर और पटना में नए ब्रिज बनाए गए हैं और कोसी ब्रिज, जिसे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने मंजूरी दी थी, उसे अब मोदी सरकार ने पूरा किया है. उन्होंने जोर देकर कहा कि बिहार के साथ न्याय केवल एनडीए ही कर सकती है.

### लोकायुक्त की राज्यव्यापी छापेमारी भूमि हस्तांतरण में घपले का आरोप

**बेंगलुरु।** आय से अधिक संपत्ति और भूमि हस्तांतरण में अनियमितताओं के आरोपों के चलते कर्नाटक में बुधवार सुबह लोकायुक्त विभाग ने बड़े पैमाने पर छापेमारी की है. यह कार्रवाई बेंगलुरु, मैसूरु, बल्लारी, कोप्पल सहित कई जिलों में एकसाथ शुरू हुई. बेंगलुरु के आरटी नगर स्थित वरिष्ठ आईएएस अधिकारी वसंती अमर के आवास पर लोकायुक्त अधिकारियों ने छापा मारा. उन पर सरकारी जमीन को अवैध रूप से निजी व्यक्तियों को हस्तांतरित करने का आरोप है. वसंती अमर पूर्व में बेंगलुरु शहर की विशेष उपायुक्त के रूप में कार्यरत थीं. मैसूरु में नगर निगम के उप प्रभागीय अधिकारी वेंकटराम तथा कौशल विकास विभाग के संयुक्त निदेशक मंजुनाथस्वामी के घरों पर भी लोकायुक्त के दल ने छापेमारी की.

### जम्मू के शिव गुफा के पास भूस्खलन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के माहौर के बदोरा क्षेत्र में स्थित प्रतिष्ठित शिव गुफा के पास बीती देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया. भूस्खलन की चपेट में आने से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. यह हादसा उस समय हुआ जब दोनों युवक गुफा स्थल पर एक तंबू में सो रहे थे. अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन पास के एक पहाड़ से अचानक हुआ, जिससे भारी मात्रा में मलबा नीचे गिरा और तंबू को अपनी चपेट में ले लिया. मलबे के दबाव से तंबू पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और अंदर सो रहे दोनों युवक दब गए. मौके पर ही उनकी मौत हो गई. मृतकों की पहचान रशपाल सिंह जिला रियासी और रवि कुमार के रूप में हुई है.

### दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद सहित आसपास क्षेत्रों सुबह हुई तेज बारिश

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और सीमावर्ती दूसरे राज्यों के महानगरों में आज सुबह जमकर बरसात हुई. इससे जगह-जगह पानी भर गया. इस वजह से नौकरीपेशा लोगों को गंतव्य तक समय पर पहुंचने में परेशानी का सामना करना पड़ा. कुछ स्थानों पर बरसात थम गई है. कई जगह बूंदाबांदी हो रही है. दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा के आसमान पर अभी भी बादलों का डेरा है. भारतीय मौसम एवं विज्ञान केंद्र ने बादलों की स्थिति पर उपग्रह से प्राप्त तस्वीर जारी की है. केंद्र ने अधिकांश स्थानों पर आज बरसात होने का पूर्वानुमान जारी किया है. बारिश की वजह से तापमान में कुछ गिरावट जरूर आई पर उसने सुबह समय से स्कूल-कॉलेज और दफ्तर पहुंचने वालों की मुश्किल बढ़ा दी.

### ब्रिटिश गायक ओजी ऑस्बॉर्न का 76 वर्ष की आयु में निधन

**बर्मिंघम।** ब्रिटिश रॉक म्यूजिक में धूम मचाने वाले और हेवी मेटल बैंड ब्लैक सब्बाथ के संस्थापक सदस्य ओजी ऑस्बॉर्न का यहां निधन हो गया. उन्होंने 76 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली. उनके परिवार ने मंगलवार को यह जानकारी दी. परिवार ने मृत्यु के कारणों का खुलासा नहीं किया है. द गार्डियन अखबार ने दिवंगत सिंगर के परिवार के हवाले से खबर में बताया कि ऑस्बॉर्न ने 2020 में खुलासा किया था कि उन्हें पार्किंसंस रोग हो गया था. इस बीमारी के कारण वह चलने-फिरने में असमर्थ हो गए थे. गार्डियन के अनुसार, उन्होंने अपना अंतिम संगीत कार्यक्रम पांच जुलाई, 2025 को बर्मिंघम में एक काले सिंहासन पर बैठकर प्रस्तुत किया.

### पाकिस्तान की दो आतंकवाद-रोधी अदालतों ने कारागारों में सुनाया फैसला

## पीटीआई के प्रमुख नेताओं को 10 वर्ष जेल

**एजेंसी। लाहौर**



पाकिस्तान के लाहौर और सरगोधा की दो अदालतों ने रात करीब साढ़े नौ बजे अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कई नेताओं को 10 वर्ष के जेल की सजा सुनाई. इन सभी के खिलाफ 09 मई 2023 को इमरान की भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तारी के बाद देश में फैली हिंसा के आरोप में दर्ज मामलों पर यह फैसला आया है. डान अखबार की खबर के अनुसार, लाहौर आतंकवाद-रोधी अदालत के जज अरशद जावेद ने कोट लखपत जेल में रात करीब साढ़े नौ बजे शेरपाओ ब्रिज हिंसा मामले में फंसे पीटीआई नेताओं की मौजूदगी में यह फैसला सुनाया. अदालत ने डॉ. यास्मीन राशिद, सीनेटर एजाज चौधरी, पूर्व गवर्नर उमर सरफराज चीमा और पूर्व प्रांतीय मंत्री मियां महमूदुर राशिद को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई. पीटीआई के चार वरिष्ठ नेताओं के अलावा जज ने अफजाल अजीम पहाट, अली हसन, खालिद कयूम और रियाज हुसैन समेत कई आरोपितों को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई. हालांकि, अदालत ने पीटीआई के उपाध्यक्ष और पूर्व विदेशमंत्री शाह महमूद कुरैशी को बरी कर दिया. लाहौर में 09 मई को हुए दंगों से जुड़े किसी भी मामले में यह पहला फैसला है. जज ने कुरैशी सहित छह आरोपितों को बरी कर दिया. बचाव पक्ष के अनुसार कथित हिंसा के दिन उनके मुवक्किल कराची में थे. पीटीआई कार्यकर्ता हमजा अजीम, ऐतजाज रफीक, राणा तनवीर, इफ्तिखार अहमद और जायस खान को भी बरी कर दिया गया.

सुरक्षा कारणों से जेल में चले मुकदमे के दौरान 14 आरोपितों पर अभियोग लगाया गया था. अभियोजन पक्ष ने 28 सितंबर, 2023 को चालान (आरोप-पत्र) पेश किया था. अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि '09 मई की साजिश' 07 मई को इमरान खान के आवास जमान पार्क में रची गई थी. बचाव पक्ष के वकील मलिक ने तर्क दिया कि प्राथमिकी में 400 आरोपितों का उल्लेख है, लेकिन मुकदमा 14 पर ही चलाया जा रहा है. वकील ने यह भी बताया कि 09 मई को किसी भी व्यक्ति के घायल होने का कोई मेडिकल प्रमाण पत्र मौजूद नहीं है. उन्होंने कहा कि अभियोजन पक्ष कथित घटनास्थल पर पीटीआई नेताओं की मौजूदगी साबित करने में विफल रहा. कुरैशी के बारे में उन्होंने कहा कि पूर्व विदेश मंत्री 9 मई, 2023 को कराची में थे. सरवर रोड पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की, जिसमें दावा किया गया कि आरोपियों ने 09 मई के व्यापक हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान शेरपाओ ब्रिज पर भड़काऊ भाषण दिए और दंगे भड़काए. सरगोधा आतंकवाद-रोधी अदालत ने भी कारागार में मूसाखेल पुलिस स्टेशन में दर्ज 09 मई के एक दंगा मामले में पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता अहमद खान भाचर सहित दर्जनों पीटीआई नेताओं को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई. जज नईम शेख ने मौजूदा सांसद अहमद चट्ठा और पूर्व सांसद राणा बिलाल एजाज समेत 32 आरोपितों को दोषी ठहराया. इस मामले में नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब खान समेत 70 से अधिक आरोपितों को भगोड़ा घोषित किया गया था.

मुकदमे की सुनवाई के दौरान एक दर्जन से ज्यादा अभियुक्तों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने से छूट दी गई. 09 मई के मामलों में दोषी ठहराए गए पीटीआई सांसदों को संविधान के अनुच्छेद 63(1)(जी) के तहत स्वतः अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा. सजा पर टिप्पणी करते हुए उमर अयूब खान ने कहा कि सरगोधा अदालत का फैसला गैरकानूनी है. एक्स अकाउंट पर एक बयान में उन्होंने कहा कि अभियोजन पक्ष के गवाहों को पिछले ट्रायल जज ने अविश्वसनीय घोषित किया था. पीटीआई नेताओं को अन्यायपूर्ण तरीके से दोषी ठहराया गया. उन्होंने कहा कि पीटीआई नेता उच्च न्यायालयों में इस सजा को चुनौती देंगे. उन्होंने डॉ. यास्मीन राशिद, मियां मोहम्मद उर रशीद, सीनेटर एजाज चौधरी और पूर्व राज्यपाल उमर चीमा व अन्य को सजा सुनाए जाने की निंदा की. खान ने कहा कि पाकिस्तान में कानून का राज दफन हो चुका है.

### न्यूज अपडेट

### चीन ने अमेरिका के एक सरकारी कर्मचारी को देश छोड़ने से रोका

**वॉशिंगटन।** चीन ने अमेरिका के एक सरकारी कर्मचारी को देश छोड़ने से रोक दिया है, जिसकी पुष्टि अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को की. यह कर्मचारी निजी यात्रा पर चीन गया था, लेकिन अब उसे वहां से निकलने की अनुमति नहीं दी जा रही है. यह घटना अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनाव के बीच सामने आई है. विदेश विभाग ने कर्मचारी की पहचान उजागर नहीं की, लेकिन बताया कि वह अमेरिकी पेटेंट और ट्रेडमार्क कार्यालय से जुड़ा है, जो कि वाणिज्य विभाग के अंतर्गत आता है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, ₹हम इस मामले पर बहुत नजदीकी से निगरानी रखे हुए हैं और जल्द समाधान के लिए चीनी अधिकारियों के साथ बातचीत जारी है. विदेश विभाग ने कहा, अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा और उनकी रिहाई हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. दरअसल, चीन में यदि कोई व्यक्ति किसी जांच या कानूनी विवाद में शामिल होता है, तो उसके देश छोड़ने पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है.

### बांग्लादेश में ट्रक और बस में जोरदार टक्कर, छह लोगों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश के राजशाही विभाग के ग्राणीण क्षेत्र में आज सुबह हुए सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई. फिलहाल एक मृतक की पहचान हो सकी है. कुछ लोग घायल हैं. उन्हें पुलिस ने पास के अस्पताल में भर्ती कराया है. ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर में बोनपारा हाइवे पुलिस थाना प्रभारी इस्माइल हुसैन के हवाले से बताया गया है कि सुबह लगभग 9.30 राजशाही विभाग के ग्रामीण क्षेत्र के नाटोर जिला के बरईग्राम उपजिला में ट्रक और मिनी बस के बीच हुई टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई. यह दुर्घटना बोनपारा-हतीकुमरुल राजमार्ग पर एयरमारी में तारमुज पंप क्षेत्र के सामने हुई. मृतकों में अभी तक केवल बस चालक 32 वर्षीय रुबेल हुसैन की पहचान हो पाई है. वह मेहरपुर के गंगनी उपजिला का रहने वाला है.

### मिस्त्र में मिला 3,500 साल पुराना कब्रिस्तान व 'बुक ऑफ द डेड' स्क्रॉल

**काहिरा।** मिस्त्र के पुरातत्वविदों ने मध्य मिस्त्र के अल-गुरैफा क्षेत्र में 3,500 साल पुराना एक विशाल कब्रिस्तान खोजा है, जिसमें उन्हें कई महत्वपूर्ण पुरावशेष मिले हैं. इस खोज की सबसे खास बात 43 फीट लंबा ₹बुक ऑफ द डेड₹ स्क्रॉल है, जो एक पपीरस पर लिखा गया है और काफी अच्छी स्थिति में सुरक्षित मिला है. यह स्क्रॉल अल-गुरैफा क्षेत्र में पाया गया पहला पूर्ण पपीरस स्क्रॉल है. ₹बुक ऑफ द डेड₹ प्राचीन मिस्त्र की एक धार्मिक पुस्तक है, जिसे मृत्यु के बाद आत्मा को परलोक में मार्गदर्शन देने के लिए प्रयोग किया जाता था. इस स्क्रॉल की खोज से यह स्पष्ट होता है कि प्राचीन मिस्त्रवासी मृत्यु और दफन विधियों के बारे में जानकारी रखते थे. मृतकों के अंगों को रखने के लिए कैनोपिक जार, ताबीज और ममियों के साथ इस स्क्रॉल को भी कब्र में रखा गया था.

### नेपाली कांग्रेस के महासचिव प्रकाश ने दी समर्थन वापसी की चेतावनी

**काठमांडू।** नेपाली कांग्रेस के महासचिव विश्व प्रकाश शर्मा ने चेतावनी दी है कि यदि नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) सिविल सेवा विधेयक में ₹कूलिंग-ऑफ पीरियड₹ प्रावधान के संबंध में राज्य मामलों और सुशासन समिति की सिफारिश के खिलाफ जाती है तो वह सरकार को जारी समर्थन वापस ले सकती है. नेपाली कांग्रेस द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शर्मा ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों के अवकाश के तुरंत बाद राजनीतिक नियुक्ति के प्रावधान का नेपाली कांग्रेस कभी समर्थन नहीं करेगी. उन्होंने जोर देकर कहा कि जिन लोगों ने कूलिंग-ऑफ अवधि के संबंध में गलत काम किया है, उन्हें दंडित किया जाएगा. इसे दो साल से बढ़ाकर ढाई साल किया जा सकता है, लेकिन इसे हटाया नहीं जाएगा.

## पाक में मानसून का कहर, नदी-नाले उफान पर, 234 लोगों की हुई मौत

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



पाकिस्तान मानसून से त्राहिमाम-त्राहिमाम है. बरसात, बाढ़ और भूस्खलन से रास्ते बंद हो गए हैं. बादलों के फटने से बड़ी तबाही हुई है. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के ताजा आंकड़े हृदयविदारक हैं. इन आंकड़ों में 26 जून से अब तक कम से कम 234 लोगों की मौत होने की जानकारी दी गई है. कहा गया है कि 596 लोग घायल हुए हैं और 826 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं. राहत, बचाव और खोज अभियान में सेना को शामिल किया गया है. द एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की खबर में एनडीएमए के ताजा आंकड़े साझा किए गए हैं. कहा गया है कि अब तक 203 पशुओं की मौत हो चुकी है. बड़े पैमाने पर परिवार विस्थापित हुए हैं. मुल्क में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा प्रभावित हुआ. राहत, बचाव और खोज अभियान के तहत 450 लोगों को बचाया गया है. प्रभावित लोगों की सहायता के लिए 27 राहत और चिकित्सा शिविर स्थापित किए गए हैं. प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि खतरा अभी टला नहीं है. उत्तरी और पहाड़ी क्षेत्रों में कभी भी बारिश शुरू हो सकती है. गिलगित-बाल्तिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में स्थिति गंभीर है. डायमर के उपायुक्त अत्ता-उर-रहमान के अनुसार, सोमवार को बादल फटने से बाबूसर में चार पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी सहित कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई. एक दर्जन से अधिक लोग लापता हैं. बचाव और खोज अभियान जारी है. बाबूसर रोड का सात-आठ किलोमीटर का हिस्सा ध्वस्त हो गया है. 200 से अधिक फंसे हुए पर्यटकों को बचाकर चिलास लाया गया. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने कहा कि हताहतों की संख्या का ब्यौरा देश भर में बारिश से जुड़ी घटनाओं से हुई तबाही की एक भयावह तस्वीर पेश करता है. इसमें बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं. मानसून के कहर से पंजाब सबसे ज्यादा प्रभावित प्रांत है.

## आईडीईएस के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से बुधवार को भारतीय रक्षा संपदा सेवा (आईडीईएस), मिलिट्री इंजीनियर सर्विसेज (एमईएस) और केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा (सीडब्ल्यूईएस) के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचार भेंट की. इस अवसर पर राष्ट्रपति ने तीनों सेवाओं के अधिकारियों को संबोधित किया और राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित किया. राष्ट्रपति ने आईडीईएस अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के तकनीकी युग में डिजिटल समाधानों का समावेश आवश्यक हो गया है. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन आधारित भूमि सर्वेक्षण, सैटेलाइट इमेजरी और ब्लॉकचेन तकनीक अब भविष्य की नहीं, बल्कि वर्तमान की वास्तविकताएं बन गयी हैं. राष्ट्रपति ने उनसे आग्रह किया कि वे हरित बुनियादी ढांचा विकास को अपनाएं, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करें, जल संरक्षण सुनिश्चित करें और अपव्यय को कम करें. मिलिट्री इंजीनियर सर्विसेज के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सैन्य निर्माण के क्षेत्र में युवा एमईएस अधिकारी केवल निर्माणकर्ता नहीं, बल्कि उत्तरदायी निर्माता भी हैं. उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र के निर्माण कार्यों में सतत विकास को सुनिश्चित करना समय की मांग है. राष्ट्रपति ने 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' के तहत स्वदेशी तकनीकों और सामग्री को प्रोत्साहित करने के लिए एमईएस की सराहना की. केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जल संसाधनों का सतत विकास और प्रबंधन जल सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, विशेषकर जलवायु परिवर्तन की पृष्ठभूमि में. उन्होंने कहा कि स्वच्छ जल की उपलब्धता और जल संरक्षण न केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाएंगे, बल्कि कृषि उत्पादकता भी बढ़ाएंगे और प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित करेंगे.

### बांग्लादेश : घायलों के इलाज के लिए भारत भेजेगा बर्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम

## भारत ने बढ़ाया मदद का हाथ, मिलेगी राहत

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



बांग्लादेश में हुए एक भीषण सैन्य विमान हादसे में घायल लोगों की मदद के लिए भारत ने मानवीय कदम उठाते हुए जलन (बर्न) विशेषज्ञ डॉक्टरों और नर्सों की एक टीम ढाका भेजने का निर्णय लिया है. यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब बांग्लादेश की राजधानी ढाका में हुए इस दुर्घटना में अब तक 31 लोगों की मृत्यु हो चुकी है, जिनमें से अधिकांश स्कूली बच्चे बताए जा रहे हैं. हादसे के बाद 165 से अधिक लोग घायल हैं, जिनका इलाज ढाका के विभिन्न अस्पतालों में जारी है. यह दर्दनाक हादसा 21 जुलाई को हुआ, जब बांग्लादेश वायुसेना का एक चीन निर्मित एफ-7 बीजीआई ट्रेनर फाइटर जेट उड़ान भरने के तुरंत बाद तकनीकी खराबी के चलते नियंत्रण खो बैठा और माइलस्टोन स्कूल एंड कॉलेज की इमारत से टकरा गया. टक्कर के बाद विमान में भयंकर विस्फोट हुआ, जिससे स्कूल में आग लग गई और बड़ी संख्या में बच्चे इसकी चपेट में आ गए.

भारत सरकार ने इस दुर्घटना को अत्यंत दुखद और मानवीय संकट मानते हुए त्वरित सहायता की पेशकश की है. विदेश मंत्रालय की ओर से मंगलवार देर रात जारी एक बयान में कहा गया कि जलन विशेषज्ञ चिकित्सकों और प्रशिक्षित नर्सों की एक टीम आवश्यक चिकित्सा सहायता के साथ जल्द ही ढाका भेजी जाएगी. यह टीम विशेष रूप से दिल्ली के प्रतिष्ठित राममनोहर लोहिया और सफदरजंग अस्पतालों से चुनी गई है, जो बर्न मामलों में विशेषज्ञता रखते हैं. इस मेडिकल टीम का उद्देश्य ढाका के अस्पतालों में भर्ती पीड़ितों की स्थिति का आकलन करना, मौके पर प्राथमिक इलाज देना और जरूरत के अनुसार उन्हें भारत लाकर विशेष इलाज की सिफारिश करना है. भारत की इस त्वरित मानवीय सहायता को क्षेत्रीय सहयोग की मिसाल के रूप में देखा जा रहा है.

इस बीच, हादसे के बाद बांग्लादेश में लोगों में गुस्सा व्याप्त है. प्रमुख समाचार पत्र प्रोथोम आलो की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को बड़ी संख्या में लोगों ने राजधानी में प्रदर्शन करते हुए मृतकों की सही जानकारी सार्वजनिक करने और पुराने व असुरक्षित ट्रेनर जेट को तत्काल सेवा से हटाने की मांग की. स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि जब अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार घटनास्थल का दौरा करने पहुंचे, तो नाराज भीड़ ने उनका घेराव कर लिया.

## एयरलाइंस में हुए भ्रष्टाचार की जांच नए सिरे से कराने का फैसला

**एजेंसी। कोलंबो**



श्रीलंका की सरकारी 'एयरलाइंस लिमिटेड और एयरपोर्ट एंड एविएशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड' में हुए भ्रष्टाचार की परतें जल्द खुल सकती हैं. राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने नए सिरे जांच कराने का फैसला लिया है. उन्होंने कहा कि जांच से दूध का दूध और पानी का पानी साफ हो जाएगा. जांच के दायरे में 2010 से 2025 के बीच हुए सौदों को भी शामिल किया गया है. डेली मिरर अखबार की खबर के अनुसार, श्रीलंका की सरकार ने सरकारी एयरलाइंस में हुई धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनियमितताओं के गंभीर आरोपों की जांच के लिए विशेष राष्ट्रपति जांच समिति गठित की है. इस समिति ने बीते कल राष्ट्रपति सचिवालय में बैठक के दौरान दिसानायके से मुलाकात की. राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि लंबे समय से चल रहे कुप्रबंधन और उचित जांच के अभाव ने दोनों संस्थानों ने विश्वसनीयता खो दी है. प्रभावी अंकुश न होने के कारण बेधड़क गोलमाल होता रहा. उन्होंने समिति से कहा कि तत्काल जांच करकर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए. इस रिपोर्ट में कदाचार रोकने के उपाय भी शामिल किए जाएं. इस समिति में राष्ट्रपति के अतिरिक्त सचिव केएनएम कुमारसिंघे को सचिव और संयोजक नियुक्त किया गया है.

स्वायत्ताधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक सुरजीत सिंह द्वारा फ्लैट नंबर 48, श्रीवाटिका अपार्टमेंट, चेशायर होम रोड, रेजीमेंटल गेट नंबर 1 के सामने, पोस्ट कोकर, पीएस सदर, रांची - 834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : सुरजीत सिंह. स्थानीय संपादक : संजय सिंह*** फोन नंबर 0651-2961734. (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.**)